✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 344 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 14 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पूर्व उप मुख्यमंत्री पद्मभूषण स्व. सुशील कुमार मोदी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज दरभंगा में

**दरभंगा (नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आज यानी गुरुवार को दरभंगा आएंगे। दरभंगा सांसद गोपाल जी ठाकुर ने जानकारी दी है कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज दरभंगा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री का आगमन दरभंगा एयरपोर्ट पर होगा जहां वे कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर दरभंगा एयरपोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### दो दिनों से लापता चचेरी बहनों का शव बरामद

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में दो मासूम बच्चियों की हत्या से सनसनी फैल गई है। रामपुर हरि थाना क्षेत्र के मकसूदपुर गांव से दो दिन पहले लापता हुई चचेरी बहनों के शव बुधवार सुबह ईंट-भट्ठे के पास बरामद किए गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। मृत बच्चियों की पहचान 12 वर्षीय मौसम कुमारी, पिता राजेश राय और 7 वर्षीय रूचि कुमारी, पिता वीरचंद राय के रूप में हुई है। दोनों बच्चियां आपस में चचेरी बहन थीं।

### राजस्व कर्मियों का होगा तबादला

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में राजस्व कर्मियों के तबादला की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने बुधवार को राजस्व कर्मचारियों के पदस्थापन एवं स्थानांतरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने राजस्व कर्मचारियों के ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदस्थापन के लिए विभागीय पोर्टल को चालू कर दिया है। यह पोर्टल 31 मई तक सक्रिय रहेगा जिसके माध्यम से कर्मचारी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

### हड़ताली पंचायत सचिवों को वेतन में कटौती की चेतावनी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में बीते एक महीने से अधिक समय से हड़ताल कर रहे पंचायत सचिवों से राज्य सरकार ने काम पर लौटने की अपील की है। साथ ही उन्हें चेतावनी दी गई है कि अगर वे हड़ताल खत्म नहीं करेंगे, तो नो वर्क नो पे के आधार पर उनका वेतन स्थगित (सैलरी कट) कर दिया जाएगा। पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने बुधवार को हड़ताली पंचायत सचिवों से तुरंत कार्य पर वापस लौटने को कहा। उनसे बिना शर्त हड़ताल खत्म करने की अपील की गई है।

### सम्राट चौधरी कैबिनेट की बैठक में 18 एजेंडों पर लगी मुहर

# कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा, इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर महिलाओं की मदद करेगी सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में कुल 18 एजेंडों पर मुहर लगी। बिहार सरकार राज्य कर्मियों और पेंशनरों को सम्राट सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। सम्राट चौधरी सरकार ने कर्मचारियों 2% महंगाई भत्ता बढ़ा दिया है। अब 58% से बढ़कर 60% महंगाई भत्ता हो गया है। सप्तम केंद्रीय पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे राज्य सरकार के सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों को 1 जनवरी 2026 के प्रभाव से 60% महंगाई भत्ता मिलेगा। वहीं छठा केंद्रीय वेतनमान में वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे राज्य सरकार के



सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों को 1 जनवरी 2026 के प्रभाव से अब 257 प्रतिशत के स्थान पर 262% महंगाई भत्ता मिलेगा। पांचवा केंद्रीय वेतनमान में वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे राज्य सरकार के सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों को 1 जनवरी 2026 के प्रभाव से 474% के स्थान पर 483 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। वहीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य सरकार द्वारा 64141 करोड़ 28 लाख 20 हजार रुपए बाजार ऋण सहित कुल 72901 करोड़ 30 लाख 97 हजार ऋण वसूली की स्वीकृति मिली है। कैबिनेट बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वैशाली जिला अंतर्गत 100 एकड़ भूमि पर राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान निफटेम की स्थापना होगी। इसके लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार को निशुल्क (शेष पृष्ठ 10 पर)

### पांच जिलों में ग्रामीण एसपी के पदों को मंजूरी

बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर पांच जिलों में ग्रामीण एसपी के पदों को मंजूरी दी गई है। पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, वैशाली, मधुबनी और सीवान में ग्रामीण एसपी तैनात होंगे। कैबिनेट ने पांच नए पदों का सृजन किया है। इन जिलों को अपराध और दंगे के लिए अत्यंत संवेदनशील मानते हुए नए पदों का सृजन किया गया है।

# एक लाख रुपए घूस लेते एएसएचओ गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिले में जानीपुर थाना के एडिशनल एसएचओ संजय सिंह को निगारानी ने एक लाख रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया है। बुधवार को निगरानी की टीम ने जानपुर थाना क्षेत्र के गाजाचक प्लॉट से उनको रंगे हाथों पकड़ा है। बताया गया कि जमीन संबंधित विवाद के निपटारे के लिए रिश्वत मांगी गई थी। पीड़ित कौशल किशोर ने बताया कि उनसे जमीन संबंधित विवाद के निपटारे के लिए पांच लाख की डिमांड की थी। दो लाख पर बात फाइनल हुई थी। बुधवार को एडिशनल एसएचओ संजय सिंह पीड़ित के गाजाचक मोहम्मदपुर पंचायत कोरियावां प्लाट पर सर्वे के लिए पहुंचे थे। वहीं पर पीड़ित ने उन्हें एक लाख दिए। पीड़ित की ओर से दो रोज पहले ही इसकी शिकायत निगरानी में कर दी गई थी। जैसे ही संजय सिंह रुपए लिए निगरानी की टीम ने उन्हें रुपए लेते पकड़ लिया। डीएसपी अरुणोदय पांडे ने बताया कि पीड़ित ने दो रोज पहले इनके खिलाफ शिकायत की गई थी। इसकी जांच की गई। प्रथम दृष्टया मामला सही पाया गया। इसके बाद आज धावा दल का गठन किया गया। जमीन पर खूंटा लगवाने के लिए संजय सिंह पहुंचे थे। पीड़ित से इस काम के बदले रुपए ले रहे थे। इसी बीच पकड़े गए हैं।

# 48 घंटे में चार सिर कटे शव बरामद होने से सनसनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में 48 घंटे के भीतर एक बार फिर दो सिर कटी लाशें और शरीर के अलग-अलग हिस्से बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं ने पुलिस प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। अब तक चार अज्ञात शवों के हिस्से बरामद किए जा चुके हैं लेकिन किसी की पहचान नहीं हो सकी है। मंगलवार देर रात रामगढ़ थाना क्षेत्र के अभैदे गांव के समीप बोरे में शव और शरीर के कटे हुए हिस्से मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना पर कैमूर एसपी हरिमोहन शुक्ला, मोहनिया एसडीपीओ प्रदीप कुमार समेत लगभग आधा दर्जन थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। एफएसएल और डीआईयू की टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में लगी रही। बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों में रामगढ़ थाना क्षेत्र से अब तक चार सिर कटी लाशें और शरीर के कई हिस्से बरामद किए जा चुके हैं। एसडीपीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि 10 मई को रामगढ़ थाना क्षेत्र की दुर्गावती नदी से दो अज्ञात शवों के कुछ हिस्से बरामद हुए थे। वहीं अभैदे गांव के पास कर्मनाशा नदी के किनारे भी शरीर के कुछ हिस्से मिले हैं। प्रथम दृष्टया पुलिस इन सभी मामलों को आपस में जुड़े हुए मानकर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि अब तक पूरी बॉडी कहीं से बरामद नहीं हुई है।

# केन्द्र सरकार ने धान समेत 14 खरीफ फसलों की बढ़ाई एमएसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट बैठक में बुधवार को आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सरकार ने वर्ष 2026-27 के विपणन सत्र के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है ताकि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। सरकार ने बुधवार को 2026-27 के खरीफ मार्केटिंग सीजन के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 72 रुपये बढ़ाकर 2,441 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि सूरजमुखी के बीज (622 प्रति क्विंटल) के लिए, उसके बाद कपास (557 प्रति क्विंटल), नाइजरसीड (515 प्रति



क्विंटल) और तिल (500 प्रति क्विंटल) के लिए अनुशंसित की गई है।

### भारत में अगले 200 वर्षों के लिए कोयला भंडार मौजूद

उन्होंने कहा कि भारत में कोयले का प्रचुर भंडार है। अगले 200 वर्षों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत के पास पर्याप्त कोयला है। तो क्या हम उस कोयले का उपयोग करके गैस का उत्पादन कर सकते हैं? इस दिशा में अच्छा प्रयास किया जा रहा था और आज एक निर्णय लिया गया है-कोयला गैसीकरण योजना। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 37,500 करोड़ रुपये से कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने की एक योजना को भी मंजूरी दी गई है।

### 20,667 करोड़ की सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना को मंजूरी

श्री वैष्णव ने बताया कि रेल मंत्रालय की लगभग 20,667 करोड़ रुपये की लागत वाली अहमदाबाद (सरखेज)-धोलेरा अर्ध-उच्च गति दोहरी लाइन परियोजना को भी मंजूरी दी गई है। भारत की पहली सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना के रूप में यह परियोजना एक अग्रणी परियोजना के रूप में काम करेगी और देश भर में सेमी हाई-स्पीड रेल के चरणबद्ध विस्तार के लिए एक संदर्भ मॉडल के रूप में कार्य करेगी। यह स्वदेशी रूप से विकसित तकनीक से निर्मित भारतीय रेलवे की पहली अर्ध-उच्च गति परियोजना होगी। इस परियोजना खंड से अहमदाबाद, धोलेरा एसआईआर, आगामी धोलेरा हवाई अड्डे और लोथल राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर (एनएचएमसी) के बीच बेहतर संपर्क स्थापित होगा। अहमदाबाद को धोलेरा से जोड़ने से यात्रियों का यात्रा समय कम होगा जिससे दैनिक आवागमन आरामदायक होगा और एक ही दिन में वापसी यात्रा संभव हो सकेगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत निजी भागीदार को शामिल करते हुए दीर्घकालिक लाइसेंस के जरिए नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उन्नयन और आधुनिकीकरण को मंजूरी दे दी है।

# सरकार के कार्यों की जानकारी लोगों तक त्वरित पहुंचाएं : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग की समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने विभाग के कार्यों की अद्यतन स्थिति तथा भावी कार्ययोजना की जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार का गौरवशाली अतीत रहा है। बिहार तेजी से तरक्की कर रहा है। यहां कई महत्वपूर्ण चीजों का निर्माण कराया गया है। इनफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के साथ-साथ बेहतर कानून व्यवस्था एवं लोगों की बुनियादी सुविधाओं पर काफी काम किया गया है। राज्य में छोटे-छोटे उद्योग भी लगाये गये हैं। इसका लाभ लोगों को मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि सरकार के कार्यों और क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी लोगों तक ठीक ढंग से और त्वरित पहुंचना चाहिये। लोगों का फीडबैक, सुझाव और शिकायतों पर भी हमलोगों की नजर रहनी चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की खासियत, यहां की उपलब्धियां, नये-नये बदलाव, हेरिटेज आदि के बारे में राज्य और राज्य के बाहर के लोगों को सुगमतापूर्वक जानकारी मिले, इसके लिये समुचित व्यवस्था की जाय। साथ ही जिलों के महत्वपूर्ण स्थलों, उसकी खासियत तथा महत्वपूर्ण आधारभूत संरचनाओं आदि की जानकारी लोगों तक जिलावार उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महत्व बढ़ गया है। इसकी (शेष पृष्ठ 10 पर)

# 1 जुलाई से लागू होगा विकसित भारत जी राम जी अधिनियम

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** आगामी 1 जुलाई 2026 से बिहार समेत देश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत- जी राम जी अधिनियम-2025 लागू किया जा रहा है। इस आशय की अधिसूचना केंद्र सरकार द्वारा जारी कर दी गई है। विकसित भारत- जी राम जी अधिनियम वर्तमान में प्रभावी मनरेगा अधिनियम का स्थान लेगा। वीबी जी राम जी अधिनियम के अंतर्गत आजीविका सुरक्षा, स्थायी परिसंपत्ति निर्माण, प्रौद्योगिकी सक्षम प्रशासन, अभिसरण आधारित योजना एवं जलवायु अनुकूलता पर विशेष जोर दिया गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत अकुशल श्रम कार्य के इच्छुक ग्रामीण परिवारों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों की रोजगार की गारंटी दी जाएगी। इस बढ़ी हुई गारंटी का उद्देश्य ग्रामीण विकास की तीव्र गति को समर्थन देना, अधिक आय सुरक्षा प्रदान करना एवं विस्तारित रोजगार अवसरों के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाना है।

# घर में सो रहे किसान की गोली मारकर हत्या

**पूर्णिया (नबिटा ब्यूरो)।** भवानीपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर पंचायत स्थित पंडित बासा गांव में मंगलवार देर रातघर में सो रहे एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया जबकि चीख-पुकार से पूरा गांव गमगीन हो उठा। सूचना मिलते ही एसडीपीओ, थानाध्यक्ष और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया। मृतक की पहचान ईश्वर मंडल के 55 वर्षीय पुत्र लूरी मंडल के रूप में हुई है।

# वज्रपात से तीन लोगों की मौत

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में वज्रपात ने एक बार फिर कहर बरपाया है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई घटनाओं में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। अचानक हुई इन घटनाओं के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नेया गांव की है जहां 59 वर्षीय छोटे रविदास बकरी चरा कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक वज्रपात की चपेट में आ गए। परिजन उन्हें आनन-फानन में सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना नेमदारगंज थाना क्षेत्र के शकरपुर गांव में हुई। यहां 63 वर्षीय नरेश सिंह पशु चरा रहे थे तभी तेज वज्रपात हुआ और वे इसकी चपेट में आ गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं तीसरी घटना नरहट थाना क्षेत्र के बिहारी बीघा गांव की है जहां 45 वर्षीय गिरजा देवी (पत्नी मुन्नी यादव) अपनी भैंस लाने रेलवे लाइन की ओर गई थीं। इसी दौरान अचानक ठनका गिरने से उनकी मौत हो गई। घटना के बाद तीनों गांवों में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। तीनों ही घटनाएं खुले में पशु चरा रहे शख्स के साथ हुई हैं।

बिहार सरकार

श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग

बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड

प्रिय निर्माण श्रमिक बंधु, बोर्ड के पोर्टल https://bocwboard.bihar.gov.in पर निबंधन कराकर बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठायें।

बोर्ड के नये पोर्टल की विशेषताएं :

1. निबंधन, नवीकरण एवं योजना आवेदन सृजन हेतु आधार आधारित Biometric Authentication की सुविधा।
2. निबंधन के समय आधार आधारित Biometric Authentication के माध्यम से पारिवारिक सदस्य का नाम जोड़ने की सुविधा।
3. आधार से जुड़े बैंक खाता में भुगतान की सुविधा।
4. ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा।
5. SMS के माध्यम से निबंधन एवं योजना की स्थिति की जानकारी की सुविधा।

निबंधन हेतु आवश्यक दस्तावेज :

1. आधार कार्ड की छायाप्रति
2. पासपोर्ट साईज फोटो
3. मोबाईल नम्बर
4. स्व-घोषणा पत्र
5. परिवार के सदस्य का आधार कार्ड



निर्माण श्रमिक कौन :

वैसे श्रमिक जो निर्माण कार्य में संलग्न हैं, जैसे- राज मिस्त्री, टाईल्स मिस्त्री, पेंटर, रेजा, राज मिस्त्री का हेल्पर, बढ़ई, लोहार, बिजली मिस्त्री, प्लम्बर, सेंन्ट्रींग मिस्त्री, वेल्डर, कंक्रीट मिक्सर, ईंट निर्माण मजदूर, रोलर चालक, मनरेगा श्रमिक (बागवानी एवं वानिकी छोड़कर) इत्यादि।

प्रमुख योजनाएं :

1. मातृत्व लाभ योजना
2. पितृत्व लाभ
3. नकद पुरस्कार
4. शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता
5. विवाह के लिए वित्तीय सहायता
6. दाह संस्कार योजना
7. औजार क्रय योजना
8. पेंशन
9. विकलांगता पेंशन
10. मृत्यु लाभ योजना इत्यादि

नोट: किसी तरह के शिकायत अथवा जानकारी के लिए संबंधित प्रखंड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अथवा जिला के श्रम अधीक्षक कार्यालय अथवा बोर्ड के ई मेल आईडी : bocw.bihar@gov.in पर संपर्क करें।

PR No.- 003099 (LRD)D. 2026-27

राज्य कल्याण बोर्ड, निर्माण श्रमिकों के हितों के लिए सदैव तत्पर है।

C M Y K

# डीआईजी ने एसडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण

## थानेदारों को चेताया- लापरवाही पर सीधा निलंबन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डा. सत्य प्रकाश ने बुधवार को डिहरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। करीब दो घंटे तक चले निरीक्षण में उन्होंने अपराध नियंत्रण, लंबित कंडों के निष्पादन और पुलिसिंग व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। डीआईजी ने सबसे पहले लंबित व गंभीर अपराध कंडों की थानावार समीक्षा की। कई मामलों में अनुसंधान की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी जताई। थानाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पुराने मामलों का 15 दिन में निष्पादन करें। लापरवाह अनुसंधानकर्ताओं पर कार्रवाई की अनुशंसा भेजने को कहा। निरीक्षण के दौरान डीआईजी



ने थाना क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों व कर्मियों का बीट निर्धारण, पैदल व बाइक गश्ती रोस्टर की जांच की। उन्होंने कहा कि हर बीट अधिकारी अपने क्षेत्र के आपराधिक व असामाजिक तत्वों की सूची तैयार करे। शाम 6 से रात 10 बजे तक बाजार व भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्ती अनिवार्य रूप से कराएं। डीआईजी ने शहर में बढ़ते अपराध पर होटलों, लॉज और किराए के मकानों में रहने वाले लोगों का नियमित सत्यापन कराने का निर्देश दिया। साथ ही शराब के धंधेबाजों पर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करने को कहा। डीआईजी ने थानाध्यक्षों को दो टूक कहा कि एफआईआर दर्ज न करना, अपराध की धाराओं को कम करना, वरीय पदाधिकारियों को सूचना न देना, अवैध वसूली और शिकायतों में निष्पक्षता का अभाव बर्दाश्त नहीं होगा। यदि ऐसा कोई मामला मेरे संज्ञान में आता है और थानाध्यक्ष की जानबूझकर भूमिका प्रथम दृष्टया स्थापित होती है तो स्वतः कार्रवाई के तहत संबंधित पदाधिकारी को एसपी द्वारा तत्काल निलंबित किया जाएगा। इसके बाद विभागीय कार्यवाही होगी, जिसमें किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा। डीआईजी ने एसडीपीओ को हर सप्ताह थानों का औचक निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का भी निर्देश दिया। मौके पर एसपी रौशन कुमार,एसडीपीओ अतुलेश झा सहित अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष मौजूद थे।

## स्टेशन पर चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, सोना-चांदी के जेवर बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन ने यात्रियों का सामान चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से सोना-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरपीएफ पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के प्रभारी निरीक्षक रामविलास राम के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार, प्रधान आरक्षी जयशंकर कुमार एवं प्रधान आरक्षी विनोद कुमार सिंह रेलवे स्टेशन परिसर में गश्त, चेकिंग तथा आपराधिक



गतिविधियों की निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या-03 के पश्चिमी छोर स्थित यात्री शेड में दो संदिग्ध व्यक्तियों को यात्रियों के चोरी किए गए सामान के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम चंद्रभान सिंह खरवार (उम्र करीब 30 वर्ष) एवं बीस कुमार (उम्र करीब 25 वर्ष) बताया। दोनों आरोपी ग्राम गजबोर बीघा, थाना बारुण, जिला औरंगाबाद (बिहार) के निवासी हैं तथा इनके पिता का नाम किरानी खरवार बताया गया है। तलाशी के दौरान दोनों के पास से 239.5 ग्राम चांदी एवं 0.29 मिलीग्राम सोना के विभिन्न प्रकार के जेवरात बरामद किए गए जिसकी अनुमानित कीमत करीब 22 हजार रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ट्रेन में यात्रियों के सामान की चोरी की थी। आरपीएफ द्वारा मौके पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों एवं बरामद जेवरात को अग्रिम कार्रवाई के लिए राजकीय रेल थाना डेहरी ऑन सोन को सुपुर्द कर दिया गया।

## एसडीम की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** अनुमंडल कार्यालय बिक्रमगंज में शनिवार 11 अप्रैल 2026 को अवैध मिट्टी खनन पर रोक लगाने को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में जेसीबी मालिकों, संचालकों और भूमि सुधार उप समाहर्ता समेत सभी संबंधित अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में बताया गया कि अवैध खनन को लेकर जिला स्तर पर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इस पर सख्ती बरतते हुए प्रशासन ने मिट्टी खनन के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि साधारण मिट्टी की खनन गहराई सतह से 2 मीटर से अधिक नहीं होगी। साथ ही खनन कार्य ग्राउंड वाटर लेवल से कम से कम 2 मीटर ऊपर ही किया जा सकेगा। नए निर्देशों के मुताबिक प्रस्तावित उत्खनन की गहराई खेत के मेड़ की चौड़ाई के आधे से कम रखनी होगी। ईंट, पथ और तटबंध निर्माण के लिए मिट्टी खनन में विस्फोटक का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। खनन के दौरान जल निकासी के प्राकृतिक रास्ते बंद नहीं किए जाएंगे। खोदे गए गड्ढों के चारों ओर समुचित घेराबंदी करनी होगी ताकि दुर्घटनाएं न हों। प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया कि खनन स्थल से किसी अस्थायी संरचना की दूरी कम से कम 15 मीटर हो। राष्ट्रीय पार्क और अभयारण्य की सीमा से 1 किमी के अंदर उत्खनन की अनुमति नहीं मिलेगी। खनन योजना में बेंच बनाकर ही कार्य होगा जिसकी ऊंचाई 1.5 मीटर और चौड़ाई 3 मीटर से कम नहीं होगी। टॉप सॉयल को अलग एकत्र कर काम खत्म होने पर उसी क्षेत्र में फैलाना अनिवार्य होगा।

# 21 व 22 मई को शेरशाह सूरी महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम में 21 एवं 22 मई को शेरशाह सूरी महोत्सव का आयोजन होगा। महोत्सव के अंतर्गत भव्य मुशायरा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिला पदाधिकारी रोहतास के निर्देश पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा सर्वसम्मति से ख्यातिप्राप्त शायरों, कवियों एवं वक्ताओं का चयन किया गया है जो महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देंगे। मुशायरा में शायर जलील खैराबादी (कानपुर), अहमद आजमी (आजमगढ़), तनुज नाज (फतेहपुर), चकाचौंध ज्ञानपुरी (ज्ञानपुर), पूनम श्रीवास्तव (मिर्जापुर), निजाम बनारसी (वाराणसी) सहित स्थानीय साहित्यकार डॉ. गुरु चरण सिंह, शायर मतीन सासारामी, कवि सरोज कुमार पंकज एवं आलम परवेज शामिल हैं। इनकी प्रस्तुतियां कार्यक्रम को साहित्यिक ऊंचाई प्रदान करेंगी तथा श्रोताओं को गंगा-जमुनी तहजीब की झलक देखने को मिलेगी। वहीं विचार गोष्ठी में इतिहासकार, शिक्षाविद एवं शोधकर्ता शेरशाह सूरी के जीवन, प्रशासन, न्याय व्यवस्था, पुरातात्विक महत्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर अपने विचार रखेंगे। गोष्ठी में अली हुसैन इद्रीसी 'शेरशाह सूरी की न्याय व्यवस्था', जी0एम0 अंसारी 'शेरशाह सूरी की पुरातात्विक दृष्टि', डॉ. जावेद अख्तर 'शेरशाह सूरी की भू-राजस्व प्रणाली', डॉ. अरुण कुमार 'राष्ट्र निर्माता के रूप में शेरशाह सूरी', डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय (पूर्व विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, रांची विश्वविद्यालय) 'विकास का पथिक–शेरशाह सूरी', डॉ. ए.के. आलमी 'प्रशासनिक व्यवस्था' तथा डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद सिंह (पूर्व विभागाध्यक्ष इतिहास श्रीशंकर कॉलेज सासाराम) 'साधारण जागीरदार से दिल्ली के सुल्तान तक का सफर' विषय पर व्याख्यान देंगे। जिला पदाधिकारी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य शेरशाह सूरी की ऐतिहासिक विरासत, प्रशासनिक कुशलता, सांस्कृतिक योगदान एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। महोत्सव के माध्यम से स्थानीय कला, संस्कृति, साहित्य और इतिहास को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं को अपनी विरासत से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा।

# शराब माफिया पर कार्रवाई, शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अवैध शराब कारोबार के खिलाफ रोहतास पुलिस ने मंगलवार-बुधवार को दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई की। कुल 31 लीटर शराब बरामद हुई और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। दिनारा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर करीब 9 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि दिनारा निवासी धनजी सिंह के घर की तलाशी में शराब मिली। मौके से धनजी सिंह और बराढ़ी कला निवासी गुड्डू सिंह को गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं सूर्यपुरा थाना पुलिस ने मंगलवार को बलिहार महादलित बस्ती में छापेमारी की। पुलिस ने 22 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की जबकि कारोबारी फरार हो गया। कार्रवाई में शराब बनाने के लिए रखा करीब दो हजार लीटर महुआ पास भी मिला जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने बताया कि फरार कारोबारी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब का कारोबार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। लगातार अभियान चलाकर संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस दोहरी कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप है।

## मांगी मजदूरी तो मिली मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** बिहार के गयाजी जिले में मजदूरी मांगने पर एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि चाकंद थाना क्षेत्र के पीरबिगहा में बकाया मजदूरी मांगने पर गुस्साए मुन्ना शाह ठीकेदार ने युवक इरफान शाह (30) की गमले और लाठी डंडे से मारकर हत्या कर दी। वारदात मंगलवार रात की है। चाकंद थाने के पीरबिगहा निवासी मृतक इरफान शाह के परिजनों ने मुन्ना शाह सहित अन्य परिजनों पर नामजद एफआइआर किया है। वहीं डीएसपी रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि हत्या के आरोपी के सभी अभियुक्त घर छोड़कर फरार हैं। डीएसपी ने बताया कि 20 दिन का मजदूरी के पैसे उसके बकाए थे। मंगलवार को इरफान शाह रुपये मांगने गया था, लेकिन इसी दौरान विवाद बढ़ने पर लाठी डंडे से हमला कर दिया जिसकी वजह से वह बेहोश होकर गिर गया। उसे मगध मेडिकल लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## 12वीं परीक्षा परिणाम में आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर डिहरी का शानदार प्रदर्शन, छात्रों ने लहराया सफलता का परचम











**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सीबीएसइ द्वारा घोषित इंटरमीडिएट (कक्षा 12वीं) परीक्षा परिणाम 2025-26 में आरएसके पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। विद्यालय के प्रमुख सफल विद्यार्थियों में साहिल राज गुप्ता ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं मुनीबा सिद्दीकी ने 90 प्रतिशत, प्रशांत कुमार पाल ने 86.4 प्रतिशत, रिया कुमारी ने 86.4 प्रतिशत, अंशु कुमारी ने 86.4 प्रतिशत तथा रुचिका सिंह ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा विद्यालय के शेष सभी विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार आरएसके पब्लिक स्कूल हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण, आधुनिक शिक्षण पद्धति एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जाना जाता रहा है। विद्यालय में अनुभवी एवं समर्पित शिक्षकों की टीम विद्यार्थियों को केवल पाठ्य ज्ञान ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों एवं प्रतियोगी सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती है। विद्यालय के इस शानदार परिणाम के पीछे शिक्षकों की अथक मेहनत, नियमित टेस्ट प्रणाली, व्यक्तिगत मार्गदर्शन, अतिरिक्त कक्षाएं तथा विद्यार्थियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षकों ने पूरे वर्ष निरंतर मेहनत कर विद्यार्थियों को हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। विद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्य ने कहा कि, आर एस के पब्लिक स्कूल का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि ऐसे जिम्मेदार एवं सक्षम नागरिक तैयार करना है, जो भविष्य में समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करें। विद्यालय की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी एवं उत्साह का माहौल है।

## शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ से पूर्व भव्य जलभरी शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज((रोहतास)।** संझौली प्रखंड अंतर्गत चैता बहोरी गांव में बुधवार को शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के पूर्व भव्य जलभरी शोभायात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यह यात्रा गांव स्थित मां काली मंदिर एवं शिव मंदिर परिसर से आरंभ हुई। श्रद्धालु बैंड-बाजे, घोड़े तथा धार्मिक ध्वज-पताकाओं के साथ पूरे गांव का भ्रमण करते हुए उदयपुर सूर्य मंदिर पोखरा पहुंचे जहां विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण से जलभरी की रस्म संपन्न की गई। इस शोभायात्रा में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान 'हर-हर महादेव' और 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। वैकुंठ धाम आश्रम के संस्थापक उमाशंकर दास ने बताया कि शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का प्रमुख लक्ष्य समाज में धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन आपसी सौहार्द और भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं तथा सनातन संस्कृति के प्रति जन-आस्था को और गहरा करते हैं।

# नगर निगम के वार्ड 23 एवं 24 के पार्षदों ने मेयर एवं नगर आयुक्त पर लगाया अनियमितता का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नगर निगम के वार्ड संख्या 23 के पार्षद राजेश कुमार एवं वार्ड संख्या 24 की पार्षद अरिशा शाहजाद हुसैन उर्फ़ पूजा कुमारी ने जनता के समक्ष गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। उनका कहना है कि जनता के मौलिक अधिकार का हनन हो रहा है। वार्ड संख्या 22 में हुए उद्घाटन कार्यक्रम की सूचना संबंधित वार्ड पार्षदों 23 और 24 को नहीं दी गई। नगर निगम अधिनियम के तहत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेना अनिवार्य है। इस संबंध में डीएम को लिखित पत्र जांच हेतु सौंपा जा चुका है। जिलाधिकारी के आदेशनुसार हुए सौंदर्गीकरण कार्य में 5,78,000 रुपये की राशि खर्च की गई, परंतु शिलापट्ट पर न तो योजना का मद अंकित है और न ही संबंधित वार्ड पार्षद राजेश कुमार का नाम दर्ज है। यह पारदर्शिता के सिद्धांतों



का उल्लंघन है।

नगर निगम द्वारा वार्ड 23 मे विभाग द्वारा कराई गई दो अन्य योजनाओं में भी शिलापट्ट नहीं लगाए गए जिससे कार्य की लागत और मद की जानकारी जनता से छिपाई गई है।

हमारी मांग है कि महात्मा गांधी स्मारक कार्य में हुई 5,78,000 रुपये की राशि की मद-वार की गई है उसकी जांच कराई जाय। शिलापट्ट पर नियमानुसार सभी जनप्रतिनिधियों के नाम अंकित किए जाएं, बिना शिलापट्ट वाली योजनाओं की विभागीय जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। हम जनता को आश्वस्त करते हैं कि जनहित के कार्यों में पारदर्शिता के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। मेयर काजल कुमारी व नगर आयुक्त दोनों की मनमानी तानाशाही व स्टिमेट लूट किसी भी कीमत पर अब गलत कार्य नही होंगे जो गलत हमारे वार्ड 23 मे हुए है उसकी जाँच रिपोट को सावजर्निक किया जाएगा जो मेयर काजल कुमारी द्वारा लुटेरा गैंग बोली है लुटेरा गैंग का अब सच्चाई बस चंद दिनों में आ जायेंगे जनता का पैसा, जनता के सामने हिसाब से खर्च हो, यही हमारा संकल्प है।

## त्रिवेणी संघ के जनक सरदार जगदेव सिंह यादव की परंपरा के अनुसार संविधान की शपथ लेकर विवाह संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गरभे में 12 मई 2026 को त्रिवेणी संघ के जन्मदाता महान समाज सुधारक सरदार जगदेव सिंह यादव के पोते संतोष कुमार की सुपुत्री के शुभ विवाह समारोह का आयोजन सामाजिक समरसता एवं समानता के संदेश के साथ संपन्न हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर महागठबंधन समर्थित करगहर विधानसभा के पूर्व एक्क्र प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद गुप्ता भी समारोह में शामिल हुए और नवविवाहित वर-वधू को शुभाशीष एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। समारोह की विशेष बात यह रही कि विवाह सरदार जगदेव सिंह यादव द्वारा स्थापित जयमाल पद्धति एवं संविधान की शपथ के साथ संपन्न कराया गया। करगहर विधानसभा क्षेत्र में इस प्रकार का यह पहला विवाह बताया जा रहा है। महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि उन्होंने इस परंपरा के बारे में पहले सुना था, लेकिन पहली बार इसे प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि सरदार जगदेव सिंह यादव द्वारा स्थापित यह परंपरा समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, भेदभाव, पाखंड एवं आडंबर को समाप्त करने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि यदि आज सरदार जगदेव सिंह यादव जीवित होते तो समाज से भेदभाव और असमानता काफी हद तक समाप्त हो जाती। साथ ही उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आज भी उनका परिवार उनके आदर्शों एवं परंपराओं का हृदय से निर्वहन कर समाज को समानता और सामाजिक न्याय का संदेश दे रहा है।

## गया जंक्शन पुनर्विकास परियोजनाओं पर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में आज पूर्व मध्य रेल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण-दक्षिण) राजीव गुप्ता तथा मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के बीच एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पर आयोजित इस बैठक में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय एवं मंडल के संबंधित विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विशेष रूप से गया जंक्शन पुनर्विकास परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान स्टेशन पर विकसित यात्री सुविधाओं, यात्री सुरक्षा, प्लेटफॉर्म अधोसंरचना, पैसेंजर प्लेटफॉर्म शेल्टर, फुट ओवर ब्रिज, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी एवं उपयोगिता सेवाओं, कोच एवं ट्रेन इंडिकेशन प्रणाली, साइनेज, दिव्यांगजन सुविधाओं, पार्किंग, पहुंच मार्ग, स्टेशन परिसंचरण क्षेत्र तथा यात्रियों की सुविधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में इसके अतिरिक्त पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-जिवनाथपुर तृतीय लाइन परियोजना पर त्वरित कार्यवाही की रूपरेखा पर चर्चा की गई।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०– डी.डी.यू/ईएल/जी/ई०–निविदा/2026–27/02 दिनांक: 11.05.2026**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/जी/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं. 1. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम :** सं०–डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2026–27/02, विषय–डीडीयू मंडल के अन्तर्गत प्लांट डिपो/डीडीयू में ट्रैक मशीनों के आईओएच/पीओएच की क्षमता बढ़ाने के लिए शेड सुविधाओं का विस्तार करना और साथ ही भंडारण सुविधाओं में सुधार करने में विद्युती कार्य करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत :** रू० 8391680.99, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 04.06.2026, 15:00 Hrs, **ई–निविदा वेव साइट का विवरण : www.ireps.gov.in**

**क्रम सं. 2. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम :** सं०–डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2025–26/09 आर 1, विषय– डीडीयू मंडल के अन्तर्गत (ए) अंकोरा स्टेशन के रनिंग रूम और भोजन कक्ष की अतिरिक्त सुविधाओं के साथ नवीनीकरण और सुधार कार्य में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। (बी) नबीनगर स्टेशन के रनिंग रूम और भोजन कक्ष की अतिरिक्त सुविधाओं के साथ नवीनीकरण और सुधार कार्य में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत :** रू० 660362.54, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 04.06.2026, 15:00 Hrs, **ई–निविदा वेव साइट का विवरण : www.ireps.gov.in**

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा०), पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.**

**पीआर/216/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/26–27/48**



**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**

**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**

**Electric Supply Area, Medininagar**

Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102 email:gm_mdnjseb@yahoo.in, Telephone:-06562-295539

**2nd e-TENDER Time Extension Notice**

Due to some unavoidable reasons **e-tender Notice No.20,21,22,23&24/PR/JBVNL /2026-27** O&M,(Regarding Purchase of Line Materials) under Electric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner:-

IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | Up to 18.05.2026 17:00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | Up to 18.05.2026 17:00 Hrs. |
| 3 | Date and time of Opening of tender (Technical and commercial Part -I) | 20.05.2026 at 15:30 Hrs. |

4. Tender Notice is also available on our website : www.jharkhandtenders.gov.in
5. For any clarification please contact: 9835574043. EEE (Technical)
6 Other terms and conditions will remain the same and duly available website.

**PR No. 377169**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**PR.NO.379708 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27):D**

**Sd/-**
**General Manager-cum-Chief Engineer**
**Electric Supply Area, Medininagar**



**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा**

**आम नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के अंतर्गत राज्यसात वाहन (जहाँ है, जिस स्थिति में है) की बिक्री दिनांक–20.05.2026 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा में आम नीलामी द्वारा की जायेगी। यदि नीलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बंदी घोषित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी हेतु राज्यसात वाहन की सूची, क्रमानुसार विवरणी निम्नवत् है तथा नीलामी हेतु आवश्यक शर्तें सहित नीलामी हेतु राज्यसात वाहन की सूची, क्रमानुसार विवरणी गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय; गढ़वा जिला के Official वेबसाईट https://garhwa.nic.in/ तथा झारखण्ड राज्य, वन विभाग के Official वेबसाईट https://forest.jharkhand.gov.in/ पर उपलब्ध है :–

| क्र० सं० | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या/ इंजन संख्या/ चेचिस संख्या | वाहन जहाँ स्थित है। | जमा की जाने वाली अग्रधन की राशि (Gate Money) (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ट्रॉली सहित, रंग–लाल, मॉडल B275DI | Engine No. - PES3A85D320RS2924 / Serial No. - 86220786 | वन प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर, भवनाथपुर | 20,000.00 |

**PR 379718 Forest, Environment and Climate Changes(26-27)#D**

**वन प्रमण्डल पदाधिकारी**
**गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल**


CMYK

# नालंदा कॉलेज में कुलपति का औचक निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने बुधवार को नालंदा कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। कुलपति के लगभग दस बजे अचानक पहुंचने से महाविद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने कॉलेज के विभिन्न विभागों तथा प्रशासनिक व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा पठन-पाठन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कुलपति विशेष रूप से बीएड विभाग पहुंचे, जहां उन्होंने कक्षा में उपस्थित छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए लगभग 15-20 मिनट तक विद्यार्थियों को शिक्षण पद्धति तथा शिक्षा के बदलते स्वरूप पर व्याख्यान दिया। अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में उन्होंने विद्यार्थियों को केवल परीक्षा तक सीमित न रहकर निरंतर ज्ञान बढ़ाने की सीख दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य बेहतर इंसान बनना और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना है। कुलपति ने विद्यार्थियों से स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं के जीवन में लक्ष्य स्पष्ट होता है, वे कठिन परिस्थितियों में भी सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करने, नियमित अध्ययन करने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने की सलाह दी। कुलपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि समाज निर्माण का आधार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। प्रो. सिंह ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व, नैतिकता और व्यवहार भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अनुशासन, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कुलपति ने महाविद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षकों को नियमित कक्षाएं संचालित करने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कॉलेज प्रशासन से परिसर में अनुशासन, स्वच्छता और शैक्षणिक वातावरण को और सुदृढ़ बनाने पर बल दिया।

कुलपति ने शिक्षकों से भी शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस दौरान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. रघुनाथ प्रसाद कच्छवे, परीक्षा नियंत्रक डॉ. उपेन मंडल, बी एड विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ चम्पा कुमारी, राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष, डॉ श्रवण कुमार, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ रत्नेश अमन, विनय कुमार सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## विद्यालय की रेलिंग से गिरकर छात्र जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** थाना क्षेत्र के बिझो स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बुधवार को खेलने के दौरान एक स्कूली छात्र रेलिंग से गिरकर घायल हो गया। घायल छात्र का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिझो गांव निवासी रंजीत महतो के 13 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार विद्यालय परिसर में खेल रहा था। इसी दौरान वह रेलिंग से फिसलकर नीचे गिर गया, जिससे वह जख्मी हो गया। घटना के बाद विद्यालय कर्मियों एवं स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल इलाज के लिए पीएचसी कौआकोल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने बताया कि घायल छात्र की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है तथा उसका इलाज जारी है। घटना के बाद परिजनों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# पुलिस की कार्रवाई में 41 अपराधियों की गिरफ्तारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 41 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 12 मई 2026 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान की गई। पुलिस की इस सक्रिय कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। जारी आंकड़ों के अनुसार एससी/एसटी एक्ट के एक आरोपित, हत्या के एक आरोपित तथा हत्या के प्रयास के 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा साइबर अपराध से जुड़े दो अपराधियों तथा मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। अन्य मामलों में 17 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए 15 लीटर महुआ शराब एवं 25.5 लीटर



विदेशी शराब बरामद की। साथ ही तीन कुर्की वारंट का निष्पादन किया गया तथा 35 वारंटों का तामिला कराया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 210 वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियम उल्लंघन करने वालों से 16 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान दो मोटरसाइकिल, एक कार तथा एक अपाचे बाइक भी जब्त की गई। महत्वपूर्ण गिरफ्तारी में धमौल थाना कांड संख्या 63/26 के तहत एक आरोपी को देसी हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं गोविंदपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना गेट के पास से 24 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। इस मामले में बिहार मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

इसके अतिरिक्त गोविंदपुर थाना क्षेत्र में ही 1.5 लीटर विदेशी शराब एवं एक कार के साथ दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हिसुआ थाना पुलिस ने भी 15 लीटर महुआ शराब एवं एक मोटरसाइकिल के साथ एक धंधेबाज को पकड़ा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध एवं शराब कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# लू से बचाव को लेकर बाल परिचर्चा आयोजित, ग्लूकोज का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** स्थानीय मध्य विद्यालय मई के प्रांगण में बुधवार को बच्चों के बीच लू से बचाव को लेकर बाल परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक कुमार पंकज के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों एवं उससे बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही अन्य लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. एसके मानव ने बच्चों के बीच ग्लूकोज का वितरण करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में अधिक पानी पीना चाहिए तथा अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खाली पेट अधिक देर तक रहना भी स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। नियमित रूप से ग्लूकोज लेने से लू का खतरा कम होता है। कार्यक्रम में एकता फाउंडेशन के अनुज कुमार, एमडीएम प्रभारी सत्येंद्र प्रसाद, विक्की कुमार एवं संतोष कुमार ने भी बच्चों को लू से बचाव, संतुलित खानपान और स्वास्थ्य संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

# विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सांसद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** समाहरणालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में सांसद-सह-अध्यक्ष दिशा समिति विवेक ठाकुर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करना तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आगामी कार्ययोजना तैयार करना था। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिले में चल रही विकासात्मक गतिविधियों, आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों तथा विभिन्न विभागों की उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन






लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, जल-जीवन-हरियाली, ग्रामीण सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, कृषि, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं मनरेगा सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद विवेक ठाकुर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। सांसद ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा आगामी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक के अंत में विकास कार्यों को और गति देने तथा आम लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए समन्वित प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

# पीएम की अपील के बाद सर्राफा बाजार में पसरा सन्नाटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** प्रधानमंत्री की हालिया अपील का असर अब स्थानीय बाजारों में साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। शहर के सर्राफा बाजार में मंगलवार से ही ग्राहकों की कमी के चलते सन्नाटा पसरा हुआ है, जिससे स्वर्ण व्यवसायियों की चिंता बढ़ गई है। स्थानीय स्वर्ण व्यवसायी सोनू वर्मा ने बताया कि पीएम की घोषणा के बाद से ही बाजार में ग्राहकों की संख्या में भारी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल कारोबार लगभग 80 प्रतिशत तक प्रभावित हो चुका है। "अभी तो महज दो दिन ही हुए हैं, लेकिन अगर यही स्थिति आगे भी बनी रही, तो दुकान का किराया, बिजली बिल और अन्य खर्च निकालना भी मुश्किल हो जाएगा," उन्होंने चिंता जताई। व्यवसायियों के मुताबिक, स्थिति को और गंभीर बनाने वाला एक अन्य कारण सोना-चांदी पर आयात शुल्क में अचानक हुई वृद्धि है। मंगलवार रात से आयात शुल्क 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे कीमती धातुओं के दाम में तेज उछाल आया है। इसका सीधा असर ग्राहकों की खरीदारी पर पड़ा है। छोटे और मध्यम स्तर के कारोबारियों का कहना है कि बढ़ती कीमतों और घटती मांग के चलते उनकी रोजी-रोटी पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो सर्राफा बाजार में लंबे समय तक मंदी छाने की आशंका जताई जा रही है।

# स्नातक परीक्षा केंद्र की पुनः बहाली का मिला आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हिलसा (नालंदा)।** बुधवार को छात्र जदयू के सदस्यों ने पटना के पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय कार्यालय में परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज कुमार से मुलाकात किया। जिसका नेतृत्व छात्र जदयू के नालंदा जिला पूर्वी भाग के अध्यक्ष आशीष कुमार पटेल एवं ऋषु पटेल ने किया। बताया गया कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के स्नातक एसयू कॉलेज का परीक्षा केंद्र पहले हिलसा के सरदार पटेल कॉलेज में हुआ करता था, लेकिन हाल ही में स्नातक सेमेस्टर-6 का परीक्षा केंद्र बिहारशरीफ कर दिया गया था। इससे हिलसा के विद्यार्थियों को करीब 35 किलोमीटर दूर परीक्षा देने जाना पड़ रहा था। छात्र जदयू ने परीक्षा केंद्र को पुनः हिलसा में बहाल करने को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया और लगातार प्रयास किया। छात्र नेताओं ने बताया कि बिहारशरीफ जाने के दौरान विद्यार्थियों के विशेषकर छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं सेमेस्टर-6 की परीक्षा देकर लौट रहे एक छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत भी हो गई थी। लगातार प्रयासों के बाद बुधवार को सफलता मिली, जब पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने आश्वासन दिया कि अब एसयू कॉलेज का स्नातक परीक्षा केंद्र हिलसा के सरदार पटेल कॉलेज में ही रहेगा। साथ ही आगामी 20 मई से होने वाली सेमेस्टर-2 परीक्षा के लिए 16 मई को एडमिट कार्ड जारी करने की बात भी कही गई। इस आश्वासन के बाद छात्र जदयू एवं स्नातक विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। मौके पर राकेश कुमार, अंकुश रंजन, सतीश कुमार, आशीष कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# सियाराम किलाधीश करुणा निधान शरण ने लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अयोध्या के सियाराम किलाधीश स्वामी करुणा निधान शरण महाराज ने मंगलवार को न्यू एरिया मोहल्ले में आर के लाइब्रेरी का उद्घाटन कर छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का संदेश दिया। संत करुणा निधान शरण महाराज ने कहा कि शिक्षा ऐसा अनमोल रतन है, जिससे कभी धन तोल नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि ज्ञानवान लोग विदेश में भी पूजे जाते हैं, जबकि धनवान की कदर तो केवल उनकी अपनी जगह ही होती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबी से निकालने तथा समाज में बड़ा बनकर राष्ट्र सेवा का सबसे बड़ा माध्यम शिक्षा ही हो सकता है। इसे



अपनाने वाला सदा सर्वदा जीवन में सुखी रहेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा में नैतिक शिक्षा तथा संस्कार भी दिए जाने चाहिए। संस्कार के बिना शिक्षा अधूरी है, वैसी शिक्षा का कोई महत्व नहीं है। निर्देशक राकेश कुमार तथा रौनक कुमार, अमन कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का संकल्प लिया।

# ऑपरेशन मुस्कान से लौटी 22 परिवारों की खुशियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार पुलिस के 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत चंडी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए गुम हुए 22 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत 4 लाख 16 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है। थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हिलसा डीएसपी कुमारी शैलजा ने लोगों को उनके मोबाइल फोन सौंपे। महीनों से गुम मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। कई लोगों ने तो अपने मोबाइल वापस मिलने की उम्मीद ही छोड़ दी थी। चंडी थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई के तहत विभिन्न स्थानों से मोबाइल फोन ट्रैक कर बरामद किए गए। इस




दौरान लोगों ने बिहार पुलिस की कार्यशैली की जमकर सराहना की और कहा कि अब पुलिस पर भरोसा पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है। डीएसपी कुमारी शैलजा ने कहा कि बिहार पुलिस आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार गंभीरता से काम कर रही है। वहीं चंडी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत थाना और साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। चंडी थाना की इस सराहनीय कार्रवाई की पूरे इलाके में चर्चा हो रही है और लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

# गिरियक चेन स्नैचिंग कांड का खुलासा, तीन बदमाश धराए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** गिरियक थाना क्षेत्र में महिला से हुई चेन छिनतई की घटना का पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर खुलासा कर तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से छीनी गई सोने की चेन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन समेत अन्य आभूषण भी बरामद किए हैं। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को महिला चिंता देवी ने गिरियक थाना में आवेदन देकर जानकारी दी थी कि सुबह करीब 5:30 बजे वह दूध लेकर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान आदमपुर के पास बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। घटना के बाद गिरियक थाना में मामला दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। तकनीकी शाखा एवं गिरियक थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर छापेमारी कर महज 12 घंटे के भीतर पूरे मामले का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान धीरज कुमार निवासी अम्बा थाना भागन बिगहा, अभिषेक कुमार निवासी फतेहाबाद थाना दीपनगर तथा रवि कुमार वर्मा निवासी पंडित गली पुलपर थाना बिहारशरीफ के रूप में हुई है। तीनों आरोपित नालंदा जिले के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपितों के पास से छीनी गई सोने की चेन, घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन के अलावा जिले के अन्य इलाकों से छीने गए एक अन्य सोने की चेन, दो झुमका, एक अंगूठी और एक टॉप्स भी बरामद किया है। इस सफल कार्रवाई में गिरियक थानाध्यक्ष श्रीकांत कुमार, तकनीकी शाखा प्रभारी आलोक कुमार, राहुल कुमार, चंदन कुमार, विभाकर चौधरी, निशांत भूषण ज्ञानेन्दु समेत गिरियक थाना के सशस्त्र बल की अहम भूमिका रही।

# जनरल स्टोर से नकद समेत चालीस हजार की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के रहुई बाजार स्थित जय मां लक्ष्मी जनरल स्टोर में मंगलवार देर रात चोरी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। चोरों ने दुकान से करीब 10 हजार रुपये नकद सहित लगभग 40 हजार रुपये मूल्य का सामान चोरी कर लिया। दुकान संचालक अलख निरंजन उर्फ गुड्डू कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 6 बजे जब वे दुकान खोलने पहुंचे, तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। कई सामान गायब थे और दुकान की स्थिति देखकर चोरी की आशंका हुई। उन्होंने बताया कि दुकान से काजू, किशमिश, बादाम, तेल के कई डिब्बे तथा बोरी में रखा गोलकी जीरा चोरी कर लिया गया है। इसके अलावा काउंटर में रखे 10 हजार रुपये नकद भी गायब थे। दुकान के पीछे की खिड़की टूटी हुई मिली है। आशंका जताई जा रही है कि चोर छत के रास्ते दुकान में घुसे और खिड़की तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। रहुई थाना प्रभारी ललित विजय ने बताया कि मामले में अब तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संपत्ति विवाद में बेटे ने पिता को मारी गोली, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भागन विगहा ओपी क्षेत्र अंतर्गत तूफानगंज गांव में बुधवार को संपत्ति विवाद ने खूनी रूप ले लिया। यहां एक बेटे ने अपने ही पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान धर्म सिंह पासवान के 55 वर्षीय पुत्र बच्चू पासवान के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पत्नी गुलाबी देवी ने बताया कि उनका सौतेला बेटा पवन कुमार अक्सर संपत्ति को लेकर विवाद करता था। बुधवार को वह घर पहुंचा और अपने पिता बच्चू पासवान को बुलाकर बाहर ले गया। घर में पिता ने उसे पानी और शरबत भी पिलाया, लेकिन बाहर निकलते ही पवन ने उन पर गोली चला दी। गोली बच्चू पासवान के पेट में जा लगी। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय पुलिस की मदद से घायल बच्चू पासवान को इलाज के लिए बिहारशरीफ



सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों के अनुसार, आरोपी पवन पासवान पहली पत्नी का बेटा है और पिछले करीब आठ वर्षों से खुशरूपुर थाना क्षेत्र के नेटार गांव में अलग रह रहा था। परिवार वालों का कहना है कि उसे रहने के लिए अलग घर और जमीन भी दी गई थी, बावजूद इसके वह अतिरिक्त संपत्ति की मांग को लेकर लगातार विवाद करता था। घटना की सूचना मिलते ही सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल तथा भागन विगहा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। डीएसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बच्चू पासवान को उनके बेटे पवन पासवान ने गोली मारी है। आरोपी घटना के बाद से फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गांव में स्थिति सामान्य और नियंत्रण में है।

# करंट लगने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के गोंदरापर गांव में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान भोला यादव का 17 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार बताया गया है। घटना बुधवार को दोपहर के बाद घटी। घटना की खबर मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। काफी संख्या में लोग जुटे, और संवेदना और ढांढस बांधने में लगे रहे। मिली जानकारी के अनुसार गोंदरापर निवासी भोला यादव का पुत्र कुंदन कुमार अपने घर कुछ कार्य कर रहा था। इसी बीच बिजली के शॉर्ट सर्किट के चपेट में आ गया। जिससे वह गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। घटना होते ही उसके स्वजन समेत आसपास के लोग दौड़ पड़े। तत्काल उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा लेकर गए। जहां इलाज के दौरान कुंदन कुमार की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजन को सौप दिया। पीड़ित परिवार के अलावा ग्रामीणों ने आपदा प्रबंधन कोष से सहयोग राशि देने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक जख्मी

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा-चिकसौरा मुख्य मार्ग पर जमुआरा मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान पटना जिला के धनरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत किस्तीपुर महादेव बिगहा गांव निवासी महेश प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र मंटू कुमार के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि मंटू कुमार बुधवार को अपनी बहन के घर से वापस लौट रहा था। इसी दौरान जमुआरा मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे विद्युत पोल से टकरा गई, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों एवं पुलिस के सहयोग से घायल युवक को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।

# सुशील मोदी की दूसरी पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी नवादा जिला कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेता, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पद्मभूषण से सम्मानित श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी की द्वितीय पुण्यतिथि जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता के संचालन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुशील कुमार मोदी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर आरती की तथा पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सुशील कुमार मोदी भाजपा के समर्पित, कर्मठ एवं दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने संगठन और सरकार दोनों में रहकर बिहार के विकास को नई दिशा देने का कार्य किया। उनका सादगीपूर्ण जीवन एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीय व्यवहार सदैव प्रेरणा देता रहेगा। जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी भारतीय राजनीति के ऐसे महान व्यक्तित्व थे जिन्होंने अपने सरल स्वभाव, इमानदार छवि एवं संगठन के प्रति समर्पण से करोड़ों कार्यकर्ताओं के दिलों में विशेष स्थान बनाया। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा के जिला महामंत्री नंदकिशोर चौरसिया, मीडिया प्रभारी मनीष कुमार सिन्हा, जिला सह कोषाध्यक्ष तरुण राजवंशी, वाणिज्य प्रकोष्ठ संयोजक सुर्यनारायण गुप्ता, सह कार्यालय प्रभारी राहुल चंद्रवंशी, रोहित कुमार सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पालना घर कर्मियों व जेंडर विशेषज्ञों को डीएम ने दिए नियुक्ति पत्र

## महिला सशक्तिकरण योजनाओं को मिला नया संबल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** महिलाओं और बच्चों के संरक्षण, देखभाल तथा सशक्तिकरण की दिशा में गया जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। जिलाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना अंतर्गत संचालित पालना घर के लिए चयनित कर्मियों तथा डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत नियुक्त जेंडर स्पेशलिस्ट को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। समारोह में नव नियुक्त कर्मियों के उत्साह और जिम्मेदारी की भावना साफ दिखाई दी। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने कहा कि सरकार महिलाओं एवं बच्चों के समग्र विकास, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पालना घर योजना के माध्यम से कामकाजी महिलाओं के बच्चों को सुरक्षित, संवेदनशील और गुणवत्तापूर्ण देखभाल उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं जेंडर स्पेशलिस्ट महिलाओं से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जागरूकता और अधिकारों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी चयनित कर्मियों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिला एवं बाल विकास से जुड़े कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस गया डॉ. रश्मि वर्मा, जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम गया जयवंती सिन्हा, जिला मिशन समन्वयक, डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन सुशांत आनंद सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# डंपर की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** बुधवार की सुबह पंचानपुर बाजार स्थित मछली मंडी के समीप अनियंत्रित डंपर ने बाइक चला रहे युवक को अपनी चपेट में ले लिया। डंपर के पहिया में फंस युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिला के हसपुरा थाना क्षेत्र के तारापुर ग्राम के रहनव वाले सरजू प्रजापति के 22 वर्षीय पुत्र श्रवण कुमार के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार श्रवण कुमार अपनी बाइक से गया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि श्रवण डंपर के पहिए के नीचे आ गए। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया, लेकिन तब तक श्रवण दम तोड़ चुका था। घटना के घटित होने के बाद डंपर चालक डंपर छोड़ मौके से फरार होने में सफल हो गया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत से पहिये के नीचे दबे शव को बाहर निकाल शिनाख्त कराया व पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल भेजा। पुलिस द्वारा घटना की सूचना मृतक के स्वजनों को दी गई। जानकारी हो कि श्रवण वीडियो रिकॉर्डिंग का काम करता था व पढ़ाई भी करता था। बुधवार को गया जी में परीक्षा में शामिल होने के लिए घर से निकला था। पंचानपुर एसएचओ पद्माकर उपाध्याय ने बताया कि डंपर व दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया। शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया गया है। लिखित शिकायत की मांग की गई है। पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से मिले भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा, दीं शुभकामनाएं



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने बिहार सरकार में नई जिम्मेदारी मिलने पर बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें अंगवस्त्र एवं विष्णु चरण चिन्ह भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि मिथिलेश तिवारी एक कर्मठ, ईमानदार एवं दूरदर्शी नेता हैं, जिनके नेतृत्व में बिहार की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि शिक्षा मंत्री अपने अनुभव और कार्यकुशलता के बल पर विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा शिक्षा विभाग से जुड़े सभी लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि आज बिहार शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मार्गदर्शन में राज्य में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

# जिले में चार सालों में डेंगू के एक हजार 234 केस आये, तीन मौतें

## शहरी क्षेत्र में 2023 में 331, 2024 में 267 डेंगू के मरीज मिले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** मॉनसून के आरंभ होते ही डेंगू का प्रसार बढ़ जाता है। इसके मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू की रोकथाम के लिए अपनी तैयारियां शुरु कर दी है। डेंगू के प्रति सामुदायिक जागरूकता लाने तथा सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की कवायद की जा रही है। 16 मई को स्वास्थ्य विभाग डेंगू से बचाव को लेकर डेंगू दिवस मनायेगा। इस वर्ष डेंगू दिवस का थीम-डेंगू नियंत्रण के लिए जनभागीदारी जांच करें। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक ने बताया कि जिला एवं प्रखंड स्तर पर डेंगू की रोकथाम के प्रति जन-जागरूकता के लिए प्रसार-प्रसार गतिविधियों की योजना बनाकर अभियान संचालित होगा। डेंगू के मच्छर एवं लार्वा के नियंत्रण के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर डेंगू के प्रसार को प्रभावी तरीके से नियंत्रित किया जायेगा।

**शहरी क्षेत्र में डेंगू का असर सबसे अधिक**

डेंगू का सबसे अधिक प्रभाव शहरी क्षेत्र में दर्ज किया गया है जबकि कई प्रखंडों में भी डेंगू का प्रभाव अधिक देखने को मिला है। बीते वर्ष में स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की संयुक्त प्रयासों से डेंगू के प्रसार पर उल्लेखनीय लगाम लगाया जा सका है। गया शहरी क्षेत्र से बीते चार सालों में 888 मामले सामने आये। जिसमें डेंगू से एक मौत दर्ज किया गया। वर्ष 2022 में 94, 2023 में 331, वर्ष 2024 में 267 और वर्ष 2025 में 34 डेंगू के मामले दर्ज किये गये।

**जिला में चार सालों में डेंगू की स्थिति**

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक बीते चार वर्षों में एक हजार 234 डेंगू के मामले आये। इसमें तीन लोगों की मौत डेंगू की वजह से हुई। वर्ष 2022 में 180 डेंगू के मामले दर्ज किये गये। सबसे अधिक गया शहरी क्षेत्र से डेंगू के 94 मामले आये। वहीं बोधगया में 16, नगर प्रखंड से 11 व गुरुआ में 10 मामले डेंगू के मिले थे। वर्ष 2023 में डेंगू के 591 मामले दर्ज किये गये। गया शहरी क्षेत्र में 331 मामले डेंगू के मिले थे। बोधगया में 35 मामले, नगर प्रखंड से 10, मानपुर में 19, परैया में 18, टिकारी में 16, वजीरगंज में 15 मामले आये जो सबसे अधिक थे। वर्ष 2024 में 429 मामले डेंगू के मिले थे। गया शहरी क्षेत्र से 267 मामले, वजीरगंज से 14, टिकारी से 11, नगर प्रखंड से 12 और बोधगया से 14 मामले डेंगू के मिले जो सबसे अधिक थे। गया शहरी क्षेत्र से डेंगू की हुई एक मौत दर्ज की गयी थी। स्वास्थ्य विभाग की तत्परता और कवायद से वर्ष 2025 में गया शहरी क्षेत्र से 12 डेंगू के मामले दर्ज किये गये जो उल्लेखनीय रहा।

# बाल संसद के गठन में ऋषभ कुमार बने प्रधानमंत्री

## मंत्रिमंडल का हुआ बंटवारा, गोपनीयता की शपथ दिलाई गई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** उम्मीद इंटरनेशनल स्कूल तरवां में बाल संसद चुनाव उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कक्षा सात के ऋषभ कुमार ने सबसे ज्यादा वोट पाकर प्रधानमंत्री पद पर जीत दर्ज की। प्रधानमंत्री बनने के बाद ऋषभ कुमार ने अपने मंत्रिमंडल का विभाग बंटवारा किया। सभी निर्वाचित बाल सांसदों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई, अनुशासन, खेल जैसे विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी को गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। प्रधानमंत्री पद के लिए कक्षा 5 से 8 तक के 11 उम्मीदवार मैदान में थे। मतदान और मतगणना बच्चों ने खुद चुनाव अधिकारी बनकर कराई। विद्यालय निदेशक सोनू खान ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों में नेतृत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास होता है।

# नेहोरा मौजा के तीन लाभुकों को मिला परवाना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र की खजुरी पंचायत अंतर्गत नेहोरा मौजा में बुधवार को भूमि संबंधी प्रक्रिया के तहत तीन लाभुकों को परवाना वितरित किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर करीब 3 बजे आयोजित हुआ जिसमें टिकारी एसडीएम प्रवीण कुंदन द्वारा लाभुकों को परवाना सौंपा गया। परवाना प्राप्त करने वालों में उमा देवी, कलावती देवी एवं अंजू कुमारी शामिल हैं। परवाना मिलने के बाद लाभुकों ने खुशी जताते हुए प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अंचलाधिकारी कोंच मुकेश कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है तथा भूमि संबंधी मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

# चेकिंग के दौरान ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने डोभी-चतरा मुख्य मार्ग पर बहेरा थाना गेट के सामने कार्रवाई करते हुए एक सोलह चक्का ट्रक से विभिन्न प्रकार के 9783 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। इस मामले में ट्रक चालक एवं उपचालक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान चालक रजनेश कुमार पिता कुमार ओमप्रकाश एवं उपचालक अजय कुमार पिता जगबीर कुमार दोनों निवासी उदेशपुर, थाना गन्नौर, जिला सोनीपत, हरियाणा के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि बरामद विदेशी शराब की खेप चतरा-डोभी मार्ग से होकर राजधानी पटना पहुंचाई जानी थी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और शराब तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

# समाजसेवी आकाश प्रियदर्शी ने पूर्व मंत्री बागी कुमार वर्मा के निधन पर जताया शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** गया के मानपुर (जनकपुर) निवासी समाजसेवी सह पूर्व भाजपा युवा नेता आकाश प्रियदर्शी उर्फ एपी ने राज्य के वरिष्ठ नेता और कुर्था के पूर्व विधायक बागी कुमार वर्मा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। आकाश प्रियदर्शी ने कहा कि बागी जी का निधन राजनीतिक और सामाजिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे महान समाजवादी नेता उपेंद्र नाथ वर्मा के सुपुत्र थे जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों की आवाज उठाने और जन-हित के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# हत्यारोपित पति-पत्नी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी थाना की पुलिस ने हत्या के आरोपी पति पत्नी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि टिकारी थाना कांड संख्या 17/26 के फरार आरोपी की गिरफ्तारी गोह थाना की पुलिस के मदद से की गई। मंगलवार को गोह थाना की पुलिस द्वारा सूचना दी गई कि पति पत्नी को ग्रामीणों द्वारा पकड़ कर थाना को सुपुर्द किया गया जिसके बाद पुलिस गोह थाना से दोनों को थाना ले आई। आरोपियों की पहचान गहरपुर ग्राम निवासी बुटाई पासवान के पुत्र पंकज पासवान व पंकज की पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई। दोनों विगत 15 जनवरी को गहरपुर ग्राम में बुजुर्ग की पीट-पीट कर की गई हत्या में नामजद आरोपी है। पुलिस द्वारा बुधवार को दोनों आरोपी को न्यायालय में सुपुर्द कर दिया गया जहां से जेल भेज भेज दिया गया।

# मध्य विद्यालय दखिनगांव में दिग्मनी बीएड कॉलेज का अभ्यास वर्ग शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** दिग्मनी बीएड कॉलेज, गया के सत्र 2025-27 के डीएलएड एवं बीएड प्रशिक्षुओं का अभ्यास वर्ग सोमवार से मध्य विद्यालय दखिनगांव में शुरू हो गया। यह अभ्यास वर्ग 31 मई तक चलेगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार की देखरेख में कुल 20 प्रशिक्षु अध्यापक यहां कक्षा संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण ले रहे हैं। इनमें बीएड के 9 और डीएलएड के 11 प्रशिक्षु शामिल हैं। अभ्यास वर्ग के दौरान प्रशिक्षु अध्यापक अलग-अलग कक्षाओं में विषयवार पाठ योजना बनाकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ विद्यालय संचालन, अनुशासन और दैनिक गतिविधियों की भी जानकारी ले रहे हैं। प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार ने बताया कि अभ्यास वर्ग से प्रशिक्षुओं को जमीनी स्तर पर शिक्षण का अनुभव मिलेगा। इससे भविष्य में बेहतर शिक्षक बनने में मदद मिलेगी। विद्यालय के शिक्षक भी प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस मौके पर वरीय शिक्षक उपेंद्र नाथ कौशल सहित सभी प्रशिक्षु अध्यापक मौजूद थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल से आरंभिक निम्नवत कोचिंग ट्रेन के एस.एल.आर. कोच में पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के लिए ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैं :–

**1. AA/1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गाड़ी संख्या 13024 (गया से हावड़ा) गया–हावड़ा एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4टी) का आवंटन।, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** 13024-SLR-F1-GAYA-HWH-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 19.05.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी।

**AA/2 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गाड़ी संख्या 13697 (गया से दिल्ली) गया–दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4टी) का आवंटन।, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** 13697-SLR-F1-GAYA-DLI-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 19.05.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी।

**AA/3 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गाड़ी संख्या 12397 (गया से नई दिल्ली) गया–नई दिल्ली के FSLR के पार्सल स्थान (4टी) का आवंटन।, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** 12397-SLR-F1-GAYA-NDLS-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 19.05.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी।

**AA/4 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गाड़ी संख्या 22409 (गया से आनंद विहार टर्मिनस) गया–ANVT गरीबरथ एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (3.9टी) का आवंटन।, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** 22409-SLR-F1-GAYA-ANVT-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 19.05.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी।

**AA/5 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गाड़ी संख्या 12389 (गया से चेन्नई) गया–चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4टी) का आवंटन।, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** 12389-SLR-F1-GAYA-MAS-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 19.05.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.10 बजे बंद होगी।

**ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** SLR-LEASE-26-5, **(2)** वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : **www.ireps.gov.in** (E-auction Leasing).

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**

पीआर/0219/डीडीयू/वा./ईएन/26–27/68


# अब पंचायत स्तर पर होगा जन-समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** 'सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान के तहत बिहार सरकार ने पंचायत स्तर पर 'सहयोग शिविर' लगाकर जन-समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान करने फैसला लिया है। इस सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है, ताकि लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़े। इस शिविर में आम लोगों को पंचायत स्तर पर ही सभी प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। 'सहयोग शिविर' बिहार सरकार की एक ग्रासरूट गवर्नेंस पहल है जिसका लक्ष्य है सरकार को जनता के दरवाजे तक पहुंचाना और लोगों की समस्याओं का तेज एवं पारदर्शी समाधान करना। इसके अलावा इस शिविर का उद्देश्य है जनता का विश्वास प्रशासनिक व्यवस्था में बढ़ाया जाए। इस सहयोग शिविर के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अबतक प्राप्त प्रतिवेदनों एवं शिकायतों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न जिलों से प्राप्त आवेदनों, उनके निष्पादन की प्रगति तथा लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। सहयोग शिविर के आयोजन के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को नोडल समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहयोग शिविर का एक मुख्य उद्देश्य सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना भी है जिससे सरकारी सेवाओं को आमलोगों तक पहुंचाया जा सके। इस सहयोग शिविर का आयोजन राज्य के सभी पंचायतों में लगाया जाएगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग आसानी से अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। इस शिविर का आयोजन हर महीने दो बार किया जाएगा। जिसके लिए महीने के पहले मंगलवार और तीसरे मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस सहयोग शिविर में बिहार का कोई भी नागरिक अपनी समस्या से सम्बंधित शिकायत दर्ज करा सकता है। सहयोग शिविर में लोग समस्याओं के समाधान से सम्बंधित अपने सुझाव भी सरकार को दे सकते हैं। जिन समस्याओं का समाधान तुरंत हो सकता है उनका निपटारा भी शिविर स्थल पर ही किया जाएगा। वैसे मामले जिनके समाधान में समय लग सकता है उसे भी एक तय समयसीमा के अंदर निपटाया जाएगा।

# दिनकर स्मृति समारोह को लेकर विद्यालयों में गतिविधियां तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** मां निर्दोष सेवा केंद्र एवं गया कॉलेज, गया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति समारोह' को लेकर जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में तैयारियां तेज हो गई है। राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 16 एवं 17 मई को किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रथम दिन उद्घाटन सत्र एवं अकादमिक परिचर्चा आयोजित होगी जबकि 17 मई को विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं राष्ट्रकवि दिनकर द्वारा रचित कविताओं का पाठ करेंगे। आयोजक समिति के सदस्य डॉ सत्येंद्र सिंह चंद्र ने बताया कि इस कार्यक्रम में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार, मगध विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ विनोद कुमार मंगलम, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजभाषा विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेश चंद्र, पूर्व कुलपति प्रो. कुसुम कुमारी एवं सेवानिवृत्त विशेष सचिव राय मदन किशोर सहित कई प्रबुद्धजन शामिल होंगे। आयोजक हिमांशु शेखर ने बताया कि टिकारी के बीपीएल ग्लोबल स्कूल, मगध इंटरनेशनल स्कूल एवं हैप्पी किड्स विद्यालय ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है। उन्होंने बताया कि साहित्य के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय सेवा प्रदान करने के लिए कई लोगों को सम्मानित किया जाएगा। चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी अनवरत सेवा प्रदान करने के लिए शहर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. चौधरी लक्ष्मी नारायण, डॉ. अपराजिता कुमारी, डॉ. संजीव कुमार एवं डॉ. बी.डी शर्मा को सम्मानित किया जाएगा। संगीत के क्षेत्र में टिकारी की उभरती हुई गायिका सौम्या अथर्व को सम्मानित किया जाएगा। वहीं रामेश्वर उच्च विद्यालय, बेलागंज के प्राचार्य अबरार आलम ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में साहित्य के प्रति रुचि एवं संवेदनशीलता विकसित करने में सहायक सिद्ध होंगे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा सासाराम एवं भभुआ रोड, स्टेशन पर सैलून के संचालन और रखरखाव हेतु ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :–

**1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : AA/1 -** सासाराम स्टेशन पर सैलून के स्थापना, संचालन और रखरखाव हेतु 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटलॉग संख्या :** COM-DDU-SLOON-2, **ई–नीलामी लॉट संख्या:** MSS-DDU-SSM-SS-48-26-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 19.05.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी।

**2. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : AA/2 -** भभुआ रोड स्टेशन पर सैलून के स्थापना, संचालन और रखरखाव हेतु 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटलॉग संख्या :** COM-DDU-SLOON-2, **ई–नीलामी लॉट संख्या:** MSS-DDU-BBU-SS-50-26-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 19.05.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी।

**वेबसाइट का पता जहां ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है – www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)**

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)**
**पं. दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/217/डी.डी.यू./सीओएमएल./ईएन/26–27/36

संपादकीय

# ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा जरूरी

देश में आर्थिक विकास की बढ़ती रफ्तार के साथ ऊर्जा की मांग भी लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन पारंपरिक ऊर्जा की अपनी समस्याएं हैं, जिसका हल ग्रीन एनर्जी में खोजा जा रहा है। लेकिन ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में भी अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई है। जानकारों का मानना है कि 2047, जोकि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत का लक्ष्य रखा है, में अकेले बिजली की ही मांग बढ़ कर 708 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। इसे पूरा करने के लिए देश को अपनी कुल बिजली उत्पादन क्षमता को मौजूदा क्षमता से चार गुना बढ़ाकर 2100 गीगावाट से अधिक करने की आवश्यकता होगी। हालांकि भारत सरकार ने ऊर्जा उत्पादन क्षमता लक्ष्य 2100 गीगा वाट से अधिक का रखा है, जिसमें सौर, पवन और परमाणु ऊर्जा पर जोर रहेगा। इसके अलावा नवकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य 1200 मेगा वाट का है। भारत में ऊर्जा की मांग में यह वृद्धि तेजी से बढ़ते शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण है। दरअसल भारत में ऊर्जा की मांग तो पहले से ही बढ़ रही थी। लेकिन पश्चिम एशिया में जारी अमेरिका इजराइल ईरान के बीच छिड़े विनाशकारी युद्ध ने पूरी दुनिया में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर उथल-पुथल मचा दी है। अमीर और गरीब दोनों तरह के मुल्क अपने नागरिकों को चेतावनी दे रहे हैं कि मुश्किल समय आने वाला है। ऐसा संकट जो शायद इस पीढ़ी ने तो नहीं झेला यानी ऊर्जा (ईंधन) की भारी कमी और राशनिंग। यहां तक कि कारों और विमानों के भी ईंधन खत्म हो जाने का खतरा मंडरा रहा है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। हमे ऊर्जा के वैकल्पिक साधन तलाशने होंगे और ऊर्जा की खपत भी किफायतशारी से करनी होगी। भारत में अभी भी जीवाश्म ईंधन सबसे मुख्य है। हम अपनी जरूरत का 90 फीसदी कच्चा तेल आयात करते हैं। देश में ऊर्जा परिवर्तन के प्रयास हो रहे हैं, लेकिन यह उस पैमाने पर नहीं हो रहा है, जितनी कि आवश्यकता है। हालांकि हमारे यहां सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में अच्छा काम हुआ है, लेकिन अभी काफी कुछ करना बाकी है। हाल ही में थिंक टैंक एम्बर द्वारा 74 सबसे जलवायु-संवेदनशील देशों के गठबंधन के साथ मिलकर जारी की गई एक रिपोर्ट में पाया गया कि ये देश इलेक्ट्रो-टेक को तेजी से अपना रहे हैं, क्योंकि यह तेज, सस्ता और अधिक विश्वसनीय है। पश्चिम एशिया के संकट ने पारंपरिक ऊर्जा आयात की लागत बढ़ा दी है और देशों को ऊर्जा सुरक्षा की आवश्यकता का एहसास कराया है। पहले से ही तेल और गैस के बाजारों पर कब्जा करने की नई होड़ शुरू हो गई है। यह सब ऊर्जा के भविष्य को नया रूप देगा। हमारे सामने बड़ी चुनौती ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने के साथ पर्यावरण को बचाने की भी है। इसलिए ऊर्जा के ऐसे साधनों पर जोर दिया जाए, जिससे पर्यावरण को न्यूनतम नुकसान पहुंचे। एक विकल्प परमाणु ऊर्जा का भी है, लेकिन उसमें गड़बड़ी हुई तो बड़े पैमाने पर विकिरण फैलने का खतरा है। वैसे तो सौर ऊर्जा के कुछ विपरीत प्रभाव भी राजस्थान में देखने में आए हैं। वैकल्पिक ऊर्जा पर विचार करते समय इन सब पहलुओं को भी ध्यान में रखना जरूरी है। यह भी सच है कि केवल पर्यावरण के नाम पर हम विकास की रफ्तार को नहीं रोक सकते। क्योंकि देश की आबादी बढ़ रही है और उसी के साथ लोगों की आकांक्षाएं भी बढ़ रही है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा तेज होती जा रही है। आज दुनिया में मुख्य लड़ाई संसाधनों पर कब्जे की ही है और इसमें भी ऊर्जा स्रोत सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे ग्रीन एनर्जी को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

# कौन-सा विपक्ष, किसका विपक्ष और कैसा विपक्ष?

**स्वतंत्र भारत के इतिहास में कई बार विपक्ष की स्थिति कमजोर रही है। वह निष्प्रभावी रहा है और वैचारिक और सांगठनिक विखराव का शिकार रहा है। लेकिन जब भी मौका आया तो उसने अपनी प्रभावी भूमिकाओं का निर्वहन किया। बल्कि स्वयं पंडित जवाहर लाल नेहरू का यह कथन भी आज के संदर्भ में मौजूं है कि अगर विपक्ष नहीं है तो हमें विपक्ष पैदा करना पड़ेगा। इसीलिए वे स्वयं छद्म नामों से भी लेख और संपादकीय लिखा करते थे। ताकि प्रतिपक्ष का शरीर भले अनुपस्थित हो लेकिन उसकी आत्मा तो जिंदा रहे। एक दौर तो ऐसा आया जब कुछ अखबार मालिकों और संपादकों ने तय किया कि अगर संसद में विपक्ष नहीं है तो पत्रकारिता को प्रतिपक्ष की भूमिका निभानी होगी और उन्होंने वह भूमिकाएं निभाईं।**

**अरुण कुमार त्रिपाठी**

आज चिंता की बात यह है कि आपातकाल को छोड़कर सत्तापक्ष और भारतीय राज्य का ऐसा चरित्र कभी नहीं रहा। सत्तापक्ष न तो कभी इतना क्रूर और निर्लज्ज था और न ही राज्य नामक संस्था इतनी प्रतिबद्ध और पक्षपाती। यहां तक कि आपातकाल के बाद भी राज्य का चरित्र ऐसा था कि उस इंदिरा गांधी की चुनावी हार हो गई जिन्होंने सोचा था कि आपातकाल लगाए जाने के बाद जनता उनकी मुट्ठी में आ चुकी है। लोकतंत्र के समक्ष इतनी प्रतिकूल स्थितियां कभी नहीं थीं जितनी आज हैं। क्योंकि तब एक गणित था कि अगर विपक्ष अपने मतों को एकजुट कर ले जाए तो सत्तापक्ष यानी कांग्रेस पार्टी को हटाकर विपक्ष अपनी सरकार बना सकता है। आज वह गणित फेल हो चुका है। अब लोकतंत्र या तो बीजगणित से चल रहा है या कैलकुलस से या फिर कुछ अदृश्य शक्तियां हैं जो बाजार के अदृश्य हाथ की तरह भारत को चला रही हैं।

तुलसीदास ने एक जगह कहा है कि ''उमा दारु जोसित की नाईं। सबहिं नचावत राम गुसाईं।।' यानी जिस प्रकार मदारी बंदर को नचाता है वैसे ही प्रभु सभी को नचाते रहते हैं। वह प्रभु कौन हैं यह कई बार शोध और अनुसंधान का विषय लगता है और कई बार कुछ महाशक्तियों के बयानों और अपने महाप्रभुओं के प्रकट और अप्रकट भावों से पता चल जाता है। इसलिए राजनीति के कई जानकार कहते हैं कि इस देश के सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष दोनों को कोई और चला रहा है तो अतिश्योक्ति नहीं लगती। वह संचालन पूंजी के माध्यम से हो रहा है, राजनीतिक एजेंडा के माध्यम से हो रहा है या फिर खुफिया एजेंसियों के माध्यम से हो रहा है यह विवेचन का विषय है। एक बार इस स्तंभकार ने नर्मदा आंदोलन पर मोनोग्राफ लिखते समय लिख दिया था कि विडंबना है कि सरदार सरोवर बांध बनवाने के लिए वही विश्व बैंक आर्थिक सहायता दे रहा है और वही विश्व बैंक आंदोलनकारी एनजीओ को अनुदान भी देता है। यानी बांध समर्थन और विरोध दोनों में एक ही शक्ति का हाथ है।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस की हार और तमिलनाडु में एक के स्तालिन की पार्टी द्रमुक की हार और केरल में यूडीएफ की विजय के बाद अगर कहीं




सर्वाधिक ऊहापोह और खींचतान की स्थिति है तो वह है इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया में। हालांकि यह कहने और लिखने वाले भी हैं कि देखो किस तरह राहुल गांधी ने ममता की हार से प्रसन्न हो रहे कांग्रेसियों को समझाने की कोशिश की और ममता का समर्थन किया, सोनिया गांधी और राहुल गांधी दोनों ने उन्हें फोन किया और अखिलेश यादव तो मिलने तक गए। और ममता बनर्जी ने भी कहा कि अब तो वे आजाद पंछी हैं और उन्हें कोई पद नहीं चाहिए, वे तो इंडिया समूह को मजबूत करेंगी। उससे विपक्षी एकता मजबूत होती दिख रही है। लेकिन दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी की ओर से टीवीके पार्टी के अभिनेता से राजनेता बने टी.विजय को सरकार बनाने के लिए समर्थन दिए जाने के बाद द्रमुक और समाजवादी नेता अखिलेश यादव की जो प्रतिक्रिया आई है उससे तो यही लगता है कि अब विपक्ष में दरार और गहरी हो गई है। कम से कम दक्षिण की एक पार्टी उससे छिटक गई लगती है। द्रमुक के प्रवक्ता ने तो कांग्रेस पर पीठ में छुरा घोंपने का आरोप लगाया है तो पार्टी की नेता कनिमोझी ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखकर दे दिया है कि वे द्रमुक के लिए सदन में इंडिया समूह से अलग बैठने की व्यवस्था कर दें। अखिलेश ने तो एक्स पर कांग्रेस पर तंज कसते हुए लिख दिया है कि वे संकट में किसी मित्र का साथ नहीं छोड़ते। यह तात्कालिक टिप्पणियां हैं, जिनकी अपने अपने ढंग से व्याख्याएं हो रही हैं। लेकिन समझदारी वाली व्याख्याओं के अलावा नामसझी भरी टिप्पणियां और अतीत के गड़े मुर्दे उखाड़ने वाले भाव भी कम नहीं प्रकट हो रहे हैं। यह व्याख्याएं और टिप्पणियां महज हालिया चुनाव और उसके गुणा गणित तक सीमित नहीं हैं बल्कि गैर भाजपावाद के निर्माण के लिए पूरे गैर-कांग्रेसवाद के इतिहास के औचित्य पर ही सवाल उठाए जाने तक फैल गई हैं।

समस्या शासक दल और राज्य नामक संस्था के अहंकार की ही नहीं है, समस्या विपक्षी दलों के अपने अपने अहंकार और भ्रम की भी है। अगर राहुल गांधी यह कहते हुए घूम रहे हैं कि नोट करके जेब में रख लीजिए कि भाजपा से सिर्फ कांग्रेस ही लड़ सकती है तो कम्युनिस्ट साथियों का यह बयान भी कम गलतफहमी वाला नहीं है कि संघ की विचारधारा से असली लड़ाई तो वामपंथ ही लड़ रहा है। जबकि क्षेत्रीय दलों और समाजवादी विरासत का दावा करने वाले दलों का अब भी दावा है कि भाजपा और संघ की विचारधारा के विस्तार को तो उन्होंने ही रोक रखा है। यानी कृष्ण की तरह गोवर्धन पर्वत तो उन्हीं की उंगली पर सधता है। इस बीच में यह ग्रंथि पाले कांग्रेसी बौद्धिक भी बैठे हैं कि संघ और भाजपा को आगे बढ़ाने का काम तो समाजवादियों ने किया और कम से कम दो बार यानी 1967 और 1977 में जनसंघियों को सत्ता दिलाने में उन्हीं का योगदान रहा। इसीलिए डॉ राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण को कोसने और सीआईए और इजराइल का एजेंट बताने वालों की तादाद भी कम नहीं है। निश्चित तौर पर उन लोगों की कमियां हो सकती हैं या फिर इतिहास के तात्कालिक प्रवाह में उनकी कांग्रेस विरोधी भूमिकाएं हो सकती हैं लेकिन एक बात दावे के साथ कही जा सकती है कि आज उस वजन का कोई नहीं है जो प्रतिपक्ष को जोड़ सके और गैर भाजपावाद के विचार को विपक्ष को जोड़ने वाले सीमेंट के गारे की तरह तैयार कर सके। भारतीय विपक्ष के पुनर्जीवन और भारतीय लोकतंत्र के पुनर्जीवन का एक ही उपाय है कि हम सब अतीत की ग्रंथियों से बाहर निकलें और नए युग के अनुरूप उपस्थित चुनौतियों को पहचानें।

अतीत का गैर-कांग्रेसवाद और आज का गैर-भाजपावाद महज रणनीतियां हैं, वे सकारात्मक विचार नहीं हैं। असली चुनौतियां आज के दौर के लोकतांत्रिक ताने बाने और राष्ट्रीय अखंडता के बिखराव को रोकने की है। विपक्षी दल इस बात को समझ नहीं रहे हैं या अगर समझ रहे हैं तो वैसा व्यवहार नहीं कर रहे हैं कि अगर मतदान से सत्ता परिवर्तन की स्थितियां रहेंगी तभी उन्हें सत्ता मिलेगी। अगर खेल का वह नियम ही समाप्त हो जाएगा और हर चुनाव में विपक्षी दलों का मुकाबला, पहले मीडिया, फिर ईडी-सीबीआई, फिर चुनाव आयोग फिर भारतीय सुरक्षा बल और आखिर में अथाह पूंजी और प्रचार से सज्ज भाजपा से होगा तो वे कभी चुनाव नहीं जीत सकते। एसआईआर और परिसीमन ने नई जनता और नए मतदाता चुनने का नियम बना दिया है। लोकतंत्र उस व्यवस्था का नाम है जहां पर मतदाता अपनी सरकार चुनते हैं। यहां उल्टा हुआ है। यहां सरकार ने अपने मतदाता चुने हैं और फिर उनसे मुहर लगवा कर अपनी विजय घोषित कर दी गई है।

भारतीय समाज और राष्ट्र के समक्ष इस समय दो प्रमुख चुनौतियां हैं। पहली चुनौती है राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बचाने की। दूसरी चुनौती है लोकतंत्र की व्यवस्था को कायम रखने और उसे समाज के भीतर तक ले जाने की। 1946 में जब मुस्लिम लीग ने 16 अगस्त को सीधी कार्रवाई का आह्वान किया था तो उनका साफ कहना था कि हम हिंदुओं के साथ नहीं रह सकते। हमें अलग राष्ट्र चाहिए। आज अगर पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री बनने और संविधान की शपथ लेने से पहले ही भाजपा नेता यह आह्वान कर रहा है कि हमें वैसा ही व्यवहार करना चाहिए जैसा कि इजराइल ने गज़ा में किया और अब सबका साथ सबका विकास का नारा नहीं चलेगा, जो हमारे साथ है उसी का विकास होगा तो आप सोच सकते हैं कि इस देश की एकता कितने दिनों तक बचेगी। दूसरी चुनौती लोकतंत्र को बचाने की है। अगर लोकतंत्र है तो इस देश में राजनीति, विचार और सामाजिक सौहार्द का कोई मतलब है। अगर वही नहीं है तो फिर स्वाधीनता संग्राम और भारत की आर्थिक तरक्की का क्या मतलब है वह तो महज चंद लोगों और शक्तियों का शगल हो जाएगा। इसलिए विपक्ष पहले अपना लक्ष्य तय करे, अहंकार से मुक्त हो और फिर सांगठनिक एकता कायम करे। अगर विपक्ष उस भूमिका का निर्वहन नहीं कर सकता तो आखिरी उम्मीद जनता से बचती है लेकिन असंगठित जनता असंगठित विपक्ष से अधिक अराजक और खतरनाक होती है।

अध्यात्म

## दूसरों के पीछे मत भागो



एक बार स्वामीजी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा - 'स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूं। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूं लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूं। 'युवक की परेशानी को विवेकानंद जी तुरंत समझ गए।उन्होंने युवक से कहा - 'भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कही दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। 'उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा।बहुत देर तक कुत्ते को सैर कराने के पश्चात जब युवक आश्रम में पहूंचा तो उन्होंने देखा कि युवक के चेहरे पर अभी भी तेज है, लेकिन वह छोटा कुत्ता थकान से जोर-जोर से हांफ रहा था।इस पर स्वामीजी ने पूछा - 'क्यों भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हे थकावट नहीं हुई? 'युवक बोला - 'स्वामीजी मैं तो धीरे-धीरे आराम से चलरहा था लेकिन यही बड़ा अशांत था। रास्ते में मिलने वाले सारे जानवरों के आगे-पीछे दौड़ रहा था। इसीलिएएक जैसी दूरी तय करने के बावजूद भी यह इतना थक गया। 'तब विवेकानन्द जी ने कहा - 'भाई, तुम्हारे प्रश्नोंका उत्तर भी तो यही हैं! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारेअगल-बगल है। वो तुमसे कही दूर थोड़ी है। परन्तु तुम अपने लक्ष्य का पीछा करना छोड़ अन्य लोगों के आगे-पीछे दौड़ते रहते हो और इस तरह तुम जिस चीज़ को पाना चाहते हो उससे दूर चले जाते हो। 'युवक उत्तर से संतुष्ट हो गया और अपनी गलती को सुधारने में लग गया।दोस्तों,क्या आपको नहीं लगता आज हम भी इसी कहानी के कुत्ते के समान दूसरों को फॉलो करने में लगे हुए है। आपका मित्र फैशन डिजाइनर है, तो आप भी वही बनना चाहते है। भले ही उसमें आपकी कोई रूचि हो या नहीं। ऐसा करके हम अपनी प्रतिभा को खो बैठते है और जिंदगी भर संघर्ष करते करते रहते है।

# विपक्ष के लिए कैसे कब्रगाह बन गया बंगाल

**भारत की विभाजन से जुड़ी हिंसक त्रासदियों के केंद्र में बंगाल था। आज़ादी के बाद भारत के लगभग सभी राज्यों की राजनीतिक संस्कृति समय के साथ बदली, लेकिन बंगाल में ऐसा नहीं हुआ, सत्ता चाहे मुस्लिम लीग, कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी या तृणमूल कांग्रेस की रही हो, राजनीतिक संघर्ष अक्सर अत्यधिक टकरावपूर्ण और हिंसक बना रहा। यही कारण है कि बंगाल की राजनीति केवल चुनावी परिणाम तक सीमित न होकर, उसकी राजनीतिक संस्कृति भी एक बड़ा प्रश्न बन जाती है। 1946 में मुस्लिम लीग की सरकार के नुमाइंदें हुसैन शहीद सुहरावर्दी के दौर में डायरेक्ट एक्शन डे से लेकर नक्सलवाद, वामपंथी कैडर राजनीति और बाद के वर्षों में तृणमूल बनाम भाजपा संघर्ष तक, बंगाल में राजनीति हिंसक और आक्रामक होते हुए सामाजिक प्रभुत्व, संगठनात्मक नियंत्रण और सड़क की ताकत का प्रदर्शन भी बन गई। इसके पीछे कई ऐतिहासिक और सामाजिक कारण रहे हैं। पहला कारण है विभाजन और सांप्रदायिक हिंसा की गहरी स्मृति।**

**डॉ. ब्रह्मदीप अलूने**

बंगाल ने 1946-47 में जिस भयावह हिंसा को देखा,उसने समाज और राजनीति दोनों को कठोर बना दिया। दूसरा कारण है वैचारिक राजनीति की तीव्रता। बंगाल लंबे समय तक राष्ट्रवाद, समाजवाद, वामपंथ और सांस्कृतिक आंदोलनों का केंद्र रहा। यहां राजनीतिक दल चुनावी संगठन के साथ समाज के भीतर वैचारिक और सामाजिक शक्ति केंद्र भी बन गए।

कैडर आधारित राजनीति का बंगाल में बड़ा प्रभाव रहा। वाम मोर्चे के लंबे शासन में पार्टी संगठन गांव-गांव तक फैल गया। पंचायत,यूनियन,छात्र राजनीति और स्थानीय प्रशासन तक राजनीतिक प्रभाव गहरा हुआ। बाद में यही मॉडल तृणमूल कांग्रेस ने भी अपनाया। परिणाम यह हुआ कि सत्ता परिवर्तन के बावजूद राजनीतिक संस्कृति में बड़ा बदलाव नहीं आया। विरोधी दलों के लिए राजनीतिक जगह अक्सर सीमित होती गई।राजनीतिक नेतृत्व ने संरक्षणवाद को बढ़ावा दिया जिससे आम जनता में आर्थिक और सामाजिक निराशा से न निकल पाने को लेकर हताशा का भाव गहरा हुआ। उद्योगों के पलायन,बेरोजगारी और स्थानीय सत्ता संरचनाओं ने राजनीतिक संरक्षणवाद को बढ़ावा दिया। बंगाल में चुनाव कई बार लोकतांत्रिक उत्सव से अधिक शक्ति प्रदर्शन जैसे दिखाई दिए। यहां सत्ता पक्ष ने हमेशा अपने संगठन को राज्य व्यवस्था से जोड़ने की कोशिश की,जिससे विपक्ष को भय और दबाव का सामना करना पड़ा। प्रशासनिक ढांचे को बंधक बनाकर उसे राजनीतिक हथियार और संसाधन की तरह उपयोग करने की प्रवृत्ति बंगाल में शासन करने वाले प्रत्येक दल की रही है। सुहरावर्दी से लेकर ममता बनर्जी और शुवेंधू अधिकारी तक बंगाल की राजनीति का एक लंबा इतिहास रहा है,जिसमें सत्ता परिवर्तन तो हुए,लेकिन राजनीतिक संस्कृति में हिंसा,संगठनात्मक वर्चस्व और विपक्ष का दमन लगातार देखने में आया और यह क्रम पिछले कई दशकों से जारी है। यही कारण है कि बंगाल हमेशा विपक्ष के लिए कब्रगाह रहा है।

बंगाल की राजनीति चुनावी प्रतिस्पर्धा से कहीं ज्यादा वैचारिक संघर्ष,सड़क की शक्ति,कैडर नेटवर्क और राजनीतिक प्रभुत्व का युद्धक्षेत्र भी रही है। यहां जो भी दल सत्ता में आया,उसने शासन के साथ समाज,प्रशासन और स्थानीय ढांचे पर गहरी पकड़ बनाने का प्रयास किया। वहीं विपक्ष को भयभीत करने और हाशिए पर धकेलने के प्रयास लगातार होते रहे। 1946 के प्रांतीय चुनाव इस राजनीतिक संस्कृति की शुरुआती झलक माने जा सकते हैं। उस समय अविभाजित बंगाल में मुस्लिम लीग ने निर्णायक जीत हासिल की और सुहरावर्दी के नेतृत्व में सरकार बनी। पाकिस्तान की मांग को मजबूत करने के लिए मुस्लिम लीग ने जिस प्रकार सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को हवा दी,उसका सबसे भयावह परिणाम 16 अगस्त 1946 के डायरेक्ट एक्शन डे के रूप में सामने आया। डायरेक्ट एक्शन डे के दौरान कलकत्ता में भीषण दंगे हुए,हजारों लोग मारे गए और प्रशासन लगभग निष्क्रिय दिखाई दिया। उस दौर में राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन ने लोकतांत्रिक असहमति को हिंसक टकराव में बदल दिया। 1947 में विभाजन के बाद पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा बना और कांग्रेस के नेतृत्व में नई राजनीतिक व्यवस्था स्थापित हुई। डॉ. बिधान चंद्र राय के नेतृत्व में राज्य में पुनर्निर्माण और औद्योगिक विकास की कोशिश हुई, लेकिन 1960 के दशक तक बेरोजगारी,खाद्य संकट और राजनीतिक अस्थिरता बढ़ने लगी। इसी पृष्ठभूमि में नक्सलवादी आंदोलन उभरा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी,माकपा और अन्य वामपंथी समूहों ने युवाओं के बीच प्रभाव बढ़ाया, जबकि कट्टर नक्सली धड़े हिंसक रास्ते पर चले गए। इसके जवाब में कांग्रेस सरकार ने कठोर दमनकारी नीतियां अपनाईं। पुलिस मुठभेड़ों,गिरफ्तारियों और राजनीतिक हिंसा का कुचक्र चला। लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर राज्य शक्ति का उपयोग कई बार अलोकतांत्रिक तरीकों से किया गया। इस दौर ने बंगाल में राजनीतिक हिंसा को लगभग संस्थागत रूप दे दिया। 1977 में वाम मोर्चा सत्ता में आया। ज्योति बसु और बाद में बुद्धदेव भट्टाचार्य के नेतृत्व में वामपंथ ने 34 वर्षों तक शासन किया। भूमि सुधार और पंचायत व्यवस्था जैसे कदमों ने उन्हें ग्रामीण बंगाल में मजबूत आधार दिया। लेकिन समय के साथ वाम शासन ने भी एक विशाल कैडर नेटवर्क खड़ा कर प्रशासन, यूनियनों और स्थानीय संस्थाओं पर कब्जा जमा लिया। राजनीतिक विरोधियों को सामाजिक और आर्थिक रूप से अलग-थलग करने की संस्कृति मजबूत हुई। पंचायत चुनावों में हिंसा,बूथ कब्जाने और विपक्षी कार्यकर्ताओं पर हमलों के आरोप लगातार सामने आते रहे। यहां कैडर राज में पार्टी और प्रशासन के बीच की रेखा धुंधली हो गई थी। 2007 का नंदीग्राम हिंसा और सिंगूर विवाद वाम शासन की छवि को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाली घटनाएं बनीं। भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आंदोलनों पर पुलिस कार्रवाई ने यह धारणा मजबूत की कि सत्ता में लंबे समय तक बने रहने के बाद वाम दल भी विपक्ष को दबाने वाली शक्ति बन चुके थे।इसी असंतोष के बीच ममता बनर्जी ने मां,माटी,मानुष के नारे के साथ वाम शासन को चुनौती दी और 2011 में ऐतिहासिक जीत हासिल की। शुरुआत में यह परिवर्तन लोकतांत्रिक पुनर्जागरण जैसा लगा,लेकिन समय के साथ तृणमूल कांग्रेस भी वाम दल की राह पर चल पड़ी। तृणमूल शासन के दौरान सिंडिकेट राज,स्थानीय दबंगों की राजनीति,पंचायत चुनावों में हिंसा और विपक्षी कार्यकर्ताओं पर हमलों ने लोकतंत्र को रक्तरंजित और कलंकित किया।

अब भाजपा की जीत और शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में नई सरकार का गठन बंगाल की राजनीति में ऐतिहासिक मोड़ माना जा रहा है। अब सबसे बड़ी चुनौती इस राज्य में राजनीतिक संस्कृति को बदलने की होगी। नई सत्ता को लोकतांत्रिक होकर पूरे राजनीतिक ढांचे पर प्रभुत्व की स्थापित कोशिशों को खत्म करने की ओर कदम बढ़ाने होंगे।

बंगाल की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही है कि यहां विचारधारा बदलती रही, लेकिन राजनीतिक व्यवहार में समानताएं बनी रहीं। मुस्लिम लीग,कांग्रेस,वाम मोर्चा से तृणमूल कांग्रेस तक,हर दौर में सत्ता ने अपने संगठनात्मक ढांचे को इतना मजबूत किया कि विपक्ष के लिए राजनीतिक जमीन सिकुड़ती गई। यही कारण है कि बंगाल में लोकतंत्र अक्सर केवल चुनावों तक सीमित दिखाई देता है,जबकि जमीनी स्तर पर राजनीतिक स्वतंत्रता कई बार दबाव और भय से प्रभावित होती रही है। हालांकि बंगाल की पहचान को केवल हिंसा और दमन तक सीमित करना भी ठीक नहीं होगा। यह भूमि रवीन्द्रनाथ ठाकुर, सुभाष चंद्र बोस और बौद्धिक बहसों की परंपरा की भी रही है। इसलिए बंगाल के भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि वह अपनी राजनीतिक ऊर्जा को हिंसक प्रभुत्व से निकालकर स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा में बदल सके। इसके लिए प्रशासनिक निष्पक्षता,राजनीतिक सहिष्णुता और समाज के भीतर लोकतांत्रिक संवाद की नई संस्कृति विकसित करनी होगी। बंगाल की ऐतिहासिक बौद्धिक परंपरा तभी सार्थक होगी,जब इस राज्य में असहमति को दुश्मनी नहीं,लोकतंत्र की स्वाभाविक शक्ति माना जाए। बहरहाल शुभेंदु अधिकारी से सबसे बड़ी उम्मीद यही हो सकती है कि बंगाल अपनी पुरानी हिंसक राजनीतिक विरासत से बाहर निकले और ऐसा राज्य बने जहां सत्ता परिवर्तन के साथ प्रतिशोध नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संतुलन दिखाई दे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
धार्मिक कार्यों में आप भाग लेंगे। आपकी एकाग्रता में वृद्धि होगी। सभी ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृषभ**
बच्चों के साथ पिकनिक की योजना बना सकते हैं। आय के साधनों में वृद्धि होगी। विवाह योग्य लोगों को उत्तम प्रस्ताव मिलेंगे। अपनी कार्यशैली से सन्तुष्ट रहेंगे।

**मिथुन**
घर की बातें बाहर वालों से शेयर न करें। होटल व्यवसाय में उत्तम धन लाभ हो सकता है। मन की नकारात्मकता दूर होगी। उच्च शिक्षा में सफलता मिलेगी।

**कर्क**
अपने आसपास के लोगों से सावधान रहें। थकान की वजह से आप अपने कार्यों में अधिक ध्यान नहीं दे पायेंगे। धन से जुड़े मामलों में लापरवाही करना उचित नहीं है।

**सिंह**
राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बुरी नीयत वाले लोगों से सावधान रहें। विद्युत उपकरणों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें।

**कन्या**
अपने काम दूसरों पर टालने से बचें। विवाह सम्बन्धित बात आगे बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके पक्ष में रहने वाला है।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। लोग आपके विचारों से सहमत होंगे। अपने खर्चों पर धीरे-धीरे नियन्त्रण पा लेंगे।

**वृश्चिक**
धैर्य और संयम के साथ काम करें। किसी पर भी आवश्यकता से अधिक विश्वास न करें। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**धनु**
अपने मन की बातें प्रेमीजन से साझा कर सकते हैं। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी। अपने कार्य का विस्तार करने का विचार बनायेंगे। कार्यक्षेत्र में नये मित्र बन सकते हैं।

**मकर**
कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। नये कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है। पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। अधिकारी वर्ग की आज्ञा का उल्लन्घन न करें। शाम को तनाव से राहत मिलेगी।

**कुंभ**
छोटी-छोटी गलतियों को सुधारने का प्रयास करें। नयी जॉब ऑफर हो सकती है। अपनी छिपी हुयी प्रतिभा को विकसित करने में सफल रहेंगे।

**मीन**
विवाहेतर सम्बन्धों से दूर रहें। परिवार एवं समाज में प्रतिष्ठा की चिन्ता रहेगी। आज अपने प्रतिद्वन्दियों को हल्के में न लें। आपका मन उदास हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पति पर धोखाधड़ी करने का केस दर्ज कराया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाजितपुर में अपनी पत्नी के साथ तलाक को लेकर धोखाधड़ी करने के आरोप में जालसाज पति पर केस दर्ज किया गया है। पीड़िता भारती कुमारी का कहना है कि उसका विवाह राजेश कुमार के साथ 25 साल पहले हुआ था। पति ने उसे किराए के मकान में ले जाकर छोड़ दिया और भरण पोषण की राशि बंद कर दी। कोर्ट में केस चला। तलाक का कागज पति ने बना लिया।इस की जानकारी भी उसे नहीं हुई। इस संबंध में महिला आयोग में भी केस दर्ज किया गया था। इसके बाद पति ने जान मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

### तस्वीर वायरल करने से शादी टूटी, केस दर्ज

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में गलत तरीके से फोटो वायरल करने के बाद युवती की शादी टूट गई। उसके बाद पीड़िता ने थाने में नालंदा जिले के रहुई थाना अंतर्गत सैदी गांव निवासी निशांत रंजन के विरुद्ध केस किया गया है। युवती सीएचओ के पद पर कार्यरत है ।महिला के अनुसार आरोपी ने साजिश के तहत उसका मोबाइल नंबर हासिल कर लिया और उसके बाद बात नहीं करने पर लगातार धमकी दी। बाद में आपत्तिजनक तस्वीर वायरल कर दिया। इसके बाद शादी का रिश्ता टूट गया ।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रक से दाल का बोरा चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के गुलाब बाग के पास सड़क पर होटल के सामने खड़े ट्रक का तिरपाल काटकर अपराधियों ने 50 बोरा दाल चोरी कर लिया। दाल असम जा रहा था। इस संबंध में न्यू प्रभात रोडवेज के संचालक अजय कुमार ने थाने में सूचना दर्ज कराई है। संचालक के अनुसार ट्रक पर स्थानीय गोला रोड से दाल लाद कर असम के बरपेटा भेजा जा रहा था ।ड्राइवर ने रात को खाना खा कर ट्रक लाइन होटल के सामने लगाकर सो गया। इसी दौरान सामान चोरी कर लिया।

### झपट्टा मार दो बदमाशों ने मोबाइल छीना

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना के नदवां बाजार में मंगलवार की दोपहर बाइक सवार एक युवक से दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया और मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक सिन्टु कुमार पिता नवल किशोर प्रसाद जो धनरूआ थाना क्षेत्र के मधुवन गांव का रहने वाला है। वह नदवां फोरलेन से अपने घर मधुवन जा रहा था,उसी समय पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवक आए और झपट्टा मारकर उसके उपर के पॉकेट से मोबाइल छीन लिया। पीड़ित युवक ने शोर मचाया और पीछा भी किया, लेकिन आरोपी तेज रफ्तार से धनरूआ-पुनपुन रोड की ओर भाग निकले। दोनों बदमाशों ने हेलमेट पहन रखा था, जिससे उनकी पहचान नहीं हो सकी। पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। नदवां बाजार में लगातार हो रही झपटमारी की घटनाओं से दुकानदारों व राहगीरों में दहशत है। लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### घर में घुसकर 1.50 लाख की लूट, महिलाओं के साथ मारपीट

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मामला मसौढी थाना क्षेत्र के पूरनचक गांव की है जहां पर पीड़ित महिला ममता देवी उम्र 35 वर्ष पति संजय प्रसाद ने अपने ही गांव के तकरीबन तिन लोगों पर घर में घुसकर मारपीट गाली गलौज और बक्से में रखे हुए 1लाख 50 हजार लेकर भाग जाने का आरोप लगाए हैं दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि जब रात को 10:00 बजे हम घर पर थे तो एकाएक सिधू कुमार उर्फ कृष्ण बल्लभ, रंजन प्रसाद दोनों पिता विश्वनाथ प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद पिता स्वर्गीय संयुक्त प्रसाद ग्राम सीताबीघा थाना परवलपुर जिला नालंदा ने मेरे घर पर आया और पूछा कि तुम्हारा पति कहां है और बेटा कहां है तो मैं बोली की सभी लोग अपने-अपने काम से बाहर गए हुए हैं उसके अपराध तीनों गाली गलौज करते हुए घर में घुस गया और मेरे पुतोहु हो शिवराती देवी के रूम में घुस गया और रूम में रखे हुए बक्से को तोड़कर 1लाख 50000 रुपए नगद ले लिया और विरोध किया तो मारपीट करने लगा जहां हो हल्ला करने पर सभी भाग निकले। पुलिस दिए गए आवेदन के आलोक में जांच पडताल में जुटी है।

### ऑटो चालक समेत चार ने दिया लूट की घटना को अंजाम

**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी से अपने गांव सगुनी जा रहे रेवां पंचायत के पंच के साथ दिनदहाड़े लूटपाट की घटना सामने आई है। ऑटो चालक और उसमें पहले से सवार तीन लोगों ने मिलकर मारपीट कर ₹1200 नकद लूट लिए। सोने की अंगूठी छीनने की कोशिश की, लेकिन अंगूठी नहीं निकलने पर सभी आरोपी फरार हो गए।जानकारी के अनुसार, सगुनी गांव निवासी व रेवां पंचायत के पंच ओंकार नाथ मिश्रा मंगलवार दोपहर मसौढ़ी बाजार आए थे। घर सगुनी लौटने के लिए वे एक ऑटो पर सवार हुए। आरोप है कि ऑटो चालक उन्हें सगुनी ले जाने के बजाय फोरलेन की ओर ले गया। फोरलेन पर एक सुनसान जगह पर ऑटो रोककर चालक समेत पहले से बैठे तीन लोगों ने ओंकार नाथ मिश्रा के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने चाकू दिखाकर जेब से ₹1200 नकद छीन लिए। इसके बाद हाथ में पहनी सोने की अंगूठी निकालने की कोशिश की। अंगूठी उंगली से नहीं निकलने पर बदमाशों ने दोबारा मारपीट की और सभी मौके से भाग निकले। पीड़ित पंच किसी तरह अपने घर सगुनी पहुंचे। घटना से वे इतने दहशत में हैं कि अभी तक थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। उन्होंने बताया कि आरोपी स्थानीय नहीं लग रहे थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि फोरलेन व बाइपास पर ऑटो में लूटपाट की घटनाएं बढ़ रही हैं। पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की गई है। मसौढ़ी थाना प्रभारी ने कहा कि शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित को थाने आकर आवेदन देने के लिए कहा गया है।

### प्रीडेटरी प्राइसिंग के खिलाफ दवा दुकानदारों का 20 मई को एक दिवसीय बंद का ऐलान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दवा दुकानदारों के राष्ट्रीय संगठन ने बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा ह्यप्रीडेटरी प्राइसिंगह्न कर बाजार में अनुचित प्रतिस्पर्धा पैदा करने का आरोप लगाते हुए 20 मई 2026 को एक दिवसीय बंद का आह्वान किया है। जिसको लेकर मसौढ़ी में सभी ड्रजिस्ट एवं केमिस्ट एसोसिएशन के द्वारा एक बैठक बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता सचिव अनिल कुमार ने की मौके पर अध्यक्ष मुकेश कुमार के अलावा पटना जिला के अध्यक्ष अर्जुन कुमार यादव सचिव राजेश कुमार आया शामिल रहे।संगठन का कहना है कि भारत सरकार द्वारा DPCO/NPPA के तहत दवाओं का मूल्य व मार्जिन तय होने के बावजूद बड़ी कंपनियां खुलेआम भारी डिस्काउंट देकर छोटे केमिस्ट का कारोबार खत्म कर रही हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के दवा दुकानदारों की आजीविका प्रभावित हो रही है और अवैध व्यापार बढ़ने का खतरा है। ई-फार्मेसी संचालन को सक्षम बनाने वाला GSR 817(ए) दिनांक 28.08.2018 वापस लिया जाए। कोविड के दौरान जारी GSR 220(ए) दिनांक 26.03.2020 को तत्काल वापस लिया जाए। प्रीडेटरी प्राइसिंग पर जांच कर सख्त नीति बनाई जाए।अवैध ई-फार्मेसी तत्काल बंद की जाए। राज्य के सभी केमिस्ट व सप्लाई चेन की सुरक्षा सुनिश्चित हो। संगठन ने कहा कि दवा आवश्यक वस्तु है, लेकिन सरकार सकारात्मक पहल नहीं कर रही। न्यायालय भी ई-फार्मेसी बिक्री के विपरीत टिप्पणी कर चुका है। विवश होकर एक दिवसीय बंद का फैसला लिया गया है। सभी दवा दुकानदारों से 20 मई को बंद सफल बनाने की अपील की गई है।



### मारपीट में 8 लोग घायल, 3 गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के छतरपुरा गांव में मंगलवार देर रात आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। टोटो से बच्चे को धक्का लगने की मामूली बात पर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें महिला समेत 8 लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, छतरपुरा निवासी रंजन महतो का टोटो गांव के ही एक छोटे बच्चे से हल्के से टकरा गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों तरफ से लाठी-डंडे चलाए गए। 8 लोग घायल, अस्पताल में भर्ती इस घटना में दोनों पक्षों के चार-चार लोग घायल हुए हैं। घायलों की पहचान मीना देवी, वर्षा कुमारी, बहादुर महतो, पप्पू कुमार और नितीश कुमार समेत 8 लोगों के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मोकामा पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेजा। मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है।

# होली मिशन सेकेंडरी स्कूल का 12 वीं का रिजल्ट अत्यंत शानदार रहा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कुल 71 बच्चों ने 90% से अधिक अंक ला कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। **विज्ञान संकाय** 1. आदित्य राज-99% 2. शशांक सेठ-98 % 3. हर्षित कृष्णा-97.8% **वाणिज्य संकाय-** 1. आकृति राज-90.8% 2. अनमोल राघव-90.6% 3. पायल शर्मा-90%

आदित्य राज को अंग्रेजी, गणित एवम फाइन आर्ट्स में अधिकतम 100 अंक आए हैं और बायोलॉजी में अधिकतम 100 अंक तनीषा, जाएरा इकबाल, अनुष्का प्रिया, साहिल, सारिका, आरुषि, श्रीपति, सुप्रिया और शशांक सेठ को आये है । केमिस्ट्री में अनम फातिमा को 99 अंक एवम फिजिक्स में हर्षित कृष्णा अधिकतम 98 अंक आये हैं । आयुष राज एवम शशांक सेठ म्यूजिक में अधिकतम 100 अंक आये हैं। फाइन आर्ट्स में कुल 66 विद्यार्थियों को 100 अंक आये हैं।




### आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल







# प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल का 12वीं में शत-प्रतिशत रिजल्ट, चित्रांश कुमार 96% के साथ बने अनुमंडल टॉपर

**विज्ञान संकाय के राजीव नयन को 92% व शुभम को 90%, 25 से अधिक छात्रों ने पाए 85% से ज्यादा अंक**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय बिरचीं स्थित प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। विज्ञान संकाय के मेधावी छात्र चित्रांश कुमार 96% अंक प्राप्त कर अनुमंडल टॉपर बने हैं। विद्यालय के राजीव नयन ने 92% और शुभम कुमार ने 90% अंक लाकर संस्थान का नाम रोशन किया। 25 से ज्यादा छात्रों ने 85% से अधिक अंक प्राप्त कर साबित किया कि छोटे शहरों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है।परिणाम आते ही विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल रहा। पीपी शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ. अभिराम शर्मा ने कहा, यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण औरअभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। नियमित कक्षा, मॉडल टेस्ट और व्यक्तिगत मार्गदर्शन से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा।अभिभावकों ने विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक माहौल व शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# शिवम कॉन्वेंट के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में लहराया परचम




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिवम कॉन्वेंट, न्यू बाईपास रोड, कंकड़बाग, पटना के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में शानदार अंक प्राप्त कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के छात्र शौर्य शर्मा ने 98.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं सारा कौशिक ने 98.0% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिव्यांशी शुभराजया ने 97.4% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कुल 56 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक, 99 विद्यार्थियों ने 80-90% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। इनमें प्रमुख रूप से शांभवी वर्मा-96.6%, विदुषी सिंह- 96.2% हर्ष (96.0%), अराध्य जायसवाल-95.8% , अध्या राज-95.4%, अपूर्वा चौधरी-95.4%, प्रनीत गुप्ता-95.2% समीर कुमार-95%,शौर्य विष्णु-95% सहित अनेक विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।

### ज्ञान निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का उत्कृष्ट परिणाम




ज्ञान निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोला रोड, पटना ने सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के सभी 133 छात्र सफल घोषित हुए। इनमें 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 130 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय के टॉपर मयंक कुमार ने 98.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मेघना कुमारी ने 98.2% तथा अभिनव कुमार ने 94.8% अंक प्राप्त किए। इसके अलावा आर्यन सिंह ने 94.6%, अनिक राज ने 94.0%, अमन कुमार ने 93.8%, अमन आनंद ने 92.0% एवं राजवीर राणा ने 91.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# मेंटर्स एडुसर्व लेकर आया है 'ग्रेट एडमिशन उत्सव 2026'

**उचित शुल्क पर रिजल्ट ओरिएंटेड क्वालिटी एजुकेशन, हर विद्यार्थी की पहुंच में उत्कृष्ट शिक्षा**



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईस्टर्न इंडिया के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान मेंटर्स एडुसर्व द्वारा 'ग्रेट एडमिशन उत्सव 2026' की शुरूआत की गई है। इस विशेष पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उचित शुल्क पर रिजल्ट ओरिएंटेड एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक स्थिति किसी भी छात्र के डॉक्टर या इंजीनियर बनने के सपनों में बाधा न बने। संस्थान के निदेशक आनंद कुमार जायसवाल ने बताया कि विद्यार्थी जेईई एवं नीट कोर्स (कक्षा 11वीं, 12वीं एवं 12वीं पास) के साथ-साथ फाउंडेशन कोर्स (कक्षा 6वीं से 10वीं) में नामांकन लेकर अपनी तैयारी शुरू कर सकते हैं। ग्रेट एडमिशन उत्सव के अंतर्गत कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 2 वर्षीय कोर्स फीस ₹84,999, कक्षा 12वीं एवं 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 1 वर्षीय कोर्स फीस ₹41,999 तथा कक्षा 6वीं से 10वीं के विद्यार्थियों के लिए 1 वर्षीय फाउंडेशन कोर्स फीस ₹24,999 निर्धारित की गई है। सभी कोर्स के नए बैच 21 मई 2026 से प्रारंभ होंगे। श्री जायसवाल ने बताया कि मेंटर्स एडुसर्व में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक एवं स्मार्ट लर्निंग के माध्यम से पढ़ाई कराई जाती है। ऑफलाइन कक्षाओं में स्मार्ट डिजिटल बोर्ड का उपयोग किया जाता है। विद्यार्थियों को ऑफलाइन क्लास रिकॉर्डिंग, शिक्षकों के क्लासरूम नोट्स की पीडीएफ, एआई आधारित टेस्ट सीरीज, ऑफलाइन एवं ऑनलाइन डाउट सपोर्ट तथा डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जाती हैं। संस्थान में कक्षा 6वीं से 12वीं एवं 12वीं पास विद्यार्थियों को जेईई, नीट, ओलंपियाड एवं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण प्रदान करना है।

# छात्र जदयू के प्रयास से एस.यू. कॉलेज का परीक्षा केंद्र हिलसा में ही रहेगा

**पाटलिपुत्र विवि ने दिया आश्वासन, 16 मई को जारी होगा सेमेस्टर-2 का एडमिट कार्ड**



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परीक्षा केंद्र में बदलाब को लेकर छात्र संघ जदयू, हिलसा का लगातार प्रयास आखिरकार रंग लाये। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा समीपवर्ती एस.यू. कॉलेज, हिलसा का परीक्षा केंद्र बिहारशरीफ बनाए जाने पर उत्पन्न हुई समस्या का समाधान हो गया है। छात्र जदयू के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ0 मनोज कुमार से मुलाकात कर छात्रों को हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया। छात्रों ने बताया कि परीक्षा केंद्र केएसटी कॉलेज, बिहारशरीफ स्थानांतरित होने से दूर-दराज के छात्र-छात्राओं को गर्मी में आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। परीक्षा नियंत्रक ने छात्र नेताओं की बात सुनने के बाद आश्वासन दिया कि एस.यू. कॉलेज, हिलसा का परीक्षा केंद्र आगे भी हिलसा में ही रहेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि स्नातक सेमेस्टर-2, सत्र 2025-2029 का एडमिट कार्ड 16 मई को जारी कर दिया जाएगा। छात्र जदयू के कॉलेज प्रतिनिधि रिशु पटेल ने कहा कि संगठन हमेशा छात्रों के हित में आवाज उठाता रहा है और आगे भी उठाता रहेगा।

# पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर की तैयारी को लेकर एसडीएम ने की समीक्षा बैठक



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 19 मई को सभी पंचायतों में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारी को लेकर बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने सभी प्रखंडों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। एसडीएम ने शिविर के सफल संचालन के लिए कई आवश्यक दिशानिर्देश दिए। बैठक में एसडीएम अभिषेक कुमार ने सभी बीडीओ, सीओ व अन्य पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में राजस्व, पेंशन, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आवास, मनरेगा सहित सभी योजनाओं के आवेदन लिए जाएं। उन्होंने कहा, "शिविर का उद्देश्य है कि लोगों को एक ही छत के नीचे सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। एक भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। सभी पंचायतों में शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। शिविर में सभी विभागों के काउंटर लगेंगे। कर्मियों की प्रतिनियुक्ति समय से करें,आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन हो।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में जीत की खुशी पर की थी फायरिंग

**पुनपुन थाने में प्राथमिकी दर्ज**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट में जीत की खुशी से उत्साहित डुमरी की टीम के एक युवक ने तबातोड़ तीन राउंड फायरिंग करते हुए जीत की खुशी मनाई थी, फायरिंग की घटना सूचना मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन करते हुए वायरल वीडियो का सत्यापन करते हुए युवक की पहचान की गई, जहां चौकीदार के बयान पर थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल बताया जाता है कि पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी रेलवे स्टेशन से पश्चिम एक खेल मैदान में बीते 12 मई की शाम को हबीबपुर, कल्याणपुर, जमालपुर ,उदयपुर एवं बसुहार तथा डुमरी गांव के सभी युवकों के बीच नाइट क्रिकेट आयोजन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था, जहां क्रिकेट टूर्नामेंट में जट डुमरी की टीम जीत गई थी।

# मुख्यमंत्री से मिले साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा. अनिल सुलभ

**साहित्य, संस्कृति और शिक्षा को प्राथमिकता देने का किया आग्रह, पुस्तक-लोकार्पण के लिए दिया आमंत्रण**



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने मंगलवार की संध्या बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से उनके 1 अणे मार्ग स्थित आवासीय कार्यालय में भेंट की तथा साहित्य, संस्कृति और शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया। डा सुलभ ने मुख्यमंत्री को स्मरण दिलाया कि वे बिहार के मंदिरों और गुरुद्वारा आदि पुण्य-स्थलों से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं, यह अच्छी बात है, किंतु बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन भी साहित्य का एक प्राचीन मंदिर ही है, जहां आकर उन्हें दिवंगत ऋषि-साहित्यकारों का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए । डा सुलभ ने उन्हें मधुबनी-कला से युक्त वन्दन-वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर बधाई भी दी तथा भगवान श्री राम की बिहार यात्रा के क्रम में प्रदेश के विभिन्न स्थलों पर पड़े उनके चरण, उन स्थलों की महिमा और ऐतिहासिक-आध्यात्मिक महत्त्व पर दस वर्षों के शोध पर आधारित अनेक अचंभित करने वाली तथ्यपूर्ण सूचनाओं से समृद्ध, चर्चित शोध-लेखक श्री रवि संगम द्वारा लिखित और साहित्य सम्मेलन द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'रामायण परिपथ, बिहार' के लोकार्पण हेतु आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने हर्ष के साथ सम्मेलन आने की इच्छा व्यक्त की तथा आश्वस्त किया कि तिथि निर्धारित कर वे अपने कार्यक्रम से अवगत कराएंगे। डा. सुलभ ने पत्र लिख कर भी बिहार में उत्तर प्रदेश सहित अनेक प्रांतों में स्थापित हिन्दी संस्थानों की भाँति बिहार में भी 'बिहार हिन्दी संस्थान' की स्थापना, 'हिन्दी प्रगति समिति, बिहार' के पुनर्गठन तथा बिहार की भाषायी अकादमियों को सक्षम और समृद्ध बनाने का आग्रह भी किया है।

# पीएम मोदी की अपील से मसौढी आभूषण के दुकानदारों में रोष

**बोले-सरकार ने पेट पर लात मारी**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से एक साल तक गैर-जरूरी सोना न खरीदने की अपील के बाद सरार्फा बाजार में हलचल मच गई है।मसौढी समेत कई शहरों में आभूषण दुकानदारों ने विरोध जताया और बाजार बंद रखे। ऐसे में मसौढी बाजार में आभूषण दुकानों पर सन्नाटा पसरा दिख रहा है।व्यापारियों का आरोप है कि पीएम की अपील से हमारा पेट पर लात मारी गई है। मसौढी बाजार के सरार्फा दुकानदार संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि आभूषण दुकानदारी के अलावा कोई और दूसरा काम नहीं है ना खेती है ना कुछ और है। ऐसे में हम लोग क्या करेंगे, वही वैष्णवी ज्वेलर्स के विक्की जायसवाल, संतोष कुमार, इंदू ज्वेलर्स के शशि भूषण आदि ने कहा कि हम लोग अब क्या करेंगे कोई काम धंधा भी नहीं है रोजी-रोजगार नहीं है घर का खर्चा कैसे चलेगा। दरअसल हैदराबाद में एक जनसभा के दौरान पीएम मोदी ने कहा था, राष्ट्रीय हित में एक साल तक सोना न खरीदें, चाहे शादी-ब्याह ही क्यों न हो। उन्होंने पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए वर्क फ्रॉम होम और कार पूलिंग अपनाने की भी अपील की। मसौढी सरार्फा एसोसिएशन के अध्यक्ष ने अनिल कुमार ने कहा, शादी का सीजन है। एक साल सोना नहीं बिकेगा तो लाखों कारीगर, मजदूर बेरोजगार हो जाएंगे। सरकार पहले से 3%जीएसटी, हॉलमार्किंग से परेशान कर रही है। अब ये अपील हमारे धंधे को खत्म कर देगी। मसौढ़ी के आभूषण दुकानदार विक्की जयसवाल ने कहा, मोदी जी ने हमारे पेट पर लात मार दी। सोना खरीदना बंद हुआ तो दुकान में ताला लग जाएगा। छोटे दुकानदार बर्बाद हो जाएंगे। रोष व्यक्त करने में आभूषण दुकानदारों में सुरेंद्र खत्री, चंद्रभूषण प्रसाद, अमित कुमार, धर्मपाल कुमार, राजू खत्री, दीपक कुमार आदी शामिल रहे।

### बीमार पिता को देखने गई महिला लापता, पति ने थाने में की गुमशुदगी की शिकायत

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के चनाकी पंचायत, साण्डा गांव निवासी विक्कु शर्मा ने अपनी दूसरी पत्नी के लापता होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। पति का आरोप है कि पत्नी बीमार पिता को देखने मायके जाने की बात कहकर घर से निकली, लेकिन वह मायके पहुंची ही नहीं। थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में 33 वर्षीय विक्कु शर्मा ने बताया कि पहली पत्नी की मृत्यु के बाद उसने रानी देवी से दूसरी शादी की थी। दिनांक 11 मई 2026 को सुबह करीब 7 बजे रानी देवी अपनी बच्ची को लेकर यह कहकर घर से निकली कि "पिताजी की तबीयत खराब है, मायके हुलासगंज, जहानाबाद जा रही हूं। विक्कु शर्मा के अनुसार, वह उसी दिन दोपहर करीब 1 बजे ससुराल हुलासगंज पहुंचा।

**अनुमंडलीय अस्पताल बना रण क्षेत्र**

# इलाज करने के दौरान दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गुलाब बाग मोहल्ला में मामूली विवाद को लेकर दो युवक की आधा दर्जन बदमाशों ने जमकर पिटाई कर दिया मारपीट की घटना में मोहम्मद सद्दाम और मोहम्मद रियाज उर्फ टार्जन गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए दोनों घायल को बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया अभी दोनों का इलाज चल ही रहा था कि मारपीट करने वाले पक्ष के तीन युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर युवक की स्थिति पता करने अस्पताल पहुंच गया। इस दौरान घायल पक्ष के लोगों ने मोटरसाइकिल को रोक लिया और उसे पर से मारपीट करने वाले एक युवक को मोटरसाइकिल से खींचकर जमकर पिटाई कर दी। करीब 5 मिनट तक लात और मुक्का से युवक की पिटाई करता रहा बाद में युवक को पकड़ कर लोगों ने अपने पास रखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। बाढ़ थाना के दरोगा गणेश कुमार राय दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर मारपीट में घायल लोगों से पूछताछ किया और किशन कुमार नामक युवक को अनुमंडल अस्पताल में इलाज करने के बाद अपने साथ थाना लेकर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि घटना के करण का अभी पता नहीं चला है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है लेकिन अस्पताल में मारपीट के दौरान जख्मी हुए युवक किशन का अपराधिक इतिहास है हाल के दिनों में शराब मामले में जेल से छूटकर बाहर आया था और फिर मारपीट की घटना को अंजाम दे दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्र हत्या कांड में प्राथमिकी दर्ज,भाई ने दिया आवेदन

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोटवा कझिया स्थित एकेआरआर महाविद्यालय परिसर में छात्र की चाकू गोद कर हत्या करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। मामले में मृतक रितेश कुमार के भाई राजेश कुमार के बयान पर केस दर्ज किया गया है। राजेश ने अपने आवेदन में गांव के ही सरोज यादव सहित दो को नामजद करते हुए 8 - 10 अज्ञात लोगों को आरोपित किया है। इस बाबत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताता है कि पुलिस को दिए आवेदन में मृतक के भाई ने घटना का जिक्र करते हुए उसके भाई को सरोज यादव सहित अन्य आरोपितों के द्वारा चाकू से गोंद कर नृशंस हत्या किए जाने की बात कही है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की थी , जिसमें घटना के अगले ही दिन एक आरोपी कोटवा बड़हरवा कला गांव के गुड्डू यादव की गिरफ्तारी हुई थी। हालांकि घटना का मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी सहित घटना में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी पुलिस के लिए अब भी चुनौती है। गिरफ्तार आरोपी के बयान और वीडियो फुटेज के अवलोकन के आधार पर कई व्यक्ति को चिन्हित कर उनके विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है। बतादे कि 11 मई की दोपहर कोटवा के कझिया के स्थित एकेआरआर महाविद्यालय परिसर में कल्याणपुर थाने के देव पुर परसा गांव के छात्र रितेश कुमार यादव की सरेआम चाकू से गोंद कर हत्या कर दी गई थी।

### जमीनी विवाद में दो लोग गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार के दिन जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में कयी लोग चीनी के चाशनी से घायल हुए थे जिसमें दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, झड़प के बाद थाना प्रभारी पूजा कुमारी ने तकक्षण मामले को देखते हुए दो व्यक्ति मुन्ना भगत और सुनिल पिता धर्म देव भगत को कांड संख्या




154/26,धारा 126/2/, 117/3/, 118/2/, 109/1/, 3,5,बीएन एस दर्ज कर गिरफ्तार किया, दोनों श्याम पुर गांव के निवासी हैं, विडियो फुटेज के आधार पर अन्य और लोगों की खोज बीन जारी है।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर खास गांव में छापामार कर पुलिस ने बाइक चोरी मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चोरी की बाइक भी बरामद किया है।पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है।गिरफ्तार सत्येंद्र कुमार कोटवा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर खास निवासी सुदेश राय का पुत्र बताया गया है।पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर



अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार सत्येंद्र पर कोटवा 190/26 के अलावे कोटवा कांड संख्या 379/23,24/24 दोनो चोरी,कांड संख्या 192/24 एसटीएससी,कांड संख्या 357/25 लुट का मामला पहले से दर्ज है।थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### स्नातक तृतीय सेमेस्टर की छठे दिन की परीक्षा संपन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) तृतीय सेमेस्टर, सत्र 2024-28 की परीक्षा दिनांक 8 मई 2026 से प्रारंभ है । मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एल. एन. डी कॉलेज, मोतिहारी और मोतिहारी डिग्री इवनिंग कॉलेज,मोतिहारी के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 13/05/ 2026 को परीक्षा के छठे दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में माइनर ग्रुप-जी के अंतर्गत इतिहास विषय की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 1393 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में माइनर ग्रुप- एच के अंतर्गत जूलॉजी, बॉटनी, हिंदी, मनोविज्ञान, उर्द और समाजशास्त्र विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें 515 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा कदाचार मुक्त, अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की शुचिता एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी प्रबंध किए गए थे। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के प्राचार्य प्रो. एम.एन.हक और परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी ।

### नेपाल में सड़क हादसा, 9 भारतीयों समेत 11 घायल

**दरभंगा के तीन यात्रियों की हालत गंभीर, चालक हिरासत में।**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल के बीरगंज-काठमांडू सड़क खंड पर सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, काठमांडू की ओर जा रही एक ईवी कार अनियंत्रित होकर पहाड़ी दीवार से टकरा गई। हादसा इन्द्र सरोवर गांवपालिका-2 स्थित सिस्नेरी-दक्षिणकाली मार्ग पर हुआ। दुर्घटना में 9 भारतीय नागरिकों समेत




कुल 11 लोग घायल हो गए। घायलों में बिहार के दरभंगा निवासी राम विनय झा, निर्मला देवी और अनीता देवी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को स्थानीय पुलिस और रेस्क्यू टीम की मदद से तत्काल काठमांडू स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में वाहन का ब्रेक फेल होना हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। घटना के बाद धुनषा निवासी चालक पिन्डु सिंह को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय पुलिस चौकी खानिखेत और सिस्नेरी की संयुक्त टीम ने राहत एवं बचाव कार्य चलाकर घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट मे एरा प्रेप पब्लिक स्कूल विजयी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेहरू स्टेडियम में चल रहे आशीर्वाद मेमोरियल इंटर स्कूल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले में एरा प्रेप पब्लिक स्कूल ने जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल को 9 विकेट के बड़े अंतर से हरा दिया। मीडिया प्रभारी प्रीतेश रंजन ने जानकारी देते हुए बताया की ग्रुप बी के मुकाबले में टॉस जीतकर पहले खेलने उतरी जी डी गोयनका



स्कूल की टीम दानिश व पीयूष के 19-19 रन की पारी के बदौलत में 119/10 रन(19.2ओवर) का स्कोर बनाया। एरा प्रेप एंड पब्लिक स्कूल के गेंदबाज पीयूष पटेल ने 3 विकेट व सैफ ने 2 विकेट लिया।जवाब में एरा प्रेप एंड पब्लिक स्कूल ने मैन ऑफ द मैच मो. जीशान के 60 रन व अंश के 39 रन की पारी के बदौलत 124/1(8.3 ओवर) का स्कोर ही बनाकर मैच 9 विकेट से जीत लिया। जी डी गोयनका स्कूल के गेंदबाज आरिफ रेजा को 1विकेट मिला। मैच में अम्पायर की भूमिका में बीसीए ग्रेड लेवल ए के वेदप्रकाश व मो. तैयब ने निभाया वही स्कोरर की भूमिका में अस्मित व आशिक रहे।कल के मुकाबले में राजहंस एकेडमी पले एंड पब्लिक स्कूल टीम के सामने सैंट जार्ज हाई स्कूल की टीम होगी। मौके पर टूनामेंट कमिटि के सदस्य महफूज रहमान खान, एडवोकेट कमलेश कुमार, मो.आलम, शाहिद हसन, सचिन सहनी, मो.रेयान इत्यादि की उपस्थिति रही।

# सड़क हादसे ने छीनी खुशियां: बोलेरो अज्ञात खड़े ट्रक से टकराई, एक की मौत, सात घायल

**सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के बंशी छपरा गांव के समीप एनएच-531 पर हुआ हादसा**





**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के बंशी छपरा गांव के समीप छपरा-सीवान नेशनल हाईवे-531 पर बुधवार की अहले सुबह बारात से लौट रही तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे खड़े एक अज्ञात ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दाउदपुर थाना क्षेत्र के दुमदुमा गांव निवासी राम ईश्वर साह के द्वितीय पुत्र लगभग 24 वर्षीय राहुल कुमार साह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक समेत लगभग 7 अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। वहीं घायलों में दाउदपुर थाना क्षेत्र के हर्षपुरा गांव निवासी मुकेश कुमार, सूरज कुमार, दाउदपुर निवासी दिलीप कुमार उर्फ दीपू, जैतपुर निवासी छोटू कुमार तथा जैतपुर तिवारी टोला निवासी प्रियांशु कुमार पाठक समेत सात लोग शामिल हैं। सूचना मिलते ही रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रिंस राज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद सभी क्षतिग्रस्त गाड़ी से निकलकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा व अन्य नजदीकी निजी अस्पतालों में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल सूरज कुमार को एकमा सीएचसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ विवेक प्रसाद द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा हेतु छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया, जबकि अन्य घायलों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। बताया गया है कि दो गंभीर रूप से घायलों को बेहतर उपचार के लिए पीएमसीएच पटना भी भेजा गया है। बताया जाता है कि दाउदपुर थाना क्षेत्र के हर्षपुरा गांव से कुछ युवक मंगलवार की शाम बारात में शामिल होने उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के रामपुर गए थे और बुधवार की सुबह वापस घर लौटने के दौरान वे सड़क हादसे का शिकार हो गए। रसूलपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है तथा क्षतिग्रस्त बोलेरो को कब्जे में लेकर अज्ञात ट्रक व उसके चालक की पहचान के प्रयास सहित मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सुगौली चीनी मिल क्षेत्र अंतर्गत बंजरिया प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राहुल कुमार ईख पदाधिकारी - सह - सचिव, क्षेत्रीय विकास परिषद सुगौली के द्वारा सुगौली चीनी मिल क्षेत्र अंतर्गत बंजारिया प्रखंड के सेमरा टोला, भोला पंचायत में ईख ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सुगौली चीनी मिल के उत्कृष्ट सीताराम भारद्वाज, उप गन्ना प्रबंधक श्री संजीव चौहान, वरीय वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र, माधोपुर, डॉ. हर्ष इफ वैज्ञानिक, पश्चिमी चंपारण सहित बड़ी संख्या में किसानगण उपस्थित रहे। ग्राम सभा में उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा किसानों की



उक्त ग्राम सभा में किसानों को गन्ना उत्पादन, उन्नत बीज चयन, रोग-कीट नियंत्रण, समय पर बुआई, संतुलित उर्वरक उपयोग, सिंचाई प्रबंधन एवं गन्ना सर्वे / पंजीकरण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। ग्राम सभा के दौरान उपस्थित किसानों को गन्ना खेती में नवीन तकनीकों को अपनाकर उत्पादन एवं गुणवत्ता बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में समस्याओं को सुना गया तथा समाधान हेतु तकनीकी सुझाव दिए गए। साथ ही किसानों से अपील की गई कि वे गन्ना खेती में अनुशंसित विधियों को अपनाएं एवं समय पर गन्ना आपूर्ति कर चीनी मिल संचालन में सहयोग करें। कार्यक्रम के अंत में ईख पदाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित किसानों एवं अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा अम्बेडकर आवासीय विद्यालय का किया गया निरिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संतोष कुमार पांडेय, जिला कल्याण पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण मोतिहारी के द्वारा डॉ भीमराव



अम्बेडकर आवासीय विद्यालय सुगांव, पूर्वी चम्पारण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में आयोजित स्वास्थ्य जाँच शिविर का अनुश्रवण किया गया। आयोजित शिविर में कुल 130 बच्चों ने अपना स्वास्थ्य जाँच करवाया तथा डॉक्टरों द्वारा आवश्यक दवाईयां छात्रों को मुहैया करवाई गई। निरीक्षण के क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी पूर्वी चंपारण एवं जिला परियोजना प्रबंधक जीविका पूर्वी चंपारण के द्वारा मेस संचालन, साफ सफाई, पोशाक आपूर्ति, पोशाक धुलाई आदि का निरीक्षण किया गया तथा विभागीय आदेश के आलोक मेनू के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा नियमित रूप से विद्यालय परिसर, छात्रावास, वर्ग कक्षा आदि का साफ सफाई करने का निर्देश दिया गया साथ ही ससमय पोशाक की आपूर्ति करने तथा पोशाक धुलाई का कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ करने का निदेश दिया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य श्री पंकज कुमार, सभी शिक्षक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुगौली के डॉ मनमोहन कुमार, डॉ के. के. भारती, अंकिता, अंजु एवं उमेश सिंह (परिचारी) उपस्थित थे।

## 'सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य' के महत्वपूर्ण बैठक

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सचिव नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन 'नालसा' (जागृति ) स्कीम , 2025 के अंतर्गत माह मई 2026 हेतु निर्धारित विषय ह्लसुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्यह्न के आलोक में किया गया, जिसमें विद्यालयों एवं समुदाय स्तर पर POCSO Act, 2012 के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाने पर चर्चा की गई। बैठक में सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि जिले के विभिन्न विद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा विद्यालयों में सुरक्षित एवं संवेदनशील वातावरण तैयार करना आवश्यक है। इसके लिए विद्यालय प्रबंधन समितियों, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, पुलिस विभाग, महिला हेल्पलाइन,आशा कार्यकताओं एवं स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विद्यालयों में लीगल अवेयरनेस कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे, जहां बच्चों एवं अभिभावकों को हेल्पलाइन नंबर, कानूनी सहायता एवं शिकायत प्रक्रिया संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही बच्चों को सरल एवं रोचक माध्यमों जैसे नुक्कड़ नाटक, कहानी, ऑडियो-वीडियो सामग्री एवं संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। सचिव नितिन त्रिपाठी ने सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया तथा कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी द्वारा पूरे जिले में चरणबद्ध तरीके से जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। बैठक में सुनील कुमार पुलिस उपाधीक्षक, सुश्री निधि वरीय उप समाहर्ता , ज्ञानेश्वर प्रकाश जिला जन संपर्क पदाधिकारी, प्रशांत कुमार चौधरी, संतोष कुमार पाण्डेय जिला कल्याण पदाधिकारी,डॉ मुकेश कुमार कुशवाहा, चन्द्रदीप कुमार अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही ।



## 'सोशियोस्केप्स': नई शिक्षा नीति को जीवंत अनुभव में बदलता महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय का अभिनव आयोजन

**समाज, संस्कृति, कला, कौशल और संवाद का दो दिवसीय रचनात्मक उत्सव**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण की धरती पर स्थित महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि नई शिक्षा नीति केवल दस्तावेजों तक सीमित अवधारणा नहीं, बल्कि उसे जमीनी स्तर पर जीवंत अनुभव में बदला जा सकता है। विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा 11 एवं 12 मई 2026 को



आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम 'सोशियोस्केप्स' इसी सोच का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया। यह आयोजन केवल एक विश्वविद्यालयी कार्यक्रम नहीं था, बल्कि शिक्षा, समाज, संस्कृति, कला और कौशल को जोड़ने वाला ऐसा जीवंत मंच था, जिसने विद्यालय और विश्वविद्यालय के बीच संवाद की नई राह खोली। कार्यक्रम का उद्देश्य था—एकतरफा व्याख्यान आधारित शिक्षा पद्धति से आगे बढ़ते हुए विद्यार्थियों को अनुभवात्मक, रचनात्मक और सहभागितापूर्ण सीखने का अवसर देना। वहीं सांसद राधा मोहन सिंह ने की आयोजन की सराहना।

**कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा- विश्वविद्यालय केवल डिग्री नहीं, संवेदनशील नागरिक तैयार करे**

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्वी चंपारण के सांसद राधामोहन सिंह की उपस्थिति रही। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में लगी प्रदर्शनी, कला दीर्घा तथा विभिन्न कार्यशालाओं का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में है और नई शिक्षा नीति युवाओं को नवाचार, कौशल तथा सृजनात्मक चिंतन की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन रही है। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव की विशेष प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने ऐसा वातावरण तैयार किया है जहाँ विद्यार्थी केवल परीक्षा की तैयारी नहीं करते, बल्कि समाज की जटिल समस्याओं को समझने और उन्हें संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि 'सोशियोस्केप्स' जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ाकर वास्तविक सामाजिक अनुभवों से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है जो समाज के प्रति संवेदनशील हों और सृजनात्मक नेतृत्व क्षमता रखते हों। उन्होंने यह भी कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को नवाचार, कौशल विकास और बहुआयामी शिक्षा का मंच प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कैंपस निदेशक प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षा को जीवन से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि सामाजिक समझ, संवाद कौशल, साइबर जागरूकता और सांस्कृतिक संवेदनशीलता की भी आवश्यकता है। 'सोशियोस्केप्स' विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है।

## अमृता बनीं कुछ देर के लिए बगहा की एसपी

**छात्रा ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं**

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बगहा प्रखंड बगहा-एक अंतर्गत कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, परसा की आठवीं कक्षा की छात्रा अमृता का सपना आईपीएस अधिकारी बनने का है . उसकी इसी आकांक्षा को सम्मान देते हुए प्रभारी एसपी निर्मला कुमारी ने उसे कुछ मिनटों के लिए बगहा की एसपी बनने का अवसर दिया . इस दौरान अमृता ने पुलिस पदाधिकारी की जिम्मेदारियों को करीब से समझा और काफी उत्साहित नजर आई .पुलिस कार्यालय में आयोजित इस विशेष पहल के दौरान छात्रा अमृता ने फरियाद लेकर



पहुंचे लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना . उसने एक-एक कर शिकायतों की जानकारी ली और उनके समाधान को लेकर सुझाव भी दिए, ताकि संबंधित पुलिस पदाधिकारी त्वरित कार्रवाई कर समस्याओं का निष्पादन कर सकें .प्रभारी एसपी निर्मला कुमारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित करना है . उन्होंने कहा कि यदि बच्चों को सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिले तो वे भविष्य में समाज और देश के लिए बेहतर कार्य कर सकते हैं.

## सिटी मांटेसरी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने 12वीं में फहराया कामयाबी का परचम

**कुमार कुणाल 94 प्रतिशत लाकर बने टॉपर**

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में सिटी मांटेसरी पब्लिक स्कूल के छात्रों का दबदबा रहा. इस बार विद्यालय के कुल 80 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए. विदित हो कि 50 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी से पास हुए. इस बार विद्यालय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कुमार कुणाल का 94 प्रतिशत रहा. विद्यालय प्रबंधक सौरभ के.स्वतंत्र ने कहा कि जब पूर्ण लगन और निष्ठा से कोई काम किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है. स्कूल की फाउंडर प्रिंसिपल सीमा स्वधा ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि इस बार इंटरमीडिएट में विद्यालय के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया.गौरतलब है कि कुमार विज्ञान संकाय में कुणाल 94 प्रतिशत, प्रथमेश 88 %, हर्षित कुमार 88 % मार्क्स लाकर विद्यालय और बगहा अनुमंडल का नाम रौशन किया। खुशी के इस पल में विद्यालय के ट्रस्टी सह निदेशक प्रमोद कुमार गुप्ता, प्राचार्या प्रिय के.स्वतंत्र, शिक्षक संजय कुमार वर्मा, रामाकांत प्रसाद, राकेश कुमार पाण्डेय, राकेश तिवारी, निरंजन त्रिपाठी, पिंटू कुमार, अतुल प्रकाश, पंकज कुमार मिश्र, नीतू कुमारी,फरहान अहमद, धीरज चौबे, जय प्रकाश श्रीवास्तव एवं अभिभावक आदि उपस्थित रहे. निदेशक प्रमोद गुप्ता ने कहा कि कुशल मार्गदर्शन, अभिभावकों का विश्वास, शिक्षकों का लगन और बच्चों का परिश्रम का यह नतीजा है कि विद्यालय ने बेहतर परिणाम दिया.







## मकान गणना - सह- मकान सूचीकरण का कार्य प्रगति पर : जिलाधिकारी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत की जनगणना-2027 प्रथम चरण के अंतर्गत मकान गणना-सह मकान सूचीकरण का कार्य प्रगति पर है ,सभी चार्ज पदाधिकारियों को इस कार्य के प्रति सजगता पूर्वक अपने चार्ज अंतर्गत आने वाले सभी मकानों की गणना एवं सूचीकरण का कार्य ससमय पूरा कराने का निर्देश इस आशय के साथ कि कोई मकान किसी भी परिस्थिति में छूटे नहीं के साथ करना अनिवार्य है। इसे लेकर प्रधान जनगणना पदाधिकारी- सह-जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण सौरभ जोरवाल ने इसके लिए जिला नियंत्रण कक्ष के साथ-साथ राज्य से आये हुए पर्यवेक्षकीय टीम को आने वाली समस्याओं के त्वरित निष्पादन करने एवं फील्ड में आने वाली समस्याओं का धरातल पर जाकर उसके निदान का सार्थक प्रयास करने पर जोर दिया है।

# सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में गोल इंस्टीच्यूट का शानदार प्रदर्शन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस वर्ष गोल इंस्टीच्यूट के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया इतिहास रच दिया। संस्थान के अनेक विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन, अनुशासित तैयारी एवं निरंतर मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता से पूरे गोल परिवार में उत्साह एवं गर्व का वातावरण देखा गया। इस सफलता का श्रेय संस्थान की सुव्यवस्थित अकादमिक प्रणाली, नियमित टेस्ट व्यवस्था, व्यक्तिगत मॉनिटरिंग, अनुभवी फैकल्टी टीम एवं विद्यार्थियों की कठिन मेहनत को दिया जा रहा है। गोल के सफल छात्रों में लकी कुमारी, 97.4 % मार्क्स, अर्णव विष्णुवृद्धि, 96.2 % मार्क्स, अमान खान, 95.0 % मार्क्स, प्रियश राज, 94.4 % मार्क्स, माही सिंह, 93.6 % मार्क्स, नैंसी शुक्ला, 93.4 % मार्क्स, आफरीन सुल्ताना, 93.4 % मार्क्स, प्रिंस कुमार, 93.2 % मार्क्स, पीयूष राज, 92.6 % मार्क्स, केशव कुमार, 92.6 % मार्क्स, आयुषी शर्मा, 92.4 % मार्क्स, एंजेल ईशा, 92.2 % मार्क्स, तहसीन शमा, 92.0 % मार्क्स, अनुष्का शंकर, 92.0 % मार्क्स, उत्सव राज, 91.2 % मार्क्स, आयुषी भारती, 91.2 % मार्क्स, अनुष्का रंजन, 91.2 % मार्क्स, समीक्षा कुमारी, 90.6 % मार्क्स एवं अर्चिता कुमारी, 90.0 % मार्क्स एवं कई अन्य




**अनेक विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर बढ़ाया संस्थान का गौरव**

छात्रों ने 90% से अधिक मार्क्स लाकर गोल को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गोल इंस्चीच्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने कहा कि गोल का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन के बड़े लक्ष्यों के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का यह शानदार प्रदर्शन संस्थान की गुणवत्ता आधारित शिक्षा प्रणाली एवं परिणामोन्मुखी तैयारी का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गोल इंस्चीच्यूट के असिस्टेन्ट डायरेक्टर रंजय संह ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की अथक मेहनत, अनुशासन एवं गोल की समर्पित शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम है। संस्थान के एकेडमी हेड गोरब सिंह ने कहा कि गोल की एकेडमी प्लानिंग छात्रों के सम्पूर्ण विकास को ध्यान में रखकर तैयार की जाती है। वहीं संस्थान के आर एंड डी हेड आनंद वत्स ने कहा कि गोल की अकादमिक रणनीति विद्यार्थियों के कॉन्सेप्ट भवन स्मार्ट स्टडी प्लानिंग एवं Continuous Assessment पर आधारित है। विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया कि सही दिशा एवं निरंतर अभ्यास से असंभव लक्ष्य भी संभव बनाए जा सकते हैं।

# महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन का एक सशक्त उदाहरण रसोई एक्सप्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। दानी बिगहा स्थित सत्येन्द्र नारायण सिन्हा पार्क के समीप संचालित जीविका दीदियों के फूड ट्रक "दीदी की रसोई एक्सप्रेस" का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जीविका दीदियों से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की तथा उन्हें आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जीविका दीदियों द्वारा संचालित "दीदी की रसोई एक्सप्रेस" महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन का एक सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, औरंगाबाद द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु हर संभव सहयोग




प्रदान किया जा रहा है तथा इस प्रकार के प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने फूड ट्रक पर उपलब्ध विभिन्न व्यंजनों का स्वाद भी लिया एवं भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा स्वाद की प्रशंसा की। उन्होंने जीविका दीदियों को स्वच्छता मानकों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध



कराने एवं अपने उद्यम को और विकसित करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद औरंगाबाद, डीपीएम जीविका, जीविका कर्मी एवं जीविका

## चोरी की बाइक के साथ दो शराबी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मदनपुर**। आंजन पुलिस द्वारा मंगलवार की रात छापेमारी अभियान के तहत थाना क्षेत्र के उत्तर कोयल नहर के समीप वकीलगंज से दो शराबी को चोरी की एक बाइक के साथ पकडा गया है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि जांच के दौरान दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ से पता चला इनकी बाइक चोरी की हैं। दोनों को ब्रेथ एनालाइजर जांच में शराब सेवन की पुष्टि की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राम दोहरा निवासी राहुल कुमार एवं बनियां निवासी रितेश कुमार के रुप में की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को तत्काल हिरासत में लेकर थाना लाया। जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अपराध और शराब बंदी कानून तोड़ने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगा।

# दिशा पब्लिकेशन ने लॉन्च की विज़डम सीरीज़

## बच्चों को भारतीय आध्यात्मिक विचारों से जोड़ने की मजबूत पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। देश के प्रमुख शैक्षिक प्रकाशकों में से एक दिशा पब्लिकेशन ने अपनी नई 'विज़डम सीरीज़' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह किताबों की एक खास श्रृंखला है, जिसका उद्देश्य बच्चों और युवा विद्यार्थियों को भारतीय दर्शन और धर्मग्रंथों के मुख्य विचारों से आसान, रोचक और उनकी उम्र के अनुसार समझ आने वाले तरीके में परिचित कराना है। इस पहल का लक्ष्य देशभर के 1 करोड़ घरों तक ऐसी शैक्षणिक सामग्री पहुंचाना है, जो सिर्फ पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व, सोच और जीवन के उद्देश्य को भी मजबूत बनाए। आज के समय में जहां शिक्षा ज्यादा नंबर और परिणामों पर केंद्रित हो गई है, वहीं यह सीरीज़ छात्रों की सोच और निर्णय लेने की क्षमता में मूल्यों और दृष्टिकोण की अहम भूमिका को फिर से सामने लाने की कोशिश करती है। लॉन्च के मौके पर दिशा पब्लिकेशन के निदेशक अविनाश अग्रवाल ने कहा, "हमने देखा है कि आज के छात्र पढ़ाई में तो काफी मजबूत हैं, लेकिन उस ज्ञान को जीवन में कैसे इस्तेमाल करें, इसमें अक्सर उन्हें दिशा की कमी महसूस होती है। विज़डम सीरीज़ के जरिए हमारा प्रयास है कि भारतीय ग्रंथों की गहरी और टाइमलेस सीख को ऐसे रूप में प्रस्तुत किया जाए, जिसे युवा आसानी से समझ सकें। चाहे रामायण हो, श्रीमद्भगवद्गीता या उपनिषद ये सिर्फ पुरानी कहानियां नहीं हैं, बल्कि ऐसे विचार हैं जो आज के समय में भी स्पष्ट सोच, धैर्य और जीवन का उद्देश्य देने में मदद करते हैं।" दिशा विज़डम सीरीज़ में 'रामायण फॉर यंग माइंड्स', 'भगवद गीताः द स्टोरी वे', 'वेदाज एंड उपनिषद्स फॉर चिल्ड्रन' और 'दिशा महाभारत फॉर यंग माइंड्स' जैसी किताबें शामिल हैं। ये सभी किताबें अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में उपलब्ध हैं। इनमें पारंपरिक कथाओं को कहानी के रूप में और व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समझाया गया है, जिससे जटिल विचार भी बच्चों के लिए आसान हो जाते हैं। इस सीरीज़ में अनुशासन, साहस, स्पष्ट सोच और आंतरिक शक्ति जैसे विषयों पर खास ध्यान दिया गया है। इन्हें इस तरह पेश किया गया है कि बच्चे अपने रोज़मर्रा के जीवन से इन्हें जोड़ सकें।

## एक नजर

### बागी कुमार वर्मा के निधन पर शोक व्यक्त

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। कुर्था एवं मखदुमपुर से विधायक तथा बिहार सरकार में मंत्री रहे बागी कुमार वर्मा के निधन पर विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करते हुए अश्विनी तिवारी, दिनेश वर्मा, कामता प्रसाद, गोपाल शरण सिंह, संजय शौंडीक, मिथलेश कुमार, सिकेंद्र कुमार, पप्पू कुमार, गुड्डू कुशवाहा एवं योगेन्द्र वर्मा ने कहा कि बागी कुमार वर्मा का निधन अति दुःखद है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

शोक व्यक्त करने वालों ने कहा कि बागी कुमार वर्मा के निधन से बिहार के सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। उनका व्यक्तित्व सरल, मिलनसार एवं समाज के प्रति समर्पित था। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा जनसरोकार के मुद्दों को प्राथमिकता दी। नेताओं ने कहा कि उनका निधन व्यक्तिगत क्षति के समान है और समाज उनके योगदान को सदैव याद रखेगा।

### एक वारंटी गया जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज पुलिस ने कौआ खाप गांव के नरेश पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि इसके विरुद्ध कोर्ट से वारंट निर्गत है। ये बहुत दिन से फरार चल रहा था।सूचना के आधार पर इसकी गिरफ्तारी संभव हो सकी है।

### स्कॉर्पियो से देसी शराब की बड़ी खेप जब्त

**औरंगाबाद**। मादक प्रदार्थों के खिलाफ चलाएं जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप टंडवा थाना की पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के फलस्वरूप पुलिस ने एक स्कॉर्पियो से 600 लीटर देसी शराब बरामद की है। जबकि कारोबारी रात की अंधेरे का फायदा उठा मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जब्त स्कॉर्पियो के आधार पर फरार कारोबारी की तलाशी शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर देर रात थाना क्षेत्र के काला पहाड़ के समीप छापेमारी की गई। जहां एक स्कॉर्पियो को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन वह पुलिस को देख कर अचानक तेज गति से भागने लगा। पुलिस ने पीछा की तो खुद फसता को दिख कारोबारी स्कॉर्पियो खड़ी कर मौके से फरार हो गया। इसके बाद स्कॉर्पियो को जब्त कर थाना लाया गया तथा मामले में जब्त स्कॉर्पियो के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अज्ञात कारोबारी की तलाशी शुरू कर दी गई है।

### ऑटो पलटने से चार शिक्षिकाएं घायल

**दाऊदनगर**। बेलवां से जिनोरिया जाने के क्रम में सोनी गांव के पास ऑटो पलटने से चार शिक्षिका घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार सभी शिक्षिका अपने विद्यालय उच्च विद्यालय बेलवां से स्कूल से छुट्टी होने के बाद ऑटो पर सवार होकर दाउदनगर जा रही थी, इसी क्रम में ऑटो अनियंत्रित होकर सोनी गांव के पास पलट गाई। ऑटो में सवार चार शिक्षिका घायल है। घायलों में शिक्षिका शशिकांता कुमारी, अरुणा कुमारी, अनामिका कुमारी, एवं विनीता कुमारी शामिल है। इस दौरान सबसे अधिक गंभीर चोट अनामिका कुमारी और अरुणा कुमारी को लगा है जिनका इलाज एक निजी अस्पताल में की जा रही है तथा अन्य दो घायल शिक्षिका भी इलाजरत है। चिकित्सकों के अनुसार शशिकाता कुमारी को सिर में चोट है जबकि अरुणा कुमारी की एक हाथ फ्रैक्चर होने की संभावना है। जबकि दो अन्य शिक्षिका को मामूली चोट आई है।

# एसी लदे कंटेनर में लगी आग, अग्निशमन विभाग ने पाया काबू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद के करहारा जीटी रोड पर एसी लदे एक कंटेनर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार कंटेनर गुरुग्राम से भुवनेश्वर जा रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब 2:40 बजे वाहन में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगते ही चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए समय रहते वाहन से बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। राहत की बात यह रही कि घटना में चालक को किसी प्रकार की चोट नहीं आई और न ही वह झुलसा।



अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने काफी प्रयास के बाद आग को बुझाया। हालांकि आग में कुछ एसी जल गए, लेकिन दमकल कर्मियों की तत्परता से कई अन्य एसी को जलने से बचा लिया गया। घटना के बाद कुछ देर के लिए जीटी रोड पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने भी राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया।

# दो घरों से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। चोरों के आतंक से वैसे लोग दहशत में हैं जो घर बंद कर बाहर रहते हैं, या जिन घरों में सिर्फ महिलाएं रहती हैं। थाना क्षेत्र के बेलाढ़ी गांव में मंगलवार की रात चोरों ने आतंक मचा दिया। दो घरों को निशाना बनाया। लाखों रुपए की संपत्ति ले भागे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लगभग 25 -30 लाख रुपए से भी अधिक की संपत्ति की चोरी का अनुमान लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, बेलाढ़ी निवासी शैलेंद्र सिंह के घर में उस समय चोरी की वारदात हुई, जब वे अपने भगिना की शादी में शामिल होने बारुण गए हुए थे। घर में केवल महिलाएं मौजूद थीं। इसी का फायदा उठाकर चोर देर रात किसी तरह घर में घुस गए। चोरों ने घर के बाहर से दरवाजे को बंद कर दिया, ताकि अंदर मौजूद महिलाएं बाहर न निकल सकें। इसके बाद चोरों ने घर में रखे गोदरेज और बक्सों का ताला तोड़ दिया तथा उसमें



घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीण

रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चोरी कर ली। गृहस्वामी के अनुसार, चोर जेवरात से भरा पूरा बक्सा ही अपने साथ उठा ले गए। उस बक्से में घर की तीन महिलाओं के सोने-चांदी के कीमती आभूषण रखे हुए थे। इसी रात चोरों ने गांव के ही जनेश्वर सिंह के बंद पड़े घर में भी चोरी की। जनेश्वर सिंह दिल्ली में रहकर निजी कंपनी में काम करते हैं। चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और बक्सों का ताला तोड़कर उसमें रखा सामान ले गए। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उनके घर से कितनी संपत्ति चोरी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जनेश्वर सिंह के गांव पहुंचने के बाद ही वास्तविक नुकसान का पता चल पाएगा। पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार एवं थानाध्यक्ष विकास कुमार ने मौके पर पहुंच कर जांच -पड़ताल की। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सघन वाहन जांच से अपराधियों पर सख्ती

**औरंगाबाद**। बुधवार जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध पर नियंत्रण, अवैध मद्य पदार्थों के परिवहन पर रोक तथा चोरी के वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करना था। संध्या गश्ती के दौरान पुलिस टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, होटलों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती। इसी क्रम में नगर , मुफस्सिल, जम्होर, फ़ेसर, मदनपुर, दाउदनगर, अंबा, कुटुंबा सहित अन्य थाना द्वारा विभिन्न चौक चौराहों व स्थानों पर गहनता पूर्वक वाहन जांच की गई। जांच के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर कागजात की जांच की गई। साथ ही वाहनों की डिक्की और यात्रियों के बैग की भी तलाशी ली गई, ताकि किसी भी प्रकार के अवैध सामान के परिवहन को रोका जा सके। पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी और आवश्यकतानुसार पूछताछ भी की। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि मुख्यालय के निर्देशानुसार जिलेभर में एक साथ यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए इस तरह की सघन जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय सभी आवश्यक कागजात साथ रखें।

# चलंत सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के डुमरा गांव में एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में सवेरा दिव्यांग फाउंडेशन द्वारा चलंत सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ. कुणाल कामाख्या नारायण ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के स्टेट प्रोग्राम लीडर डॉ. चंद्र मणी, दिव्यांग अधिकार मंच के सुखराम सिंह, स्टेट कोऑर्डिनेटर अक्षय प्रजापति, 20 सूत्री अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही सिलाई-कटाई प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सवेरा दिव्यांग फाउंडेशन के प्रखंड अध्यक्ष सागर कुमार ने की, जबकि संचालन प्रगतिशील दिव्यांग फाउंडेशन के प्रखंड अध्यक्ष कामाख्या



नारायण सिंह ने किया। स्टेट कोऑर्डिनेटर अक्षय प्रजापति ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और स्वरोजगार की दिशा में सशक्त कदम बढ़ा सकेंगी। उन्होंने बताया कि सिलाई-कटाई का यह प्रशिक्षण तीन माह का होगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों को संस्था की ओर से अनुभव प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

## महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल का संकल्पः प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता**। प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को "महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल—हमारा संकल्प" विषय पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, सेविकाएं तथा जीविका दीदियां बड़ी संख्या में शामिल हुईं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीडीपीओ ओनम ने कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न की रोकथाम से संबंधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दिशा में अंतरिम रूप से गठित कमिटी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो शिकायतों के निष्पादन और महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करने में सहायक होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी के खिलाफ द्वेष की भावना से झूठी शिकायत करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। सीडीपीओ ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर रोक लगाना तथा कार्यस्थलों पर महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 11.05.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-23-26-27, कार्य का नाम:** सियालदह-बी. सी. राय इंस्टीट्यूशन में कैप्सूल लिफ्ट का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 37,11,104.97, **बयाना राशि:** रु.74,200/-, **कार्य की समापन अवधि:** 03 (तीन) माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-31-26-27, कार्य का नाम:** सियालदह मंडल में विभिन्न ब्रिजों पर एच-बीम स्लीपर से स्टील चैनल स्लीपर को बदलना। **निविदा मूल्य:** रु. 3,15,62,053.07, **बयाना राशि:** रु. 6,31,300/-, **कार्य की समापन अवधि:** 09 (नौ) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 03.06.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 03.06.2026 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-38/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. : एलआरडब्ल्यू-4-वीबी-पेंटिंग - 2026, दिनांक 11.05.2026,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निविदा सं. **एलआरडब्ल्यू-4-वीबी-पेंटिंग-2026** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** पेंट स्पेसिफिकेशन आईसीएफ/एमडी/ एसपीईसी-362 या नवीनतम के अनुसार वंदे भारत कोचों (सभी प्रकार के) को खुरचने और सफाई के साथ आउटसाइड बॉडी पैनल, रूफ, एंड पैनल, अंडरफ्रेम की पेंटिंग और साइन राइटिंग कार्य (ड्राइंग के अनुसार) की आपूर्ति और अनुप्रयोग। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 2,17,48,869/-, **बयाना राशि:** रु. 4,35,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट प्रणाली। **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 09.05.2026 को 13.34 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 16.05.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 30.05.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

MISC-39/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



बिहार सरकार

**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद**

**प्रपत्र – घ**

**अन्तिम मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना**

**जिला औरंगाबाद नगरपालिका नगर पंचायत, जम्होर वार्ड संख्या 1 से 11**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वार्ड की अन्तिम मतदाता सूची को निम्नांकित स्थानों पर सर्व साधारण के निरीक्षण हेतु प्रकाशित किया जाता है :–

(1) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) का कार्यालय
(2) अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद सदर
(3) नगर पंचायत, जम्होर
(4) अंचल कार्यालय, औरंगाबाद
(5) प्रखंड कार्यालय, औरंगाबाद
(6) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित थाना
(7) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित डाकघर

स्थान :– औरंगाबाद
दिनांक :– 13.05.2026

PR- 003227 ( Election ) 2026-27

**निबंधन पदाधिकारी, औरंगाबाद**

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



**Govt. of Bihar**

**Office of The Executive Engineer**
**Rural Works Department, Works Division, Aurangabad**

**EXPRESSION OF INTEREST-CUM-REQUEST FOR QUOTE**
**FOR EMPANELMENT OF SUPPLY AGENCIES**

**Very Short Term Quotation**

**NIT No :- RWD/FDR/Aurangabad/01 (2026-27)**

Executive Engineer, RWD, Works Division, **Aurangabad** on behalf of The Honourable Governor of Bihar invites from eligible agencies/ suppliers who are registered in any state/central department but he has to get registration in Rural Works Department, Govt. of Bihar before agreement for empanelment to indicate their interest in supplying the below mentioned items required for emergent repair and restoration of rural roads affected by heavy rains/ floods in Aurangabad districts for RWD Works Division Aurangabad.

The procurement will be carried out through two bid system (First envelope for technical and second envelope for financial bid).

**Financial bid envelope**

| |
|---|
| **I. Material** |
| **II. LABOUR** |
| **III. TOOLS, PLANTS & MACHINERIES WITH DRIVER & FUEL** |

Further information can be obtained from Office of The **Executive Engineer, RWD, Works Division, Aurangabad** during Office hours **i.e. 10:00 to 15:00 hours from 18.05.2026 to 27.05.2026**. Or On Mobile No. 9296795066

**This can also be viewed on website http://prdbihar.gov.in.**

Expression of interest-cum- request for quote must be delivered in an envelope comprising two separate envelope (Envelope 1 as a technical and envelope 2 as financial bid) to the address below (in person, by registered post) by dated **27.05.2026** at 3:00 PM in the **Office of The Executive Engineer, RWD, Work Division, Aurangabad / Superintending Engineer, RWD, Works Circle, Aurangabad. Tender Opening date: 27.05.2026 at 3:30 PM**

The quoted rate envelope will be opened only of those bidders who will meet the minimum criteria in the technical part.

For further details please visit website **state.bihar.gov.in/prdbihar**

**PR- 003047 ( R W D ) 2026-27**

**Executive Engineer**
**RWD, Works Division,Aurangabad.**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



बिहार सरकार

**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद**

**प्रपत्र – घ**

**अन्तिम मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना**

**जिला औरंगाबाद नगरपालिका नगर पंचायत, नवीनगर वार्ड संख्या 12**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वार्ड की अन्तिम मतदाता सूची को निम्नांकित स्थानों पर सर्व साधारण के निरीक्षण हेतु प्रकाशित किया जाता है :–

(1) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) का कार्यालय
(2) अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद सदर
(3) नगर पंचायत, नवीनगर
(4) अंचल कार्यालय, नवीनगर
(5) प्रखंड कार्यालय, नवीनगर
(6) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित थाना
(7) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित डाकघर

स्थान :– औरंगाबाद
दिनांक :– 13.05.2026

PR- 003226 ( Election ) 2026-27

**निबंधन पदाधिकारी, औरंगाबाद**

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से करें शिविर का संचालन : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** बरौनी प्रखंड अंतर्गत बथौली पंचायत में सहयोग शिविर के सफल आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत स्तर पर शिविर के प्रभावी संचालन, आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि शिविर का संचालन पारदर्शी, व्यवस्थित एवं जनहितकारी तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक बनाना है। जिला पदाधिकारी द्वारा वर्तमान में चल रहे फॉर्मर रजिस्ट्रेशन के कार्यों में आने वाली दिक्कतों की भी समीक्षा की गई। पूर्व में किसानों के नाम पर जमाबंदी कायम कराने के क्रम में बंटवारा से संबंधित बाधाएं आ रही थी, जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारी, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, ग्राम कचहरी सरपंच एवं ग्राम कचहरी सचिव के माध्यम से आपसी बंटवारा कर किसानों के नाम पर जमाबंदी कायम कराने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया था जिसके आलोक में विगत दो महीने में 376 मामलों में आपसी बंटवारा ग्राम कचहरी सरपंच के माध्यम से पूर्ण किया गया। आपसी बंटवारे के अनुसार अंचल अधिकारी द्वारा जमाबंदी भी कायम की जा रही है। बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों को कहा गया कि बंटवारे से संबंधित मामलों को अपने क्षेत्र के ग्राम कचहरी के माध्यम से सुलझाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सहित पंचायत के मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य, पंच एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि शिविर के माध्यम से भूमि बंटवारा, राजस्व संबंधी मामलों, पंचायत स्तरीय विवादों एवं अन्य जनसमस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे पंचायत क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि जरूरतमंद लोगों को शिविर का सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं का समाधान सरल एवं सुलभ तरीके से हो। बैठक के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भी क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और सुझावों को अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा तथा आम जनता को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# समर कैंप के आयोजन को लेकर बैठक

## 1 से 30 जून तक संचालित होगा कैंप, बच्चों में भाषायी दक्षता एवं संख्या ज्ञान किया जाएगा विकसित

### स्वयंसेवकों का किया जाएगा चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 4 से 6 तक के बच्चों में भाषायी दक्षता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) विकसित करने के उद्देश्य से ग्रीष्मावकाश में समर कैंप आयोजित करने को लेकर एपीएस+2 विद्यालय नावकोठी के सभागार में बुधवार को काम्प्लेक्स रिसोर्स पर्सन का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में बताया गया कि प्रारंभिक कक्षाओं के बच्चों में भाषायी दक्षता एवं संख्या ज्ञान की गुणवत्ता सुधार के लिए विभाग द्वारा प्रथम चरण में अप्रैल माह से ही विद्यालय में शुरुआती के दो घंटी भाषा एवं गणित के लिए निर्धारित की गई है जिससे बच्चे भाषा एवं गणित में दक्ष हो सकेंगे। साथ ही समझ के साथ पढना एवं लिखना सीख सकेंगे। इसके लिए प्री टेस्ट के माध्यम से चिन्हित बच्चों का ग्रुप बनाकर मॉड्यूल एवं शेड्यूल के हिसाब से रेमेडियल टीचिंग की व्यवस्था की गयी है। बच्चों को खेल, खेल व गतिविधि के माध्यम से पढ़ाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन लिए जिला नोडल अधिकारी कजली शील ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बताया कि समर कैंप 1 जून से 30 जून तक संचालित होगा। इसके लिए समुदाय स्तर पर स्वयंसेवक का चयन किया जाएगा। 10 से 15 बच्चों पर एक स्वयंसेवक होंगे। वैसे स्वयंसेवकों का चयन किया जाएगा जो स्मार्टफोन चलाने में दक्ष होंगे। क्या पढ़ना है, कैसे पढ़ना है, यह कंटेंट प्रखंड से विद्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा। समर कैंप की उपलब्धि पर समारोहपूर्वक स्वयंसेवकों एवं अभिभावकों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस बार मिडलाइन टेस्ट, बेस लाइन टेस्ट अपने विद्यालय के शिक्षक न करके दूसरे विद्यालय के नामित शिक्षक करेंगे। साथ ही श्रीमती काजली ने कहा कि विद्यालय स्तर पर प्रत्येक गरूवार को बच्चों की भाषायी एवं संख्या ज्ञान की दक्षता जांच कर प्रगति रिपोर्ट जिला को ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश झा, मास्टर प्रशिक्षक कुमुद रंजन, डाटा आपरेटर नवनीत कुमार, प्रखंड स्तरीय नोडल शिक्षक संजीत कुमार, मो. नफीस आलम, कंप्लेक्स रिसोर्स पर्सन रमन कुमार, कुमार कृष्ण, शिवानी टंडन, रुचि कुमारी, हरेराम रजक, शकील अहमद बेग, देवेंद्र कुमार पासवान, दयानंद साह, रोहित कुमार समेत सभी रिसोर्स पर्सन उपस्थित थे।

# आइटीसी बरौनी में 17 बिहार बटालियन एनसीसी का कैंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बरौनी।** 17 बिहार बटालियन एनसीसी, सहरसा द्वारा आयोजित दस दिवसीय कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह प्रशिक्षण शिविर 3 मई से 12 मई तक ओटीसी, बरौनी परिसर में कैंप कमांडेंट कर्नल बी. सत्यनारायण के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर में 4 बिहार बटालियन एनसीसी, भागलपुर के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विकास मंडल ने डिप्टी कैंप कमांडेंट के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कैंप में सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, खगड़िया, भागलपुर, बांका और मुंगेर जिलों के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से करीब 500 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। दस दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कैडेट्स का सर्वांगीण विकास करना था। कैंप के दौरान आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, व्यक्तित्व विकास तथा कैरियर निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के छठे दिन बेंगलुरु से आए प्रसिद्ध कैरियर काउंसलर डॉ. अंकित पाल सिंह ने कैडेट्स को एनसीसी के माध्यम से भविष्य निर्माण और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सातवें दिन कैंप कमांडेंट कर्नल बी. सत्यनारायण की निगरानी में कैडेट्स की ड्रोन ट्रेनिंग परीक्षा आयोजित की गई। इसके अलावा थल सेना कैंप एवं फायरिंग का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। कैंप में कैडेट्स को 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे सैन्य अभियानों की जानकारी भी दी गई। वहीं कर्नल विकास मिश्रा ने एनसीसी के माध्यम से भारतीय सेना में भर्ती होने की प्रक्रिया और उससे मिलने वाले लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कैंप को सफल बनाने में पार्वती साइंस कॉलेज, मधेपुरा के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. सुजीत कुमार, लेफ्टिनेंट तुषार झा, एनसीसी ऑफिसर धर्मेंद्र कुमार तथा एसओ डॉ. कादंबिनी कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं सैन्य अनुशासन बनाए रखने में सूबेदार गोपाल कृष्ण, सूबेदार मेजर लेफ्टिनेंट एम.डी. रकीब, सूबेदार विजय बहादुर, बलजीत सिंह एवं टॉप बहादुर सहित सभी सैन्य स्टाफ सक्रिय रूप से जुटे रहे। समापन समारोह में कैंप कमांडेंट ने सभी कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें समाज और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।

# कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बरौनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरौनी इकाई के द्वारा एपीएसएम कॉलेज बरौनी के प्रधानाचार्य डॉ मुकेश कुमार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा जिसमें स्वच्छ पेयजल शौचालय साफ सफाई सीसीटीवी कैमरा लाइब्रेरी में नए सिलेबस की किताबें और लैब की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने सहित कई छात्र हितों से जुड़ी मांग थी। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व नगर उपाध्यक्ष विवेक कुमार नगर मंत्री प्रियांशु कुमार, नगर सह मंत्री स्वराज कुमार, कॉलेज अध्यक्ष अंकित कुमार कॉलेज मंत्री अनुभव कुमार कॉलेज उपाध्यक्ष अमन आनंद सोनू कुमार, अनिकेत कुमार मीडिया संयोजक सिंटू कुमार कॉलेज सह मंत्री आलोक राज, ऋषभ कुमार, प्रियांशु कुमार शामिल थे प्रधानाचार्य डॉ प्रो मुकेश कुमार को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए मौक़े पर उपस्थित विभाग संयोजक सह एलएनएमयु छात्र संघ अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि एपीएसएम कॉलेज बरौनी की छात्रावास की खाली पड़ी जमीन जो अवध तिरहुत रोड पशुपालन विभाग के पास है सुधा डेयरी बरौनी तथा आसपास के क्षेत्र का छात्रावास की जमीन पर गंदा पानी बहाकर उस जमीन को बर्बाद किया जा रहा है। जिसको लेकर विद्यार्थी परिषद की कार्यकर्ता सहित स्थानीय ग्रामीण बहुत ही आक्रोशित है। महाविद्यालय प्रशासन अपनी जवाब देही से बचने के लिए लगातार इस विषय को टालते जा रही है जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। नगर मंत्री प्रियांशु कुमार ने कहा एवं नगर सह मंत्री स्वराज कुमार ने कहा कि छात्रावास की बेशकीमती जमीन पर भू माफियाओं की नजर है जल्द से जल्द कॉलेज प्रशासन विश्विद्यालय प्रशासन से बात करके उस जमीन की चारदीवारी करवाये नहीं तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मौके पर उपस्थित कॉलेज मंत्री अनुभव कुमार व कॉलेज कॉलेज उपाध्यक्ष अमन आनंद ने कहा कि कॉलेज प्रशासन कॉलेज कैंपस में छात्रों के सुविधाओं के लिए कार्य करें कॉलेज में स्वच्छ पेयजल एवं छात्रों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था आज तक महाविद्यालय में नहीं हो सकी है यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। मौके पर कॉलेज उपाध्यक्ष अनिकेत राज सोनू अमन मोहन मीडिया संयोजक सिंटू कुमार एस एफडी प्रमुख कौशल कुमार आलोक कुमार आदित्य मिश्रा उजाला कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आपदा से निबटने के लिए मॉक ड्रिल आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी सह नियंत्रक नागरिक सुरक्षा श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित सिविल डिफेंस ब्लैक आउट एवं मॉक ड्रिल अभ्यास की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ संभावित आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने बताया कि सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार एवं महानिदेशक-सह-आयुक्त, असैनिक सुरक्षा, बिहार, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बैठक के आलोक में बिहार के चयनित जिलों में ब्लैक आउट एवं मॉक ड्रिल अभ्यास कराया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में बेगूसराय जिला में भी 14 मई को मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट अभ्यास आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रातः 7 बजे से 7:15 बजे तक निर्धारित स्थलों पर सायरन बजाकर आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु तैयारियों का अभ्यास किया जाएगा। बैठक के दौरान प्रस्तावित मॉक ड्रिल को छह अलग-अलग परिदृश्यों के आधार पर संचालित करने की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक सहित उपस्थित अधिकारियों के सुझावों के आधार पर मॉक ड्रिल के लिए जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का चयन किया गया। इनमें सदर अस्पताल, जिला परिषद मार्केट (कचहरी रोड) एवं इंजीनियरिंग कॉलेज, बेगूसराय प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों आईओसीएल, एनटीपीसी एवं एचयूआरएल, बरौनी में भी मॉक ड्रिल एवं अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया।

# वन विभाग व बंगाल टीम ने हाथी का किया रेस्क्यू

**कौआकोल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कौआकोल क्षेत्र में लगातार उत्पात मचा रहे हाथी को वन विभाग की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर बुधवार को झारखंड की तरफ सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ दिया। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा से आई विशेषज्ञ टीम ने स्थानीय वन विभाग के सहयोग से रेस्क्यू अभियान चलाया। रेंजर सौरभ शांडिल्य ने बताया कि हाथी को कौआकोल क्षेत्र के कई गांवों से लगातार निगरानी करते हुए खदेड़ा गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लोगों को घरों में रहने एवं हाथी से दूरी बनाए रखने की अपील की गई। वनकर्मियों द्वारा मशाल, पटाखा एवं निगरानी टीम की मदद से हाथी की दिशा नियंत्रित की गई और बुधवार को उसे सुरक्षित रूप से झारखंड के जंगली क्षेत्रों की ओर भेज दिया गया। हाथी के इलाके में रहने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ था, लेकिन रेस्क्यू के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

# विकास विद्यालय का सीबीएसई में रहा जलवा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** विकास विद्यालय डुमरी में सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में इस वर्ष भी जलवा बरकरार रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम प्रकाशित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। सफल विद्यार्थियों को शिक्षकों एवं अभिभावकों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। विद्यालय के टॉपर आकांक्षा भारती ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि शांतनु कुमार ने 92.4 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 14 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को साबित किया।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष कुल 157 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिनमें से 94 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों की सफलता उनके अथक प्रयास, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ। जो विद्यार्थी अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं कर सके हैं, वे निराश न हों, जीवन में आगे बढ़ने के अनेक अवसर मिलते हैं। विद्यालय के निदेशक राजकिशोर सिंह ने कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संस्कार देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस वर्ष का परिणाम हमारे शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का प्रमाण है। हमें विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी भविष्य में भी नई ऊँचाइयां प्राप्त करेंगे। उपनिदेशक राकेश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस शानदार सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई दी। यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। हम विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

## सीबीएसई 12वीं में माउंट लिट्रा का शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।जिससे पूरे विद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस तीनों संकायों के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत लगन और अनुशासन का शानदार परिचय दिया। आर्टस संकाय में त्रिबन्ना दास ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अलावा हरि प्रिया ने 80.6 प्रतिशत एवं खुशबू ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया।कॉमर्स संकाय में शांभवी आनंद ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि विज्ञान संकाय में समीक्षा ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके साथ ही इच्छा ने 80.4 प्रतिशत एवं श्रीकृष्ण पुष्प ने 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्ष का वातावरण देखा गया। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्ष का वातावरण देखा गया। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्राचार्या डॉ शीतल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह परिणाम विद्यार्थियों की कठिन मेहनत शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का सुंदर प्रतिफल है। हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सच्ची लगन और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने अपने संदेश में कहा शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा है। हमारे विद्यार्थियों ने अपने अनुशासन मेहनत और सकारात्मक सोच से विद्यालय का नाम गर्व से ऊँचा किया है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कर्मचारियों का महंगाई...

जमीन स्थानांतरित करने की स्वीकृति मिली है। पटना के बिहटा सिकंदरपुर में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के तहत फुल क्रीम मिल्क, टोंड मिल्क, दही और बटर उत्पादन इकाई की स्थापना होगी। इसके लिए 97 करोड़ 17 लाख 18 हजार रुपए की पूंजी निवेश की स्वीकृति मिली। इससे 170 कुशल और अकुशल कमगारों का नियोजन होगा। मुख्यमंत्री बिहार पर्यावरण अनुकूल परिवहन रोजगार योजना की स्वीकृति मिली है। 2030 तक कम से कम 30% इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इलेक्ट्रिक माल वाहक, टिपहिया वाणिज्यिक वाहन तथा दो पहिया एवं केवल महिलाओं के लिए चार पहिया गैर वाणिज्यिक वाहन के क्रय एवं निबंधन हेतु डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इससे रोजगार का भी सृजन होगा। साथ ही बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन की स्थापना होगी। पांचवर्षों में 7000 विद्यार्थी को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा जाएगा।

### सरकार के कार्यों की ...

उपयोगिता को ध्यान में रखते हुये सभी विभाग अपनी योजनाओं के अनुश्रवण में इसका प्रयोग कर सकते हैं, इससे पारदर्शिता बढ़ेगी। साथ ही बिहार के सभी जिलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग के लिये जिलावार प्लान बनायें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यदि कोई तथ्यहीन, भ्रामक या नकारात्मक खबरें प्रसारित होती हैं तो पूर्ण तथ्यों के साथ उसका तुरंत खंडन किया जाना चाहिये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिवदीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, निदेशक अनिल कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# 12वीं में मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल की छात्राओं ने लहराया परचम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** बुधवार को सीबीएसई की 12वीं परीक्षा का परिणाम प्रकाशित हुआ, जिसमें मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल का परिणाम आशातीत रहा। ब्यूटी कुमारी ने विज्ञान संकाय में 91% अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। वही आयुष कुमार ने 90% अंक लाकर विद्यालय में द्वितीय उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की, जबकि वाणिज्य संख्या में रौनक गुप्ता 88% अंक लाकर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की सुधांशु कुमार गुप्ता 83%, श्रेया सिंह 83%, रोहित भाटिया 83%, इशिता राय 82%, सक्षम कुमार शाह 80%, अंकित राय 79%, नितेश राज 78%, उकवा फराज 78%, स्नेहा कुमारी 77%, देवराज सिंह 77%, तृषा 77%, प्रीतेश नयन 75%, ऋतिक रंजन 73%, लकी गुप्ता 73%,हिमेश 72%, सनम 72%, अंक लाकर विद्यालय का नाम बढ़ाया। तीनों संख्या से कुल 117 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त किया। विद्यालय में इस तरह का उत्साह जनक सफलता से हर्ष व्याप्त है। विद्यालय के निदेशक डॉ संजय प्रधान, प्राचार्य डॉ पाराशर त्यागी व प्रशासनिक प्रभारी अभिनंदन नौटियाल, मृणाल प्रधान ने इस उत्कृष्ट सफलता के लिए छात्र-छात्राओं को बधाई दी है तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। 12वीं के बेहतर परिणाम आने पर निदेशक डॉक्टर संजय प्रधान ने गरीब मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्चतर शिक्षा के लिए ट्रस्ट के माध्यम से सहयोग करने की बात कही है। मोहिनी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री रामस्वरूप रूगठा, उपाध्यक्ष श्री महावीर प्रसाद रुंगटा ट्रस्टी उर्मिला रुंगटा, नवीन रूंगटा ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रबंधक ने यह भी जानकारी दी कि सीबीएसई द्वारा इस वर्ष के 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट परीक्षा फल पाने वाले छात्र छात्राओं को आगामी रविवार को सम्मानित किया जाएगा।

# हरित खाद के लिए किसानों को किया जाएगा जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभागार में बुधवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जीविका की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जीविका द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने हरित खाद के उपयोग एवं उसके व्यापक प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने हेतु सभी स्तरों पर प्रभावी पहल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कृषि विभाग एवं जीविका के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर किसानों एवं आम लोगों को हरित खाद के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया। साथ ही बॉटम ऐश के ट्रांसपोर्टेशन में आ रही समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जीविका द्वारा संचालित कृषि गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने कृषि उद्यमियों के लंबित खाद-बीज अनुज्ञप्ति को शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश कृषि विभाग को दिया। उन्होंने किसानों के प्रोफाइल की इंट्री सुनिश्चित करने तथा जीविका दीदियों को विभिन्न कृषि गतिविधियों से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि इससे महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन को और मजबूती मिलेगी।बैठक में दीदी की लाइब्रेरी, दीदी की नर्सरी, लखपति दीदी सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं एवं गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक अविनाश कुमार, विषयगत प्रबंधक मनोज कुमार मधुकर, अमरजीत कुमार, सुधीर कुमार, बृजेंद्र कुमार, बबलू, श्याम सुंदर, मनीष सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड परियोजना प्रबंधक, कृषि विभाग के सहायक निदेशक पौधशाला, सहायक निदेशक रसायन एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। विभिन्न प्रखंड स्तरीय अधिकारी बैठक में वर्चुअल माध्यम से जुड़े हुए थे।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के महेशवाड़ा वार्ड संख्या 1 से नावकोठी पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर अनुमंडल न्यायालय मंझौल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी राम बिलास सदा का पुत्र सीताराम सदा तथा मन्नू सदा उर्फ नन्नू सदा का पुत्र कमलेश्वरी सदा है। कांड अंकित होने के बाद ये दोनों न्यायालय में अपनी हाजिरी नहीं दे रहे थे। न्यायालय ने इनके विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

# मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना व प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को लेकर कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तहत राज्य कौशल विकास मिशन द्वारा आज मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजन को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।



जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में बुधवार को आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ चौधरी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना एवं अन्य कौशल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न इंडस्ट्रीज एवं कॉलेजों के प्राचार्यों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित संस्थानों को यह दायित्व दिया गया है कि बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्य को पूरा करते हुए अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें। युवाओं को केवल नामांकित करना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाना भी जरूरी है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को व्यवहारिक अनुभव एवं तकनीकी दक्षता प्रदान की जाएगी, ताकि वे विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा लगभग 50 दिनों की ट्रेनिंग अवधि के लिए वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को इंटर्नशिप के रूप में प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी, जिससे युवाओं में कौशल प्रशिक्षण के प्रति रुचि बढ़ेगी। हर कार्य महत्वपूर्ण होता है, चाहे सुई बनाने का कार्य हो या बड़ा विमान बनाने का, सभी कार्यों का अपना अलग महत्व है और किसी भी कार्य को दूसरे कार्य से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता। इसलिए युवाओं को हर क्षेत्र एवं हर प्रकार के कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। डॉ चौधरी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से भागलपुर जिले में कौशल विकास एवं रोजगार सृजन को नई दिशा मिलेगी तथा अधिकाधिक युवा योजनाओं से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इस मौके पर उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, हेमंत कुमार, मिशन प्रबंधक किशोर कुमार प्रसाद, उप निदेशक (नियोजन) शंभु नाथ सुधाकर सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि, कॉलेजों के प्राचार्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कहलगांव में संचालित अवैध नर्सिंग होम किया गया सील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कहलगांव (भागलपुर)।** अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण चंद्र गुप्ता ने स्वास्थ्य क्षेत्र में फल-फूल रहे अवैध क्लिनिकों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। कहलगांव शहर के केला आड़त रोड में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डा पवन गुप्ता, कार्यपालक दंडाधिकारी रवि कुमार व हेल्थ मैनेजर गोविंद कुमार एवं कहलगांव थाने की पुलिस टीम के साथ एक निजी अस्पताल गंगा सेवा सदन में सघन छापेमारी की गयी। इस छापेमारी के दौरान संचालक मनोज कुमार की डिग्री व अन्य कागजात, दवाईयां व मानक की जांच की गयी। हांलांकि टीम के आने के भनक मिलते ही संचालक मौके से भाग खड़ा हुआ। जांच टीम को संचालक मनोज कुमार की फर्जी डिग्री मिली है। यह डिग्री उड़ीसा से ली गई है। उसमें फर्जीवाड़ा कर अपने नाम के साथ डाक्टर जोड़ दिया गया है। इस छापेमारी के दौरान अस्पताल के भीतर बहुत सारी प्रतिबंधित दवाएं बरामद की गयी है। संचालक की पत्नी रीना देवी भी अपने पति के साथ इस गोरखधंधे में संलिप्त थी। वह अस्पताल में भर्ती मरीजों को आपरेशन के लिए एनेशतेथिया देने का काम करती थी। एसडीएम के निर्देश पर उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है। छापेमारी के दौरान अस्पताल में भर्ती चार मरीजों को अनुमंडल अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। नर्सिंग होम में मौजूद आशा को सेवा से मुक्त करने की कार्यवाही की गयी है।

## यज्ञ के दूसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कौआकोल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड क्षेत्र के जोरावरडीह गांव में चल रहे तीन दिवसीय श्रीहनुमान प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दूसरे दिन बुधवार को श्रद्धा एवं भक्ति का माहौल बना रहा। यज्ञ स्थल पर सुबह से ही पूजा-अर्चना, हवन एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आचार्य पंडित कुंदन पराशर द्वारा समस्त वेदों का विधानपूर्वक पूजन कराया गया। इस अवसर पर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। यज्ञ परिसर में भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि यज्ञ के अंतिम दिन विशेष पूजा एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। पूरे गांव में धार्मिक उत्साह एवं भक्ति का वातावरण बना हुआ है।

## सड़क दुघर्टना में पति की मौत, पत्नी घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में आज राष्ट्रीय उच्च मार्ग -31 पर एक हाईवे की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई तथा उसकी पत्नी घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र के चपरघट गांववासी हीरो कुमार (25 वर्ष) बुधवार को अपनी पत्नी मौसम कुमारी को बीए सेमेस्टर-तीन की परीक्षा दिलाने के लिए मोटरसाइकिल से नवगछिया जा रहा था, तभी रास्ते में अंभो गांव के पास सामने से तेज गति से आ रहे एक हाईवा ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में हीरो कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी मौसम कुमारी गंभीर रुप से घायल हो गई, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृत युवक हैदराबाद में काम करता था और करीब एक सप्ताह पहले वह अपने रिश्तेदार के श्राद्धक्रम में शामिल होने के लिए घर आया था। इधर हादसे के बाद वाहन चालक और खलासी गाड़ी लेकर फरार हो गया। वहीं मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।

## पीएम आवास योजना की राशि भुगतान नहीं होने पर लाभुकों ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की अधूरी पड़ी किस्तों को लेकर जमालपुर में लाभुकों का गुस्सा खुलकर सड़कों पर दिखाई दिया। वार्ड पार्षद राकेश तिवारी की अगुवाई में भारत माता चौक से जुबली वेल तक आक्रोश मार्च निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में लाभुकों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार एवं विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए लंबित दूसरी और तीसरी किस्त जल्द जारी करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि लोकसभा चुनाव के दौरान गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पहली किस्त के रूप में एक लाख रुपये देकर पुराने कच्चे मकान तोड़ने और पक्का घर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। लेकिन चुनाव समाप्त होते ही योजना की अगली किस्तों पर रोक लग गई। इसका परिणाम यह हुआ कि सैकड़ों गरीब परिवार अधूरे मकान और आर्थिक संकट के बीच फंसकर रह गए हैं। पार्षद राकेश तिवारी ने कहा कि यदि योजना के लिए फंड उपलब्ध नहीं था तो गरीबों का घर तुड़वाकर उन्हें बीच मझधार में क्यों छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार और विभाग की लापरवाही के कारण गरीब परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए आंदोलन तेज होगा। वार्ड पार्षद राकेश कुमार, पार्षद रुपेश कुमार, पार्षद अमित कुमार, पार्षद प्रतिनिधि गौतम आजाद, पार्षद प्रतिनिधि दीपक कुमार सहित कई जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि यदि जल्द दूसरी और तीसरी किस्त जारी नहीं की गई तो जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वाले में लाभुक में महेश कुमार, किरण देवी, रूबी देवी, रानी कुमारी, बरसा देवी सहित कई मौजूद थे।



## राजेंद्र पुल स्टेशन से 12.5 लीटर विदेशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोकामा।** रेलवे सुरक्षा बल मोकामा और राजेंद्र पुल स्टेशन की संयुक्त टीम ने मंगलवार को 'रोको-टोको एवं जांच अभियान' के तहत बड़ी सफलता हासिल की। अभियान के दौरान पुलिस ने एक युवक को 12.5 लीटर विदेशी शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक का नाम कन्हैया कुमार है। उसकी उम्र 20 वर्ष बताई जा रही है। वह मोकामा थाना क्षेत्र के मोदनगाछी गांव का रहने वाला है। उसके पिता का नाम अजय पासवान है। गिरफ्तारी राजेंद्र पुल स्टेशन परिसर में आरपीएफ मोकामा के अधिकारी द्वारा की गई। आरपीएफ निरीक्षक रविन्द्र कुमार यादव ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर को बरौनी जीआरपी के हवाले कर दिया गया है।

## शांति, सेवा, साधना के संकल्प के साथ मना श्री श्री रविशंकर का जन्मोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के प्रणेता और विश्वप्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर का 70वां जन्मोत्सव, पटना के राजेंद्र नगर स्थित प्रेमचंद रंगशाला में पूरे हर्षोल्लास, शांति और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। गुरुदेव का जन्म 13 मई को तमिलनाडु के पापनाशनम गांव में हुआ था। गुरुदेव ने इस दिन को सेवा और अपनत्व के भाव से जोड़ते हुए तेरा मैं, मैं तेरा का नाम दिया है, जो विश्वबंधुत्व और एकात्मता का संदेश देता है। संस्था के अनुयायी विश्वभर में इस दिन को शांति, सेवा, साधना और ज्ञान-ध्यान के साथ मनाते हैं।इसी अवसर पर पटना में संस्था के सदस्यों द्वारा कई वैदिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तेरा मैं नाम से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत आमंत्रित अतिथियों के लिए स्वागत भाषण से हुई। इसके पश्चात आर्ट ऑफ लिविंग पटना के गुरु पूजा पंडितों द्वारा वैदिक गुरु पूजा संपन्न की गई। गुरु पूजा आध्यात्मिक गुरु परंपरा के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने हेतु वैदिक मंत्रों द्वारा किया जाने वाला एक विशेष अनुष्ठान है, जो गुरुदेव की सानिध्य और दिव्य उपस्थिति का अनुभव करवाने का माध्यम माना जाता है। गुरु पूजा एवं गुरु वंदना के बाद प्रसिद्ध नृत्य निर्देशक और कथक गुरु 'आदित्य श्रीवास्तव' द्वारा ह्लसृजनह्व नामक विशेष नृत्य प्रस्तुति दी गई। इस भावपूर्ण नृत्य संरचना में जीवन और सृजन के प्रेम, द्वेष, मित्रता, शत्रुता, लालच, त्याग, स्मृति और विस्मृति जैसे विभिन्न भावों को अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति में उनकी शिष्या स्नेहा पांडेय ने उनका प्रभावशाली साथ दिया। नृत्य संरचना का संगीत 'गुरु बख्शी विकास' द्वारा तैयार किया गया था। कार्यक्रम दूसरा मुख्य आकर्षण एवरीडेज अनसंग हीरोज अवार्ड्स रहा। गुरुदेव के निर्देशन में इस पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया मार्च माह से प्रारंभ की गई थी। इसके अंतर्गत संस्था द्वारा पूरे भारतवर्ष में जनकल्याण, व्यवसाय, युवा तथा खेल क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले अनसुने नायकों को सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर पटना से व्यवसाय एवं जनकल्याण के क्षेत्र में मुकेश हिसारिया, खेल क्षेत्र में दीपाली तथा युवा वर्ग में सुहावन कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। भोजपुर से युवा वर्ग में बख्शी विकास, लखीसराय से व्यवसाय एवं परोपकार के क्षेत्र में दशरथ महतो, दरभंगा से युवा वर्ग में अमरेंद्र कुमार, पूर्वी चंपारण से व्यवसाय एवं परोपकार के क्षेत्र में केशव कुमार तथा मोतिहारी से खेल क्षेत्र में नितेश कुमार को पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रदेश के अन्य चयनित लोगों को भागलपुर में सम्मानित किया जाएगा। सभी सम्मानित प्रतिभागियों ने गुरुदेव की संस्था से यह सम्मान प्राप्त कर आध्यात्मिक आनंद और गर्व का अनुभव किया। इसके पश्चात पारंपरिक झिझिया नृत्य की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में नई ऊर्ज़ा भर दी। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे सभागार को तालियों से गूंजा दिया और उपस्थित दर्शक आनंद से झूम उठे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में आर्ट ऑफ लिविंग बोधगया आश्रम से पधारे 'ब्रह्मचारी सहजानंद जी' द्वारा सत्संग की शुरूआत गणेश वंदना से की गई। इसके बाद एक से बढ़कर एक भक्तिमय और उत्साहपूर्ण भजनों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से भर दिया। उपस्थित अतिथि एवं भक्तगण भजनों की मधुर धुनों पर नाचते-गाते और आनंदमग्न दिखाई दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूर्व पटना में आर्ट ऑफ लिविंग के अनुयायियों एवं शिक्षकों द्वारा कई सेवा अभियान भी चलाए गए, जो पिछले सप्ताह से निरंतर जारी हैं। इसके अंतर्गत राजेंद्र नगर टर्मिनल पर संस्था के राजेंद्र नगर सेंटर द्वारा गरीबों के बीच भोजन वितरण किया गया, जिसका संचालन शिक्षिका अनुराधा डालमिया द्वारा किया गया। गुरुदेव द्वारा दिखाए गए विश्वबंधुत्व, सेवा और साधना के मार्ग पर चलते हुए इस पावन अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के सभी अनुयायियों ने मानवता, प्रेम और निस्वार्थ सेवा के संकल्प को पुनः दोहराया।



## जिला एवं रेल प्रशासन की पहल पर रक्तदान शिविर आयोजित

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला एवं रेल प्रशासन के पल पर ऑफिसर क्लब ईस्ट कॉलोनी परिसर में एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल स्वेच्छा से रक्तदान कर अधिकारी कर्मचारी को प्रेरित किया। शिविर का नेतृत्व मुख्य अस्पताल के एसीएमएस डॉ. जेके प्रसाद ने किया। कार्यक्रम के दौरान रेल अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए कुल 42 यूनिट रक्त संग्रह किया। अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. गौरी शंकर दास ने भी रक्तदान किया।अधिकारियों के बाद बड़ी संख्या में रेल कर्मियों ने सुरक्षा से रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के बारे में ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ मोहम्मद फैजुद्दीन ने कहा कि रक्तदान करना महादान के बराबर है। रक्तदान करने से हम अपने शारीरिक क्षमता को और बढ़ा सकते हैं और इससे कोई नुकसान भी होता है। इसलिए प्रत्येक लोगों को रक्तदान करना चाहिए। वही सीडब्ल्यूएम ने कहा रक्तदान करके हम किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकते हैं और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए स्पष्ट किया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की दुर्बलता नहीं आती है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक भी हो सकता है। शिविर के सफल संचालन में एसीएमएस डॉ. इंद्रजीत चटर्जी, सिस्टर रचना कुमारी, विजेंद्र सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा स्वास्थ्य कर्मचारी कुणाल कुमार,मनीष कुमार, संजय कुमार यादव, विकास सहित कई उपस्थित थे।

**सिटी हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड से इलाज शुरू : अररिया।** जिला मुख्यालय स्थित सिटी हॉस्पिटल में अब पात्र रोगियों के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान कार्ड से अब बेहतर इलाज हुआ और भी आसान, सुरक्षित और सुलभ। निदेशक हाजी इसराइल ने बताया कि अब यहां भी आयुष्मान कार्ड से पात्र रोगियों का इलाज शुरू हो गया है। ऑपरेशन आधुनिक मशीनों के द्वारा आवश्यकतानुसार होता है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 14-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक 12.05.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम/स्थान:** ''आसनसोल मंडल : निम्नलिखित के संबंध में टेलीकॉम कार्य:(1) डीआरएम कार्यालय, आसनसोल में वाई-फाई सुविधा का प्रावधान और लैन नेटवर्क का विस्तार (2) दुमका में नई क्रू लॉबी का निर्माण''। **निविदा मूल्य:** रु. 78,91,759.03, **बयाना राशि:** रु. 1,57,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 08.06.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/**

ASN-76/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें:** @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## सहयोग शिविर की सफलता को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** आगामी 19 मई को इटहरी पंचायत लगने वाली सहयोग शिविर की सफलता एवं जागरूकता को लेकर बीडीओ डॉ प्रभात रंजन ने पंचायत भवन में बैठक किया। जनप्रतिनिधि के साथ बैठक कर रहे बीडीओ ने कहा 19 मई को आयोजित सहयोग शिविर की सफलता के लिए पंचायत सचिव ने सभी जनप्रतिनिधियों को आवश्यक जानकारी पूर्व में दिए हैं। दरअसल सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार सभी पंचायतों में प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन कर पंचायत स्तर पर लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाना है। इसी कड़ी में प्रखंड के इटहरी पंचायत से इस सहयोग शिविर का शुभारंभ होने जा रहा है। इसलिए सहयोग शिविर के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसकी जानकारी हो इसके लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इधर सहयोग शिविर के लिए विभागीय कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि सभी अपने अपने लंबित एवं निष्पादित मामलों की सूची प्रर्दशित करेंगे ताकि लोगों को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। सहयोग शिविर में फरियादियों को सम्मान बैठने सहित अन्य सभी सुविधाओं की व्यवस्था भी होगी।

## 'दिल की है यही तमन्ना' रोमांटिक गीत 16 को होगा रिलीज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** क्षेत्रीय कलाकारों की प्रतिभा अब बड़े मंचों की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही है। इसी कड़ी में आगामी 16 मई को रोमांटिक गीत 'दिल की है ये तमन्ना' रिलीज होने जा रहा है। यह गीत दर्शकों और श्रोताओं के लिए यूट्यूब पर उपलब्ध होगा। गीत के रिलीज से पहले बुधवार को केक काटकर इसका भव्य प्रोमो लॉन्च किया गया, जिसमें कलाकारों और स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस गीत की सबसे खास बात यह है कि इसके निर्माण से जुड़े सभी लोग स्थानीय प्रतिभाएं हैं। प्रोडक्शन, निर्देशन, अभिनय, गीत लेखन, संगीत और तकनीकी टीम तक में क्षेत्र के युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। यही वजह है कि गीत को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्र के लोग अपने स्थानीय कलाकारों को बड़े मंच और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखने के लिए उत्सुक हैं। प्रमोशन कार्यक्रम के दौरान कलाकारों और टीम सदस्यों ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल सही मंच और अवसर की है। ल्लदिल की है ये तमन्ना के माध्यम से स्थानीय कलाकारों ने अपनी कला को नई पहचान देने का प्रयास किया है। गीत में मुख्य कलाकार के रूप में अमन आर्या एवं राज नंदनी नजर आएंगे। गीत के निर्माता प्रबीण जेसी डंगोल हैं, जबकि निर्देशन की जिम्मेदारी नीतिश कुमार गुंजन ने संभाली है। डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी के रूप में मोंटी एवं पंकज ने कार्य किया है। गीत के बोल प्रिया चौहान द्वारा लिखे गए हैं, वहीं मेकअप की जिम्मेदारी नायरा राज ने निभाई है। स्थानीय युवाओं का कहना है कि इस तरह के प्रयास न केवल क्षेत्रीय प्रतिभाओं को नई पहचान देंगे, बल्कि युवाओं को कला और संगीत के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी करेंगे। गाने को लेकर सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है और लोग 16 मई का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मौके पर उपस्थित कलाकारों में मोहम्मद इशा चंचल, प्रशांत अधिकारी, मनोज सिंह, लोहा सिंह, संजीत कुमार संगम, सुजीत सुमन, सहित कई कलाकारों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।



**T.S.COLLEGE HISUA, BIHAR.**

**INVITING SHORT TENDER NOTICE**

Invited sealed short tenders from the eligible university registered contractors/ of appropriate class of University for the work listed under.

| Sl. No. | Name of works | Estimated cost. | Completion time | Amount of Bank Receipt/Cash for cost of tender documents (Rs) | Amount of Earnest Money 2.0% for issue of tender from (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Class Room 1&2 and Bathroom. | 44,23,500=00 | 6 Months | 5,000=00 | 2% Tender Amount of |
| 2 | Construction of Class Room 3 & 4 and Staircase. | 44,63,600=00 | 6 Months | 5,000=00 | 2% Tender Amount of |

**Time Schedule**

a) Last Date for purchase of tender Documents from Account Section of the College on All working days during office hours 2PM 14-05-26 to 23-05-2026.
b) Submission of tender up to 2 pm in the office, or registered post 30-05-2026.
c) Opening of tender by the college and within as per requirement days from the last. Condition of Contract:-
1 D.D Should be made in the favor of Principal T.S.College Hisua, Bihar.
2 Tender is open only to the eligible and experienced contractors/firms of Appropriate Class Registered with University.
3 The intending tender/contractors should apply in writing for issue of tender documents. The application would invariably be signed by the contractor himself/herself the tender.
4 Undesigned has every right to cancel the tender without assigning any reason.

**Principal T.S.College Hisua, Bihar.**

# फार्मर रजिस्ट्री में औरंगाबाद अव्वल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड अंतर्गत फ़ेसर पंचायत के सोहरैया गांव में फार्मर रजिस्ट्री किसान की डिजिटल पहचान अभियान के तहत संचालित फार्मर आईडी निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य जिले में चल रहे विशेष अभियान की प्रगति का आकलन करना तथा किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिविर स्थल पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों से फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया, तकनीकी व्यवस्था, दस्तावेज सत्यापन एवं किसानों की सहभागिता से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पंजीकरण कार्य की गति एवं गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति हेतु मिशन मोड में कार्य करते हुए फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर डोर-टू-डोर अभियान चलाकर दूरस्थ, वंचित एवं अब तक पंजीकरण से छूटे किसानों तक पहुंच बनाई जाए ताकि कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्री किसान की डिजिटल पहचान अभियान से वंचित न रह सके। उन्होंने पंचायतों में संचालित शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा कार्य में पारदर्शिता एवं दक्षता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। गौरतलब है कि 12 मई से 30 जून 2026 तक जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत किसानों का फार्मर रजिस्ट्री एवं फार्मर आईडी निर्माण कराया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के सभी पात्र किसानों को डिजिटल पहचान प्रदान करना तथा उन्हें कृषि संबंधी योजनाओं एवं सेवाओं से प्रभावी रूप से जोड़ना है। जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों पर कृषि समन्वयक, राजस्व कर्मचारी, किसान सलाहकार एवं आवास सहायक की उपस्थिति में मिशन मोड में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित सभी प्रक्रियाओं का निष्पादन किया जा रहा है। बुधवार को जिले में कुल 878 किसानों का ई-केवाईसी तथा 543 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री सफलतापूर्वक संपन्न किया गया, जिसके आधार पर औरंगाबाद जिला आज पूरे बिहार में प्रथम स्थान पर रहा।

# सफलता की नई उड़ान : लॉर्ड बुद्धा स्कूल के छात्रों ने 12वीं में मारी बाज़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बारहवीं परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि विद्यालय जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। विद्यालय के परीक्षा परिणाम में इस वर्ष कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। मेधावी छात्रों में सिम्मी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सिम्मी के पिता अरविंद तिवारी एवं माता प्रियंका देवी सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद के निवासी हैं। वहीं कोमल भारती ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनके पिता कामेश्वर मेहता एवं माता पूनम देवी जसोईया मोड़, कन्हाई बिगहा, औरंगाबाद के निवासी हैं। इसके अलावा शौर्य मित्तल ने 91 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उनके पिता अमित कुमार अग्रवाल एवं माता रीना अग्रवाल ओबरा, औरंगाबाद के निवासी हैं। विद्यालय के अन्य सफल विद्यार्थियों में नौशीन सदफ (90%), अनीश कुमार (89%), आयुषी कुमारी (89%), अंकिता कुमारी (87%), शिवम कुमार (86%), पियूष कुमार (86%) तथा शिफा फातमा (85%) शामिल हैं। इन छात्रों की उपलब्धियों से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। लॉर्ड बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. धनंजय कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा को सामाजिक उत्तरदायित्व मानते हुए प्रत्येक छात्र की प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास एवं संस्कार निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार ने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि नियमित परीक्षण, विशेष कक्षाओं, कमजोर विद्यार्थियों पर व्यक्तिगत ध्यान और अभिभावकों से सतत संवाद ने इस सफलता की मजबूत नींव रखी है। विद्यालय की आधुनिक शिक्षण प्रणाली, अनुशासित परिसर, अनुभवी शिक्षकों की टीम और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता ही इसकी विशेष पहचान है। यही कारण है कि लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल लगातार जिले के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में अपनी विशिष्ट जगह बनाए हुए है।

# बाइक सवार दो बदमाशों ने लुटे नकद और सोना, जांच में जुटी पुलिस

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के कर्मा रोड स्थित रामराजनगर में ज़ेवर व्यवसाई से लुट का मामला सामने आया है। इस घटना में रामराजनगर स्थित खुशी अलंकार ज्वेलर्स के मालिक से 2 लाख 40 हजार नगद और 90 ग्राम सोने की लुट हुई है। पीड़ित देवेंद्र प्रसाद सोनी ने बताया कि दुकान बंद कर घर जा रहे थे। इसी क्रम में दुकान से 100 मीटर की दूरी पर खड़े एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने अचानक हमला बोल दिया, पैसे और ज़ेवर छिनतई कर अचानक भगाने लगे। विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़ पड़े तब तक बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने घटना का जायज़ा लिया। विदित हो कि आए दिन लगातार शहर में बढ़ती घटनाओं से लोग सहमे हुए है। चोरी और लूट की घटनाओं को रोक पाने में पुलिस असफल साबित हो रही है। सुस्त कार्यप्रणाली के चलते बदमाश नित नए-नए तरीके से अपने मंसूबों को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस मामला दर्ज कर संदिग्धों से पूछताछ का हवाला देती है। बीते एक सप्ताह में शहर के ब्लॉक परिसर, अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज एवं नागा बिगहा स्थित लुट की घटाएं घटित हो चुकी है।

# 12वीं में जवाहर नवोदय विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा में शामिल सभी 41 छात्र सफल घोषित हुए हैं। विद्यालय की छात्रा मनु कुमारी ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं श्रेया गोस्वामी ने 88 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा आश्विक आनंद ने 85.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा मोनाली कुमारी ने 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ तथा गेशु कुमारी ने 76.4 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य रवीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि इस उत्कृष्ट परिणाम के पीछे शिक्षकों और विद्यार्थियों की कठिन मेहनत एवं समर्पण का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षकों ने छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन दिया, जिसके कारण विद्यालय इतना शानदार परिणाम देने में सफल रहा। प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। बता दें कि इस वर्ष 10वीं परीक्षा में भी विद्यालय के शत-प्रतिशत छात्रों ने परिणाम हासिल किया था। लगातार मिल रही सफलता के कारण विद्यालय परिसर में उत्सव और खुशी का माहौल बना हुआ है।

# प्राथमिकता के आधार पर सुनी जाएगी जनता की समस्याएं : अम्बरीष राहुल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगा पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने आमजनों की शिकायतें सुनी गई। विभिन्न थाना क्षेत्रों से आये लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर पुलिस अधीक्षक से गुहार लगायी। इस दौरान आपसी विवाद, जमीनी विवाद, आरोपियों की गिरफ्तारी एवं प्रताड़ना से संबंधित मामलों को लेकर लोगों ने मदद की गुहार लगायी। पुलिस अधीक्षक ने सबों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए दर्जन भर मामलों का आन स्पाट निष्पादन किया शेष मामलों को संबंधित थाने की पुलिस को त्वरित निष्पादन के आदेश के साथ हस्तगत कराया। जनता दरबार के दौरान पुलिस अधीक्षक की ओर से लोगों को आश्वस्त किया गया कि उनकी शिकायतों पर निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई की जाएगी, ताकि आमजन का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास और मजबूत हो सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

# साइकिल से कोर्ट पहुंचे प्रधान जिला जज

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय में बुधवार को तब एक अलग और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला जब प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार साइकिल से न्यायालय पहुंचे। उनका यह कदम सादगी, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के रूप में देखा जा रहा है। न्यायिक व्यवस्था से जुड़े इस प्रकार के व्यवहार ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। प्रधान जिला जज बुधवार की सुबह करीब सात बजे अपने आवास दानी बिगहा से साइकिल पर सवार होकर न्यायालय के लिए निकले। उनके साथ दो अंगरक्षक भी साइकिल पर मौजूद थे। उन्होंने लगभग दो किलोमीटर की दूरी तय कर व्यवहार न्यायालय परिसर तक पहुंचकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इस दौरान न्यायालय के नाजिर आत्मानंद राय और कुछ अन्य कर्मचारी भी उनके साथ साइकिल पर सवार होकर कोर्ट पहुंचे। यह दृश्य शहर में चर्चा का विषय बन गया और लोगों ने इसे एक सकारात्मक संदेश के रूप में देखा। उनके इस कदम को देखकर वहां मौजूद लोग भी प्रेरित हुए और कई कर्मचारियों ने इसे एक सकारात्मक पहल बताया।

# साइबर पुलिस ने रिकवर किए 42 हज़ार रूपये

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में कुल 47 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 24 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में 6, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 6 तथा अन्य मामलों में 35 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इसके अलावा 42 हजार रूपये रिकवर किए गए है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

